निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार, 29 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 73 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1748 : ब्रिटिश सेना की पहली सैन्य टुकड़ी भारत पहुंची।
1949 : ब्रिटिश ब्रॉड कास्टिंग कॉर्पोरेशन रेडियो पर प्रसारण शुरू।
1957 : यूएन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का गठन किया।
1981 : लंदन के सेंट पॉल कैथेड्रल में प्रिंस चार्ल्स और डायना की शादी।
1983 : पहले चालक रहित विमान का परीक्षण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री को धमकी देनेवाला गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने और 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को धनबाद जिले के झरिया क्षेत्र से पकड़ा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उसने मंत्री को कई बार कॉल और मैसेज के माध्यम से धमकियां दी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही रांची पुलिस ने सक्रियता दिखाई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर साइबर सेल की मदद से उसकी पहचान कर उसे झरिया से दबोच लिया।

### युवक पर गिरा बिजली का तार, मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के तरगडवा पंचायत के मुरार गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे खेत में काम कर रहे 25 वर्षीय धनंजय यादव पर 440 वोल्ट का बिजली का तार गिर गया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बिजली का झटका इतना तेज था कि वह तुरंत अचेत हो गया। ग्रामीणों की मदद से धनंजय को चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉ. अविनाश ने प्रारंभिक जांच के बाद उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल आजाद रोड कॉलोनी में 25 वर्षीय युवक ने साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से आसपास के इलाके में शोक की लहर फैल गई। मृतक की पहचान रमेश गंझू के रूप में हुई है। वह अपने पिता हरि गंझू के साथ रहता था। बीती रात लगभग 12:05 बजे रमेश घर लौटकर अपने कमरे में सोने चला गया था। उसके पिता सीसीएल कर्मी हैं। वे रात्रि पाली की ड्यूटी पर उरीमारी परियोजना चले गए थे।

### करंट लगने से युवक की मौत

**देवघर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। मोहनपुर के कोटन गांव निवासी 40 वर्षीय पिंकू दास की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बारिश के कारण पिंकू दास के घर में पानी घुस गया था। इसके बाद वह अपने घर की अल्बेस्टर की छत ठीक करने के लिए चढ़े थे। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार से वह सट गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### सड़क हादसे में पेट्रोल पंप संचालक की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के एनएच 33 हजारीबाग-रामगढ़ पथ पर स्थित मुकुंदगंज चौक के पास डेमोटांड शक्ति ऑटो मोबाइल्स पेट्रोल पंप और शहर स्थित कारगिल पेट्रोल पंप संचालक शिव शंकर रविवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में उनकी मौत हो गयी।

# परीक्षा के एक माह के भीतर रिजल्ट देना जरूरी : राज्यपाल

## राज्यपाल-सह-कुलाधिपति ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को राज भवन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस क्रम में राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कई निर्देश दिए गए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समयबद्ध परीक्षा आयोजन, परिणाम प्रकाशन एवं शैक्षणिक कैलेंडर के कठोर अनुपालन को सुनिश्चित करना होगा। परीक्षा समाप्ति के एक माह के भीतर परिणाम घोषित कर देना अनिवार्य हो। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय को समयबद्ध दीक्षा समारोह आयोजित करने का निर्देश भी दिया। राज्य में सकल नामांकन अनुपात वर्तमान में राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम है। इसके लिए विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में नामांकन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि कुलपति केवल प्रशासक नहीं, बल्कि शैक्षणिक नेतृत्वकर्ता होते हैं। उनके दृष्टिकोण और प्रयास राज्य की उच्च शिक्षा को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने पीएचडी शोध की गुणवत्ता, मौलिकता एवं नवाचार पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षकों की कक्षा न लेने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, ये गंभीर विषय है। सभी शिक्षक नियमित रूप से कक्षाएं लें और कुलपति स्वयं भी कक्षा लेकर प्रेरणा का कार्य करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों से रैंकिंग में सुधार हेतु ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। उन्हों कहा कि अब समस्या नहीं, समाधान पर चर्चा करें और झारखंड को उच्च शिक्षा में देश के अग्रणी राज्यों में स्थान दिलाएं। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए सभी विश्वविद्यालयों को समय पर वित्तीय अंकेक्षण कर उसकी प्रति राज भवन को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में क्रय-विक्रय एवं प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के प्रति पूर्ण जीरो टोलरेंस अपनाने की बात कही गई। राज्यपाल ने बैठक में निदेश दिया कि विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल



औपचारिकता तक सीमित रहकर प्रभावी रूप में क्रियाशील बनाया जाए। छात्रावास, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा गार्ड और एंटी-रैगिंग सेल की सक्रियता अनिवार्य हो। खराब सीसीटीवी को बदला जाए और उनके सुचारू संचालन हेतु वार्षिक रख रखाव करें। राज्यपाल ने स्किल डेवलपमेंट, बेहतर इंटर्नशिप और उद्योगों से साझेदारी बढ़ाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने ऑनलाइन फीडबैक प्रणाली लागू कर विद्यार्थियों से नियमित प्रतिक्रिया लेने की बात भी कही। रिक्त पदों की नियुक्तियों पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के रिक्त पदों की नियुक्तियों में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार से आग्रह किया गया है। आवश्यकता आधारित शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं किया जाना चाहिए, जो जहां के लिए नियुक्त हुए हैं, वहीं रहेंगे। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि कुछ स्थानों पर महाविद्यालय तो हैं लेकिन विद्यार्थी नामांकन नहीं ले रहे हैं। इस पर राज्यपाल ने निदेश दिया कि कुलपति स्वयं वहां जाकर माहौल बनाएं और जन-प्रतिनिधियों का सहयोग लें। उन्होंने मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि इसमें कोई शिथिलता नहीं होनी चाहिए, पात्र विद्यार्थियों को इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस अवसर पर यह कहा गया कि स्व पोषितयोजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में यदि विद्यार्थियों की रुचि नहीं है, तो उन्हें बंद कर देना चाहिए। राज्यपाल ने निदेशित किया कि विश्वविद्यालयों में 'एक व्यक्ति-एक पद' का सिद्धांत अपनाया जाए। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मियों को हर माह की 5 तारीख तक पेंशन हर हाल में मिल जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि न्यायालय में दशकों से विश्वविद्यालय से संबंधित वाद लंबित है, अधिवक्ता केस लेकर बैठे हैं। लंबित न्यायिक मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने हेतु गैर-क्रियाशील अधिवक्ताओं को बदलना नितांत आवश्यक है। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों से अपेक्षा की कि उनके पास एक स्पष्ट विजन डॉक्यूमेंट और मास्टरप्लान होना चाहिए। बैठक में यह भी कहा गया कि निर्माणाधीन भवनों के अनुश्रवण हेतु कमेटी गठित की जाए। साथ ही, यह भी कहा गया कि जर्जर भवनों भवनों के उपयोग से बचें, ताकि कोई दुर्घटना न हो। इसके पुनर्निमाण हेतु उच्च शिक्षा विभाग को सूचित करें। राज्यपाल ने कुलपतियों से आह्वान किया कि वे दूरदर्शिता, सक्रियता और विवेकपूर्ण निर्णयों के माध्यम से झारखंड की उच्च शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लगभग तीन माह बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें इन कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। वे स्वयं उच्च शिक्षा में सुधार हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। जब भी उनकी सहायता की आवश्यकता हो, कुलपति निःसंकोच संपर्क करें। उन्हें विश्वास है कि यदि सभी कुलपति, विश्वविद्यालय पदाधिकारी और शिक्षाविद साथ मिलकर कार्य करें, तो झारखंड को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# अलग-अलग स्थानों से दो युवकों का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर के अलग-अलग स्थानों से दो युवकों का शव बरामद किया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। परिजनों ने युवकों की हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुट गई है। दरअसल जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सोपोडेरा स्थित कुर्मी टोला आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल के कैंपस से 22 वर्षीय नितेश रजक नामक युवक का शव बरामद किया गया है। उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। घटनास्थल पर युवक के शव के साथ मोबाइल भी बरामद हुआ है। उसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस से मिली



जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले नितेश के घर वालों ने नशा और चोरी करने के कारण नितेश को घर से निकाल दिया था। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल परिसर में नशेड़ी अड्डाबाजी करते हैं। मामले में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर घटना की जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना शहर के मानगो इलाके के उलीडीह थाना क्षेत्र की है। यहां शंकोसाई रोड नंबर 1 के पास दिलीप महतो नामक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक के परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। परिजनों का कहना है कि दिलीप रविवार देर रात मंदिर सजाने के नाम पर घर से निकला था लेकिन सुबह उसका शव बरामद हुआ है। परिजनों ने आशंका जताई है कि दिलीप की पीठ पर भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या की गई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामले में डीएसपी भोला प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा की दिलीप की मौत कैसे हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नहर से बरामद हुआ रस्सी से बंधा शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बैंक रोड निवासी 21 वर्षीय छोटू मेहता का शव बिहार के औरंगाबाद जिले में नहर से बरामद हुआ है। छोटू बुधवार शाम से लापता था। परिजनों की खोजबीन के बाद शुक्रवार को हैदरनगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रविवार शाम को बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से एक अज्ञात शव की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इस तस्वीर को देखकर छोटू के परिजनों ने उसकी पहचान की। नबीनगर पुलिस ने शुक्रवार को बारा फाटक के पास नहर से यह शव बरामद किया था। शव को रस्सी से बांधकर नहर में फेंका गया था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को औरंगाबाद के सदर अस्पताल में सुरक्षित रखा गया था। सोमवार सुबह छोटू के परिजन औरंगाबाद पहुंचकर शव की शिनाख्त की। परिजनों का आरोप है कि बुधवार शाम को हैदरनगर का एक स्थानीय युवक छोटू को घर से बुलाकर ले गया था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। हैदरनगर पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शव रस्सी से बंधा होने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है। नबीनगर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करके शव परिजनों के हवाले कर दिया है। हैदरनगर थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और जल्द ही इसका खुलासा कर लिया जाएगा।

# सरकारी क्लर्क के घर एसीबी की रेड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले में एक बार फिर एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की रेड पड़ी है। इस बार एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक सरकारी क्लर्क के विरुद्ध कारवाई की है। सरकारी क्लर्क प्रदीप गोस्वामी के घर आज सोमवार की सुबह से एसीबी की टीम छापेमारी कर रही है। एसीबी के अधिकारी अभी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार की सुबह पांच गाड़ियों से एसीबी की टीम पंजाबी मुहल्ला स्थित प्रदीप के घर पर पहुंची। यहां आते ही टीम ने प्रदीप के घर को चारों ओर से घेर लिया। सुबह से ही प्रदीप के घर छापेमारी जारी है।



प्रदीप दास पहले जिला स्थापना शाखा में पदस्थापित थे। इसके बाद इनका स्थानांतरण पीरटांड प्रखंड कार्यालय में हो गया है। प्रदीप के खिलाफ पूर्व में भी आय से अधिक संपत्ति के मामले पर शिकायत दर्ज हुई है। गिरिडीह के सुनील लहरी ने यह शिकायत दर्ज करवायी थी।

# भटिंडा फॉल में हादसा टला, गोताखोरों ने तीन को बचाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** दुर्गापुर से घूमने आया एक परिवार धनबाद स्थित मुनीडीह के भटिंडा फॉल की तेज धार में बह गया। पिता, पुत्र और बहू तीनों बहते हुए काफी दूर तक चले गए। हालांकि पास में ही मौजूद गोताखोरों की टीम जान जोखिम में डालकर तीनों को बचा लिया। परिवार कार से यहां पहुंचा। कार को पार्क कर तीनों झरने के करीब पहुंचे। सुरक्षा घेरे को पार कर आगे बढ़ गए। खूबसूरत नजारों का आनंद उठाते हुए फोटो सेल्फी लेने लगे। उसी दौरान युवक का पैर फिसला और वह पानी में बहने लगा। बचाने के लिए उसकी पत्नी आगे बढ़ी लेकिन वह भी तेज धार में आकर बहने लगी। हादसे के बाद सोमवार को विनोद बिहारी स्मारक समिति ने भठिंडा फॉल के आसपास रस्सी और ड्रम की मदद से घेराव किया।



हादसे के बाद सोमवार को विनोद बिहारी स्मारक समिति ने भठिंडा फॉल के आसपास रस्सी और ड्रम की मदद से घेराव किया। यह देख युवक के पिता और कार के चालक ने दोनों को बचाने की कोशिश की लेकिन वे दोनों भी फिसल गए। चालक ने तुरंत ही खुद को संभाल लिया लेकिन बाकी तीनों झरने के पास से बहते हुए गहरे पानी में चले गए। चाल और वहां मौजूद अन्य लोग मदद के लिए शोर मचाने लगे। वाहन पार्किंग के पास मौजूद गोताखोर लखीराम बाउरी, मनोरंजन बाउरी और नीतीश भागते हुए पानी में कूद पड़े। युवक के पिता 100 मीटर बहने के बाद खुद से ही किनारे लग गए। उनकी पुत्रवधु को गोताखोरों ने करीब 200 मीटर आगे पानी से निकाला। उससे 100 मीटर आगे युवक को भी बचा लिया। तीनों को बदहवास हाल में ऊपर लाया गया। वहां वे करीब 15 मिनट तक हैरान-परेशान बैठे रहे। सांसें सामान्य होने के बाद वे चालक के साथ कार से चले गए। फॉल के पास समिति की ओर से कुछ रस्सी और ट्यूब का भी इंतजाम किया गया है ताकि आपात स्थिति में किसी डूबते को बचाया जा सके। दुर्गापुर का परिवार जब पानी में बहने लगा तो कई लोग मोबाइल से वीडियो बनाने में लगे रहे। लोगों ने मदद के लिए शोर तो मचाया पर किसी को रस्सी और ट्यूब फेंकने का ध्यान नहीं रहा।

# ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लिडवास में सेना ने सोमवार को तीन पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया है। इसकी जानकारी इंडियन आर्मी की चिनार कॉर्प्स ने दी है। सेना ने बताया कि ऑपरेशन महादेव के तहत यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी हाशिम मूसा भी शामिल है। हालांकि सेना ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। भारतीय सेना मंगलवार को ऑपरेशन महादेव पर जानकारी दे सकती है। आतंकियों के पास से अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल ग्रेनेड मिले हैं। इनके अलावा और भी कई संदिग्ध सामान बरामद हुए हैं। आर्मी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकियों की पहचान करने की कोशिश जारी है।

# सावन की तीसरी सोमवारी पर उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर में सावन की तीसरी सोमवारी पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बाबा बैद्यनाथ की नगरी सोमवार तड़के से ही 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठी। अहले सुबह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर तक पहुंचने के लिए 8 किलोमीटर लंबी कतार में खड़ी दिखी। कांवरियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। सोमवार की सुबह 3:00 बजे बाबा बैद्यनाथ मंदिर के कपाट खोले गए। परंपरागत सरदारी पूजा के बाद सुबह 4:00 बजे से आम कांवरियों के लिए जलार्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। बाबा के भक्तों द्वारा अरघा के माध्यम से जल चढ़ाया जा रहा है। मंदिर प्रशासन ने इस बार बाह्य अरघा की भी व्यवस्था




की है जिससे जो श्रद्धालु लंबी कतार में नहीं लग सकते, वे मंदिर प्रांगण में ही जलार्पण कर पा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में विशाल एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं जिनमें बाबा बैद्यनाथ मंदिर की गतिविधियों का सीधा प्रसारण हो रहा है। इससे श्रद्धालु दर्शन का लाभ आसानी से ले पा रहे हैं। देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि आज करीब 3.50 लाख श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ पर जल चढ़ाएं। उनकी सुविधाओं और सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। रूट लाइन की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए बी.एड कॉलेज में बड़े-बड़े डोम पंडाल लगाए गए हैं। देर रात से कतार में लगे कांवरियों को वहीं आराम करने और शेड की सुविधा दी जा रही है। इससे वे आसानी से अपनी बारी का इंतजार कर पा रहे हैं। बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पुरोहितों ने बताया कि आज का दिन धार्मिक दृष्टि से बेहद खास है। सावन के सोमवार के साथ-साथ चतुर्थी तिथि भी पड़ने से इसका महत्व और बढ़ गया है। इस अवसर पर गंगाजल और बेलपत्र से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से भक्तों को मनचाहा फल प्राप्त होता है।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## नीतीश की चुनाव से पूर्व एक और सौगात

# वैशाली में बुद्ध संग्रहालय के लोकार्पण में 15 देशों के बौद्ध जुटेंगे



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सीतामढ़ी में माता सीता के भव्य मंदिर का निर्माण सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में शुरू हो जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने दो दिन पूर्व सीतामढ़ी जाकर स्थल का जायजा लिया। अब वैशाली में भगवान बुद्ध संग्रहालय सह स्मृति पार्क की सौगात बिहार की जनता को मिलने जा रही है। 29 जुलाई मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार इसका लोकार्पण करेंगे। सीएम ने एपने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

सोमवार को सीएम ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप, वैशाली का 29 जुलाई 2025 को लोकार्पण होने जा रहा है। इस लोकार्पण समारोह में दुनिया भर के करीब 15 देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और बौद्ध भिक्षु बिहार आ रहे हैं। यह हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव का क्षण होगा। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण किया ताकि निर्माण कार्य विशिष्ट ढंग से जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। 72 एकड़ भूमि पर इस भव्य स्तूप का निर्माण राजस्थान के गुलाबी पत्थरों से किया गया है। इस परिसर का स्वरूप पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी काफी अच्छा बनाया गया है ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभूति हो। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के प्रथम तल पर भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो स्मारक का प्रमुख केंद्र बिंदु होगा। भगवान बुद्ध का अस्थि अवशेष 6 जगहों से प्राप्त हुआ जिसमें वैशाली के मड स्तूप से जो अस्थि अवशेष मिले वह सबसे प्रामाणिक है जिसका जिक्र चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है।

वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है, जिसने दुनिया को पहला गणतंत्र दिया। यह नारी सशक्तीकरण की भी भूमि रही है। बौद्ध धर्मावलंबियों के संघ में पहली बार यहां महिलाओं को शामिल किया गया। यह स्तूप बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और वैश्विक बौद्ध विरासत का भव्य प्रतीक है। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप न केवल वैशाली को वैश्विक बौद्ध मानचित्र पर प्रतिष्ठित करेगा बल्कि पर्यटन, संस्कृति और रोजगार को भी नई दिशा देगा।



## शेखपुरा में उत्पाद कार्यालय की महिला कर्मी ने खाया जहर

**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा के जिला मुख्यालय स्थित उत्पाद कार्यालय में तैनात 24 वर्षीय महिला कर्मी ने विषपान कर आत्महत्या का प्रयास किया। बीती रात्रि उत्पाद दरोगा प्रीति कुमारी और अन्य कर्मियों की सहायता से उसे सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया। पीड़िता की पहचान एमटीएस नेहा कुमारी के रूप में हुई है। वह लखीसराय की रहने वाली है और पिछले तीन सालों से उत्पाद कार्यालय में कार्यरत थी। उसकी हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया है।

**शादी नहीं करना चाहती थी** घटना की सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। उत्पाद अधीक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि युवती ने पारिवारिक कलह के कारण विषपान किया। उन्होंने बताया कि युवती की शादी किसी लड़के के साथ तय हुई थी और कुछ दिन पहले इंगेजमेंट भी हो चुका था। लेकिन युवती उस लड़के से शादी नहीं करना चाहती थी। उत्पाद अधीक्षक ने यह भी बताया कि लगातार कार्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण 16 जुलाई को ही उसे वैष्णवी आउटसोर्स कंपनी को वापस कर दिया गया था। युवती मकदुमपुर मुहल्ले में एक किराए के मकान में अकेली रहती थी। वहीं उसने विषपान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल से निकलते ही साले के सीने में मार दिया चाकू

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** तुर्की थाना क्षेत्र के सुमेरा गांव में मो.शाहनवाज के सीने पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना शनिवार की देर शाम की है। जख्मी को उठाकार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने चाकू मारने का आरोप अपने जीजा पर लगाया है। वही जख्मी के पिता मोहम्मद रकीबुल ने बताया कि उनके दामाद का अपने गांव के परोस के ही एक लड़की से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी मामले में वह बीते दिनों जेल भेजा गया था। हाल ही में वह जेल से छूटने के बाद वापस अपने घर आया है। उसको इस बात का शक था कि हम लोगों के कारण ही वह जेल गया था। इसी बात का बदला लेने के लिए वह उनके बेटे पर अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया है। हमला करने के बाद वह मौके से फरार हो गया। जिसके बाद गंभीर रूप से हमले में घायल मोहम्मद शाहनवाज को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति में उसका इलाज चल रहा है। वही मामले की सूचना मिलते ही तुर्की थाना के पुलिस अब मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर, तुर्की थानेदार राहुल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच की जा रही है।

### बीएसएपी छह में जवानों का हुआ हेल्थ चेकअप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मालीघाट स्थित बिहार सशस्त्र आर्मड पुलिस-छह के परिसर में रविवार को विशेष हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया। यहां डॉ. एके दास और डॉ. ज्योति कुमारी ने पदाधिकारी और जवानों की जांच की। इस दौरान बीएसएपी छह के कमांडेंट रमाशंकर राय ने बताया कि हेल्थ कैंप का आयोजन नियमित समय पर किया जाता है। पदाधिकारियों और जवानों की जांच जरूरी होती है। जिससे उनके कार्य क्षमता को बनाये रखता है। इस दौरान बीपी, शुगर जैसे बीमारियों की जांच की गयी। वह मेडिकल कैंप में खुद भी मौजूद थे। बताया कि जांच शिविर में शत प्रतिशित जवान व पदाधिकारी फिट मिले है।

### कमाई का 30 फीसदी हिस्सा बच्चों की पढ़ाई पर करें खर्च

**गया, एजेंसी।** टिकारी में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का आयोजन किया गया। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में झारखंड माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव ने प्रजापति समाज के लोगों को संगठित होकर एकजुटता लाने का आह्वाहन किया। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत दिखाने को एकता का होना जरूरी बताया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बल देते हुए बेटियों को शिक्षित करने का आह्वान किया। बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा व राजनीति से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। जेजे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र प्रजापति न कहा कि, ताकत डंडा चलाने से नहीं बल्कि कलम चलाने से होता है। हर किसी को अपनी कमाई का तीस फीसदी हिस्सा बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करनी चाहिए। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक रामगोविंद प्रजापति, प्रदेश महामंत्री पिंटू गुरुजी, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार अजय, नंदलाल पंडित, सुजीत कुमार, मंटू आदि मौजूद रहें। रामाशीष प्रजापति पुनः चुने गये प्रखंड अध्यक्ष समारोह के अंत में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की टिकारी शाखा का चुनाव कराया गया। चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष रामाशीष प्रजापति को पुनः सर्वसम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। वहीं जितेंद्र पंडित को सचिव, राजाराम पंडित को उपाध्यक्ष, संजय कुमार को कोषाध्यक्ष व रामकृष्ण पंडित को उप सचिव का दायित्व दिया गया।

## पटना के होटल में आग, खिड़कियों से कूदे लोग:15 लोगों का रेस्क्यू



**पटना, एजेंसी।** पटना के कोतवाली इलाके के डाकबंगला इलाके में मेफेयर होटल में सोमवार की रात आग लग गई। 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। होटल के अंदर मौजूद 15 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बताया गया कि जिस वक्त आग लगी, उस वक्त होटल के अंदर 25 से 30 लोग मौजूद थे। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची। इसके बाद एंबुलेंस भी मंगाई गई है। 5 लोगों को PMCH में भर्ती कराया गया है। वहीं, जान बचाने के लिए होटल के कमरे की खिड़की से 3 लोगों ने छलांग लगा दी थी। हालांकि सभी लोग सुरक्षित हैं। कोतवाली लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि 5 लोगों को पीएमसीएच में रेस्क्यू कर के भेज गया है। एक व्यक्ति को गंभीर रूप से कमर में चोट आई है। उन्होंने होटल के कमरे से छलांग लगा दी थी। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

**2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू :** जिस वक्त आग लगी उस वक्त काफी तेज बारिश हो रही थी। कोतवाली पुलिस की गश्ती गाड़ी वहां से गुजर रही थी। जैसे गश्ती गाड़ी पर मौजूद पदाधिकारी ने देखा कि आग लगी है, उन्होंने फौरन फायर और कोतवाली इंस्पेक्टर राजन कुमार को सूचना दी। फिर मौके पर तब तक अग्निशमन की गाड़ी पहुंच गई। लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद, जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज नट, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजित कुमार, कोतवाली इंस्पेक्टर राजन कुमार, गश्ती पदाधिकारी ज्योति बसु ने खुद रेस्क्यू शुरू कर दिया। तब तक तीन लोगों ने आग की लपट देखकर कमरे से छलांग लगा दी।

**15 लोग फंसे थे जिनको निकाला गया है :** जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज नट ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। लगभग 2 घंटे का समय लगा। आग की लपटें इतनी तेज थी कि पास वाली बिल्डिंग भी खाली करानी पड़ी। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। जांच कराई जा रही है। अभी मौत की पुष्टि नहीं हुई है, कुछ लोगों के छलांग लगाने के बारे में जानकारी मिली है। कुल 15 लोग फंसे थे। जिनका रेस्क्यू किया गया है। होटल कर्मी नवनाथ मिश्रा ने बताया कि मीटर रूम नीचे है, वहीं से आग लगी थी। 15-10 लोग फंसे थे, जो निकल गए हैं। रात में 12 लोग ठहरे थे। जिस वक्त आग लगी सब बाहर भगाने लगे।

## सौतन बोली– मुझे मरवाना चाहती है, मोबाइल भी छीन लिया, पूर्व मंत्री ने बताया साजिश

## बीमा भारती पर धमकी देने और मारपीट का आरोप



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के रुपौली से पूर्व विधायक और राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष बीमा भारती पर मारपीट का आरोप लगा है। उनके पति अवधेश मंडल की दूसरी पत्नी गुड़िया मंडल ने जान से मारने की धमकी देने, मारपीट और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। इस संबंध में भवानीपुर थाने में आवेदन दिया है। वहीं, बीमा भारती ने आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है। इसे साजिश बताया है। थाना को दिए आवेदन में गुड़िया मंडल ने कहा, शनिवार शाम बीमा भारती अपने सहयोगियों के साथ भवानीपुर वार्ड 9 स्थित आवास पर पहुंची। मुझसे थार की चाभी मांगने लगी। इस पर मैंने कहा कि चाभी तो पति अवधेश मंडल के पास है। आप उनसे मांग लीजिए। इतना सुनते ही मुझे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगी। अपने सियासी रसूख की धमकी देते हुए जान से मरवाने की धमकी दी। बीमा भारती के सहयोगी संजय कुमार, पंकज कुमार और बिजली कुमार ने हाथ पकड़कर जबरदस्ती मेरा मोबाइल छीन लिया।

**जान से मारने की धमकी :** गुड़िया मंडल ने आगे कहा, इससे पहले भी बीमा भारती ने मारपीट की थी। जान से मारने की धमकी भी दे चुकी है। इसके बाद मेरे सहयोगी अशोक शर्मा की बेटी गुड़िया शर्मा की चप्पल से पिटाई कर दी। उसे इस घर में आने से मना करा दिया। धमकी देते हुए कहा कि अगर यहां आओगी तो जान से मरवा देगी।

गुड़िया शर्मा ने कहा, बीमा भारती और उनके सहयोगियों ने अभद्र व्यवहार किया है। पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। ये काम रामचंद्र मंडल के इशारे पर किया गया है। रामचंद्र मंडल की गतिविधि आपराधिक है। जिसकी जांच होनी चाहिए।

**साजिश का लगाया आरोप :** वहीं, इस मामले पर अपना पक्ष रखते हुए बीमा भारती ने कहा, शनिवार को अपने घर पर थार लेने आई थी। उस समय भवानीपुर थाना के एसआई मनोज कुमार भी दल बल के साथ मौके पर मौजूद थे। मेरे ऊपर लगाए गए आरोप पूरी तरह वे बुनियाद है। फंसाने की साजिश है। साजिश के तहत मेरे खिलाफ आवेदन दिया गया है।

## पौधों की सेवा और रक्षा मां की तरह करें : थानाध्यक्ष

**गया, एजेंसी।** फतेहपुर प्रखंड के कांटी मध्य विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार को वन विभाग के सौजन्य से 76 वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को लेकर स्कूल परिसर में एक सौ फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही उसके संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि फतेहपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन की अति महत्वपूर्ण व प्रमुख जीवनदायनी है। इसके बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए सभी अपनी मां की तरह पेड़-पौधों की सेवा व रक्षा करें। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव का उद्देश्य पौधरोपण और वनस्पति वृक्षों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसके लिए हरेक व्यक्ति कम से पांच पौधे लगाएं। गुरपा वन प्रक्षेत्र के रेंजर ऑफिसर रजनीश कुमार ने वन महोत्सव के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पौधरोपण और वनस्पति वृक्षों के संरक्षण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। वन महोत्सव के माध्यम से लोगों में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई जाती है।

## जूनियर डॉ की मौत के बाद प्रशासन का फैसला

## पटना एम्स में डॉक्टरों की ड्यूटी का नया रोस्टर जारी: 36 के बजाय 8 घंटे की होगी शिफ्ट

**पटना, एजेंसी।** पटना एम्स के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने डॉक्टरों के लिए नया ड्यूटी रोस्टर जारी किया है। अब जूनियर डॉक्टरों को 36 घंटे की लंबी शिफ्ट के बजाय सिर्फ 8 घंटे की ड्यूटी करनी होगी। यह बदलाव एम्स के एमएस प्रथम वर्ष के डॉक्टर यदुवंश साहू की दुखद मौत के बाद छात्रों की मांग पर किया गया है। नए रोस्टर के अनुसार, डॉक्टरों की ड्यूटी सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। विभाग की प्रमुख डॉक्टर मुक्त अग्रवाल के तैयार किए गए इस रोस्टर में ओपीडी वार्ड, इलेक्ट्रिक ओटी, माइनर ओटी और लेबर रूम के लिए अलग-अलग डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। ओपीडी में डॉक्टर पूजा, डॉक्टर प्रीति, डॉक्टर




दिव्या, डॉक्टर सुशील और डॉक्टर निधि को तैनात किया गया है।वार्ड में डॉक्टर वरसानी, डॉक्टर एलीना, डॉक्टर पूर्णिमा, डॉक्टर गरिमा और डॉक्टर प्रिया की ड्यूटी लगाई गई है। इलेक्ट्रिक ओटी में डॉक्टर सुप्रिया, डॉक्टर किशोरी, डॉक्टर प्रगति, डॉक्टर आकांक्षा और डॉक्टर निकिता नव्या को नियुक्त किया गया है। माइनर ओटी के लिए डॉक्टर मुस्कान और डॉक्टर इरम को जिम्मेदारी दी गई है। लेबर रूम के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। टीम ए में डॉक्टर रणवीर, डॉक्टर एनम और डॉक्टर चीचीव शामिल हैं। टीम बी में डॉक्टर अंजली, डॉक्टर हीरा और डॉक्टर मोनिका हैं। टीम सी में डॉक्टर आकांक्षा, डॉक्टर लादिया और डॉक्टर सेजल को रखा गया है।

### एक टीम छुट्टी पर रहेगी

इस व्यवस्था के तहत, अगर टीम ए को सुबह की शिफ्ट और टीम बी को रात की शिफ्ट मिलती है, तो टीम सी को उस दिन छुट्टी दी जाएगी। यह नया रोस्टर जूनियर डॉक्टरों के कार्य के बोझ को कम करने और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। कई मेडिकल छात्रों एवं जूनियर डॉक्टरों का यह मानना है कि यह रोस्टर तो बनाया गया है लेकिन रोस्टर का इंप्लीमेंट लगातार होनी चाहिए।

**जूनियर डॉ के सुसाइड के बाद पहली बार जारी हुआ रोस्टर :** दरअसल, 19 जुलाई को उड़ीसा के जूनियर डॉक्टर यदुवेंदु साहू ने 36-36 घंटे ड्यूटी और मानसिक रूप से परेशान होकर एम्स के छात्रावास में आत्महत्या कर ली थी। उनकी मौत के बाद पटना एम्स के जूनियर डॉक्टर और मेडिकल छात्रों द्वारा लगातार एम्स प्रशासन से यह शिकायत करती रही है कि उनसे 36-36 घंटे ड्यूटी ली जाती है। 2 से 3 घंटे ही आराम का मौका मिलता है। मेडिकल छात्रों की शिकायत के बाद एम्स प्रशासन ने जूनियर डॉक्टरों के ड्यूटी का रोस्टर जारी किया है।

# जाम में फंसे तेजप्रताप ने बनाया लाइव ब्लॉग:फैन फॉलोअर्स ने घेरा

## कहा- जैसे ही मेरे बारे में पता चला, लोगों का हुजूम मेरी तरफ दौड़ा

**पटना, एजेंसी।** तेज प्रताप यादव ने सोमवार की देर रात 11 बजे अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो ब्लॉग जारी किया है, जिसमें वह गाड़ी में बैठे हैं। उनकी गाड़ी के चारों ओर सैकड़ों की संख्या में लोग खड़े हैं, उनका वीडियो बना रहे और अभिवादन कर रहे हैं। तेज प्रताप वीडियो ब्लॉग में लोगों को कैमरा से दिखाते हुए कह रहे हैं कि देखिए आप देख रहे हैं टीम तेज प्रताप यादव और यह है हमारे फैन फॉलोअर्स। इसके बाद वह बाहर निकल आए और कहते हैं कि अब हम आपको फैन का क्रेजीनेस दिखाएंगे। सभी लोग तेजू भैया जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिख रहे है।

गोरौल के जाम में फंसे तेज प्रताप जिस दौरान लोग पहुंचे मिलने उन्होंने लोगों से पूछा कि आप लोग कहां से हैं तो लोगों ने बताया कि हम महुआ विधानसभा से है। फिर उन्होंने कहा कि महुआ में इस बार जिताना है ना हमको। अपने कैमरे के सेल्फी मोड में वह भीड़ को दिखा रहे हैं। लाइव ब्लॉक में उन्होंने यह भी बताया कि वह गोरौल में जाम में फंसे हुए हैं। जैसे ही लोगों को पता चला कि हम यहां फंसे हुए हैं लोगों का हुजूम मेरे तरफ दौड़ कर पहुंच गया। एक तरफ से कांवरिया लोग जा रहे हैं दूसरी तरफ जाम लगी हुई है। यह सभी फैन फॉलोअर्स है मेरे।

### तेज प्रताप का वीडियो तेजी से हो रहा वायरल

तेज प्रताप यादव के इस वीडियो को लाखों व्यूज मिले हैं और हजारों कमेंट्स आए हैं जिसमें लोगों ने तेज प्रताप यादव का स्वागत किया है। कई लोगों ने वेलकम बैक तेजू भैया लिखा है। बता दे की तेज प्रताप यादव आज कल खूब एक्टिव हो गए हैं और अपनी नई टीम तेज प्रताप यादव की घोषणा की है। तेज प्रताप यादव हर टोपी और गमछा की जगह पीली टोपी और पीला गमछा में नए अंदाज में दिख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने महुआ विधानसभा से चुनाव लड़ने की भी घोषणा कर दी है।

### मुजफ्फरपुर के बोचहा विधानसभा में किया जनसंवाद

इसी क्रम में कल देर रात मुजफ्फरपुर के बोचहा विधानसभा में जनसंवाद करने पहुंचे थे। जिसके बाद उन्होंने जन संवाद किए तस्वीर सोशल मीडिया पर डालते हुए लिखा है कि मैंने मुजफ्फरपुर के बोचहां विधानसभा क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में आये हुए जनता–जनार्दन को संबोधित किया। अब राज्य में सामाजिक न्याय, सामाजिक हक़ और संपूर्ण बदलाव को मजबूत करना है।



## संक्षिप्त समाचार

### जमशेदपुर जा रही कार बिजली के खंभे से टकराई, 5 घायल

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह शहर के कालीबाड़ी रोड पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल यात्री पटना से टाटा जा रहे थे। हादसा उस समय हुआ जब वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे खंभे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का खंभा पूरी तरह टूटकर गिर गया। पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद वाहन के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि कार में लगे एयरबैग समय पर खुल गए, जिससे अंदर बैठे लोगों को गंभीर चोटें नहीं आईं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कार सीधे सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराई। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। बिजली का खंभा गिरने से आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई।घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसा पीएनबी बैंक के सामने हुआ, जहां आमतौर पर काफी भीड़भाड़ रहती है। संयोग अच्छा था कि उस समय सड़क किनारे कोई राहगीर मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बिजली विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त खंभे को हटाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम शुरू कर दिया है। फिलहाल इलाके में विद्युत सेवा बाधित है। मरम्मत कार्य जारी है।

### पलामू एसपी ने थाना प्रभारी राजवर्धन को किया सस्पेंड, अफीम तस्करों से मिली भगत का आरोप

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले के पिपराटांड़ थाना प्रभारी राजवर्धन को एसपी रीष्मा रमेशन ने सस्पेंड कर दिया है। अफीम तस्करों के साथ मिलीभगत के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। मेदिनीनगर शहर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार को पिपराटांड़ का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। पलामू पुलिस ने दो दिन पहले पंजाब और पलामू के आठ अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 33 लाख रुपए नकद और 314 किलो डोडा बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि अफीम तस्करों को पिपराटांड़ थाना से मदद मिल रही थी। थाना प्रभारी की जानकारी में यह तस्करी हो रही थी। मामले में एक रोचक मोड़ तब आया जब पंजाब के रहने वाले एक अफीम तस्कर की बहन ने पलामू एसपी को सूचना दी कि उसके भाई का अपहरण हुआ है। उसने बताया कि फिरौती के रूप में 7.50 लाख रुपए दिए जा चुके हैं।एसपी की स्पेशल टीम ने जांच में पाया कि पंजाब के चार तस्कर अफीम खरीदने पलामू आए थे। उन्हें ट्रैप कर अपहरण की झूठी कहानी बनाई गई थी। इस पूरे मामले की जानकारी स्थानीय थाना को भी थी। इस इलाके में अफीम तस्करों का लगातार आना-जाना रहता है। पंजाब के तस्कर 20 लाख की दो होंडा सिटी कारों से आए थे। जंगली इलाके में महंगी गाड़ियां और अनजान लोगों की आवाजाही पर स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करना, पुलिस और तस्करों के बीच मिलीभगत को दर्शाता है।एसपी रीष्मा रमेशन ने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद और भी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है। अफीम तस्करी में बड़ी मात्रा में कैश का लेनदेन होता है, जिससे कुछ पुलिसकर्मी भी इस अवैध धंधे में शामिल हो जाते हैं।

### सांसद ढुल्लू महतो को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, चिटाही धाम जमीन विवाद मामले में सभी आरोपों से बरी

**धनबाद, एजेंसी।** बीजेपी के धनबाद से सांसद ढुल्लू महतो को बाघमारा के चिटाही धाम रामराज मंदिर से जुड़े बहुचर्चित जमीन विवाद मामले में बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए विशेष अदालत (एडीजे-16) ने शनिवार को उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में यह फैसला सुनाया। मामला बाघमारा विधानसभा के चिटाही धाम रामराज मंदिर परिसर में दुकान लगाने को लेकर था। स्थानीय निवासी डोमन महतो ने सांसद ढुल्लू महतो पर मंदिर के सामने दुकान लगाने से रोकने और जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए बरोरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। यह मामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन था। शनिवार को विशेष न्यायिक दंडाधिकारी दुर्गेश अवस्थी की अदालत में सुनवाई के बाद ढुल्लू महतो को बरी करने का आदेश दिया गया।सांसद ढुल्लू महतो के अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि रामराज मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था, जब कुछ लोगों के उकसावे में डोमन महतो ने सांसद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बाद में शिकायतकर्ता ने अदालत में स्वीकार किया कि उन्होंने बहकावे में आकर यह कदम उठाया था। अदालत ने इस बयान और साक्ष्य के अभाव को आधार मानकर ढुल्लू महतो को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया।फैसले के बाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा, मुझे न्यायपालिका पर शुरू से पूरा भरोसा था।

# धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस की बढ़ेगी रफ्तार, कोयंबटूर 30 मिनट तो 5 मिनट पहले पहुंचेगी एर्नाकुलम




**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद की सबसे लोकप्रिय ट्रेन अलेप्पी एक्सप्रेस की रफ्तार बढ़ेगी। कोयंबटूर 30 मिनट पहले तो एर्नाकुलम पांच मिनट पहले पहुंचेगी। दक्षिण रेलवे ने अपने अधीन जोलारपेट्टई से एर्नाकुलम स्टेशन तक इस ट्रेन की रफ्तार बढ़ाने को मंजूरी दी है। 29 सितंबर से नई व्यवस्था प्रभावी होगी।

धनबाद से वेल्लूर यानी काठपाड़ी तक 63 स्टेशन पर ठहरने वाली ट्रेन के ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा और न ही गति में बढ़ोतरी होगी। अलेप्पी पहुंचने के समय में भी कोई फेरबदल नहीं होगा। वापसी में भी अलेप्पी से चलने तथा बीच के किसी स्टेशन पर आगमन-प्रस्थान में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

जोलोपेट्टई में अलसुबह 3:30-3:35 बजे के बदले 3:05-3:10 बजे तक, सेलम में सुबह 5:22-5:25 बजे के बदले 4:52-4:55 बजे, इरोड सुबह 6:35-6:45 बजे के स्थान पर 5:50-6:00 बजे, तिरुप्पुर सुबह 7:28-7:30 बजे के बदले 6:43-6:45 बजे, कोयंबटूर सुबह 8:27-8:30 बजे के बदले सुबह 7:57-8:00 बजे, पलक्कड सुबह 10:00-10:05 बजे के बदले 9:17-9:20 बजे, त्रिशूर 11:17-11:20 बजे के बदले 10:35-10:38 बजे, एर्नाकुलम दोपहर 12:40-12:45 बजे के बदले 12:35-12:40 बजे तक ठहराव होगा।

झाड़ग्राम से धनबाद के बीच सोमवार की सुबह चलने वाली मेमू रद रहेगी। इस वजह से दोपहर में धनबाद से झाड़ग्राम जानेवाली मेमू भी नहीं चलेगी। इसके बाद 30 जुलाई को भी दोनों ओर से रद रहेगी।

भोजूडीह से चंद्रपुरा के बीच चलने वाली मेमू सोमवार को भोजूडीह से महुदा तक चलेगी। वापसी में चंद्रपुरा के बदले महुदा से भोजूडीह तक चलाई जाएगी। एक अगस्त को भी भोजूडीह से महुदा तक चलेगी और वहीं से लौट जाएगी।

आद्रा रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। दूसरी ओर, धनबाद, बोकारो व रांची होकर चलने वाली जसीडीह-वास्को द गामा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 25 अगस्त को रद रहेगी। वापसी में 22 अगस्त को वास्को द गामा से जसीडीह के बीच नहीं चलेगी।

ओडिशा के झारसुगड़ा में यार्ड के विकास कार्यों के कारण ट्रेन रद रहेगी। कल व दो अगस्त को स्वर्णरेखा एक्सप्रेस आद्रा धनबाद से टाटा जानेवाली स्वर्णरेखा एक्सप्रेस 29 जुलाई को टाटा के बदले आद्रा तक जाएगी। वापसी में आद्रा से धनबाद तक चलाई जाएगी।

दो अगस्त को भी इस ट्रेन के पहिए आद्रा में ही थम जाएंगे। टाटा के बदले आद्रा से धनबाद तक चलेगी। टाटा से आने-जाने वाले यात्रियों को विकल्प ढूंढ़ना होगा।

## प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने को लेकर तेज हुई पुलिस की जांच

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग 7 गत दिनों उपद्रवियों के द्वारा पथ निर्माण विभाग स्थित सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ-साथ केबी सहाय पार्क में स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था। खंडित किए जाने की इस निंदनीय घटना से क्षेत्र में आक्रोश और शोक की लहर दौड़ गई थी, और लोगों ने इसे जनभावनाओं का घोर अपमान बताया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया और दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की घटना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शांति-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोपरि है। साथ ही, प्रशासन द्वारा सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा को पुनः स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नई प्रतिमा को पहले से अधिक भव्य और मजबूत बनाया जा रहा है। रविवार को सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा था। इसके बाद केबी सहाय पार्क में केबी सहाय की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय और अमर सेनानी सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के मामले में सदर थाना में अज्ञात के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के आलोक में पुलिसिया जांच तेज हो गई है। शनिवार और पुनः रविवार को सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह, बड़ा बाजार प्रभारी बिट्टू रजक, सबइंस्पेक्टर नंदकिशोर दास सहित अन्य जवान व पदाधिकारी केबी सहाय पार्क और पथ निर्माण विभाग चौक के समीप लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

सिदो-कान्हु और पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय की प्रतिमा तोड़े जाने के मामला को लेकर लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। इसको लेकर रविवार को अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के दिशोम मांझी केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कु के निर्देश पर उससे जूड़े नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।

## दो बच्चों को संभालते हुए जेपीएससी में पायी सफलता, दूसरे प्रयास में हुई सफल



**चाईबासा, एजेंसी।** चाईबासा की न्यू कॉलोनी गांधी टोला निवासी सीमा चौधरी ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में 142वां रैंक हासिल कर अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि इसलिए और भी खास मानी जा रही है क्योंकि सीमा एक गृहिणी हैं। दो छोटे बच्चों की मां हैं। उन्होंने घरेलू जिम्मेदारियों के साथ-साथ प्रशासनिक सेवा की कठिन परीक्षा में सफलता पाई है।

**शादी के बाद बच्चों के साथ अपने सपनों को भी पाला :** सीमा चौधरी चक्रधरपुर की रहने वाली हैं, जहां से उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उनका परिवार चाईबासा आ गया। सीमा की शादी डेयरी फॉर्म चलाने वाले राकेश कुमार से हुई। शादी के बाद उन्होंने अपने सपनों को नहीं छोड़ा, बल्कि नए हौसले के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ीं। उनका कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी बनना उनका सपना था, जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने लगातार तीन वर्षों तक मेहनत की। सीमित समय में, घरेलू जिम्मेदारियों और बच्चों की देखभाल के बीच, उन्होंने पढ़ाई का क्रम नहीं टूटने दिया। वे रांची स्थित एक संस्थान से ऑनलाइन कोचिंग लेती थीं और उसी मार्गदर्शन में अपनी तैयारी को अंतिम रूप देती रहीं।

**दूसरे प्रयास में मिली है सफलता :** सीमा बताती हैं कि इस सफलता के पीछे उनके पति राकेश कुमार, सास और पूरे परिवार का भरपूर सहयोग रहा। पति ने न सिर्फ मानसिक रूप से समर्थन दिया, बल्कि घर के कामकाज में भी हाथ बंटाया, जिससे सीमा को पढ़ाई के लिए समय मिल सका। यह उनका दूसरा प्रयास था और इस बार उन्हें झारखंड वित्त सेवा में नियुक्ति मिली है। उनकी सफलता न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि उन सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं।

## क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने मनाया स्वर्ण जयंती समारोह, सीपी सिंह ने कहा- ग्रामीणों को साहूकारों से मुक्ति दिलाने में हो रहा अच्छा काम




**रांची, एजेंसी।** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को रांची में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक के अधिकारियों के साथ-साथ रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में ग्रामीण भारत और झारखंड के विकास में ग्रामीण बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण भारत और झारखंड की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा नेता सीपी सिंह ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले ग्रामीणों के लिए बैंक से कर्ज लेना बेहद मुश्किल था। उन्होंने बैंकरों से अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने और ग्राहकों का सम्मान करने की अपील की। सीपी सिंह ने कहा, बैंकरों को राष्ट्रहित में अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। ग्रामीण बैंकों ने लोगों को साहूकारों के चंगुल से मुक्त किया और कर्ज के माध्यम से किसानों व व्यवसायियों को सशक्त बनाया। आज गांवों के लोग आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।

ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के झारखंड महासचिव नितेश मिश्रा ने बताया कि कारोबार के मामले में झारखंड में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तीसरा सबसे बड़ा बैंक है और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा, ग्रामीण बैंकों ने न केवल बैंकिंग सेवाएं प्रदान कीं, बल्कि गांवों को जोड़ा और लोगों को जागरूक किया। हालांकि, उन्होंने बैंक के निजीकरण के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। मिश्रा ने कहा, यह स्वर्ण जयंती वर्ष उस संघर्ष की याद दिलाता है, जिसने देश के कोने-कोने में ग्रामीण बैंकिंग की अलख जगाई।

नितेश मिश्रा ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश किया। इसी उपलक्ष्य में देशभर में स्वर्ण जयंती समारोहों का आयोजन किया जा रहा है। रांची में आयोजित यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का हिस्सा है, जिसमें ग्रामीण बैंकों के योगदान को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने झारखंड जैसे राज्यों में विकास की गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह समारोह न केवल बैंक की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराने का अवसर भी रहा।

## नामकुम ग्रिड डकैती कांड में 9 अपराधी गिरफ्तार, ओरमांझी से भी तीन धरे गए



**रांची, एजेंसी।** जिले के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित विद्युत सब स्टेशन (संचरण केन्द्रीय भंडार) के कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर डकैती डालने वाले नौ अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात को 11 अपराधियों ने मिलकर अंजाम दिया था।

**बंधक बनाकर दिया गया था डकैती को अंजाम :** डीआईजी सह एसएसपी रांची चन्दन कुमार सिन्हा के द्वारा बनाई गई एसआईटी ने नामकुम ग्रिड में हुए डकैती कांड का खुलासा कर लिया है। कांड में शामिल 11 में से नौ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश लोहरा उर्फ दिनेश करमाली, राजेश कुमार सिंह उर्फ भोला, शाहिद अंसारी उर्फ जटला, ललन कुमार भुईया उर्फ बौना, जितु कुमार सिंह उर्फ जिजुवा उर्फ जीतु, फुरकान मल्लिक उर्फ फुरकान, बिरेन्द्र बेदिया उर्फ घोंची, दीपक कुमार सोनी, जितेन्द्र कुमार शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर कांड में प्रयोग किये गये ऑटो वाहन , ताला काटने में प्रयोग की जाने वाली कटर मशीन, मोबाइल एवं घटना में डकैती किए गए सामान को बरामद किया गया है।

**दिनेश लोहरा निकला मास्टरमाउंड :** डीआईजी सह एसएसपी रांची चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि डकैती गिरोह का मुखिया दिनेश लोहरा है। दिनेश लोहरा उर्फ दिनेश करमाली लातेहार का रहने वाला है। वर्तमान दिनेश डोरंडा के बड़ा घाघरा में रह रहा था। दिनेश ने अपने बयान में बताया कि उसने अपने 10 साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। डकैती किए हुए सामान को पुन्दाग में कबाड़ी दुकान फुरकान मल्लिक और अरगोडा के कबाड़ी दीपक कुमार सोनी को बेच दिया था।

दिनेश लोहरा के अनुसार कुल 253 किलो 750/- रुपये के हिसाब से प्रति किलोग्राम की दर से बेचा गया था, जिसमें उसे 1,73,000 रुपये मिला। जिसे हम सभी लोग आपस में बांट लिया। वहीं, कबाड़ी दीपक सोनी ने चोरी का समान पटना में बेच दिया और उसके एवज में चार लाख रुपये अपने अकाउंट में मंगवा लिया। पकड़े गए सभी अभियुक्तों के द्वारा इस घटना में अपना-अपना अपराध को स्वीकार किया गया है। डकैती की घटना में संलिप्त अपराधी एवं अन्य की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड दौरा : रांची, धनबाद और देवघर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त



**रांची, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। राष्ट्रपति 31 जुलाई और 1 अगस्त को झारखंड में रहेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर झारखंड पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। राजधानी रांची, धनबाद और देवघर तीनों ही जिलों की पुलिस अलर्ट पर है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति धनबाद में आईआईटी (आईएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। ऐसे में देवघर, रांची और धनबाद में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर डीजीपी और मुख्य सचिव ने भी बैठक कर कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर आईजी रैंक के एक अधिकारी को नोडल बनाया गया है, ताकि सुरक्षा में कोई त्रुटि न रह जाए।

देवघर में कांवड़ यात्रा पर नहीं पड़ेगा प्रभाव

वर्तमान में सावन का महीना चल रहा है। सावन के महीने में देवघर में श्रद्धालुओं के कांवरिया पथ को बिना बाधित किए राष्ट्रपति को एयरपोर्ट से एम्स तक ले जाने के लिए अलग मार्ग तय किया गया है। वहीं धनबाद में भी कार्यक्रम स्थल के साथ राष्ट्रपति जिन मार्गों से होकर गुजरेंगी उसे लेकर भी विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। वहीं राजधानी रांची में एयरपोर्ट से राजभवन जाने वाले रास्ते में भी सुरक्षा के विशेष व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति के आने-जाने के दरम्यान ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया जाएगा। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर राज्य के डीजीपी ने बताया कि राष्ट्रपति के झारखंड दौरे में कोई परेशानी नहीं होगी और कोई भी सुरक्षा में त्रुटि में न हो इसे लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## हजारीबाग में नाटक प्रस्तुत कर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**हजारीबाग, एजेंसी।** कारगिल दिवस के अवसर पर नगर भवन हजारीबाग में कारगिल के शहीद की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के लड़ने वाले अन्य सपूतों को भी याद किया गया उनके परिजनों को नगर भवन हजारीबाग में सम्मानित किया गया।

हो एंटरटेनमेंट ग्रुप से आयोजित सांस्कृतिक संध्या मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन सिर्फ तारीख नहीं है, 26 जुलाई- यह वो दिन है जब भारत ने अपने अदम्य साहस, अपार बलिदान और अटूट संकल्प से इतिहास रचा था। विशिष्ट अतिथि डॉ.कमल नयन सिंह ने कहा विजय कारगिल दिवस, सिर्फ जीत का प्रतीक नहीं है, यह उस जज्बे का उत्सव है, जब बर्फीली चोटियों पर हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे को झुकने नहीं दिया।हो इंटरटेनमेंट एंड कल्चरल टीम ने इस गर्व के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। देशभक्ति नृत्य, देशभक्ति गीत, शुभी तनवी का बांसुरी वादन, मिमिक्री और रेजांगला नाटक की प्रस्तुति किया।

मौके पर बतौर अतिथि बटेश्वर मेहता और विनोबा भावे के प्राध्यापक विकास कुमार, सुकल्याण मोइत्रा, के.के.गुप्ता, सुबोध कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, तापस चक्रवर्ती, अरबिंद जी सहाय, विद्या बक्शी, अमला राणा, किशोर सावंत, ओम प्रकाश, रवि शंकर, के साथ भैया अभिमन्यु प्रसाद भी मौजूद थे। हो इंटरटेनमेंट के संस्थापक रोहित वर्मा ने कार्यक्रम के प्रायोजक गुलमोहर पब्लिक स्कूल, अनंता बाय हिल (रेस्टोरेंट), कारगिल पेट्रोल पंप, तरुणिका फ़ैसन, सावंत इंटर कॉलेज, जी.एम इवनिंग कॉलेज , आरोग्यम हॉस्पिटल, अन्वित मेडिकल, फूड गैरेज, सत्यम कंप्यूटर, अन मास्क्ड साइबर सिक्योरिटी कंसलटेंसी, जन जागरण केंद्र, जानू राज फिल्म प्रोडक्शन को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

## ऑपरेशन आहट के तहत मानव तस्करी का प्रयास विफल

### ऑपरेशन आहट के तहत मानव तस्करी का प्रयास विफल, 4 नाबालिग बालक रेस्क्यू

**रांची, एजेंसी।** रेलवे सुरक्षा बल और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त कार्रवाई में रांची मंडल में एक बड़ी मानव तस्करी की साजिश को विफल कर दिया गया। ऑपरेशन आहट के तहत की गई इस कार्रवाई में चार नाबालिग बालकों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, जिन्हें गैरकानूनी तरीके से तमिलनाडु के तिरुपुर ले जाया जा रहा था।

**सभी बच्चों को ले जाया जा रहा था तमिलनाडु :** घटना के संबंध में बताया गया कि जब आरपीएफ की टीम ने ट्रेन संख्या 13351 दुमका-चित्तरंजन एक्सप्रेस के कोच स्6 में संदेहास्पद हालत में बैठे चार नाबालिगों और दो वयस्कों को पकड़ा। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि बच्चों को काम का लालच देकर तमिलनाडु ले जाया जा रहा था। जहां उन्हें एक कपड़ा कंपनी में मजदूरी पर लगाया जाना था। दोनों वयस्क व्यक्तियों की पहचान रजु अंसारी और आरिश अंसारी के रूप में हुई है, जिन्होंने पूछताछ के दौरान माना कि वे एक ठेकेदार शोभिक कुमार गोप के कहने पर बच्चों को ले जा रहे थे। बदले में उन्हें 3500 रुपये की दलाली मिलने वाली थी।



रेलवे सुरक्षा बल की महिला सब-इंस्पेक्टर सुनीता तिर्की ने मौके पर एक मोबाइल फोन, यात्रा टिकट और 3500 रुपए की राशि का स्क्रीनशॉट जब्त किया। मामले में सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को एएचटीयू थाना कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया।

**रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से बची कई जिंदगियां :** इस कार्रवाई को रेलवे सुरक्षा बल कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर अंजाम दिया गया, जिसमें आईपीएफ शिशुपाल, स्ढ्ढ सूरज पांडेय, सोहन लाल, सुनीता तिर्की तथा स्टाफ के अन्य सदस्य संजय यादव, पिंकी, मोहिनी और दिव्या सिंह शामिल रहे। सभी की त्वरित प्रतिक्रिया और सामूहिक प्रयास से चार मासूम बच्चों को बाल मजदूरी के दलदल में धंसने से बचा लिया गया। कमांडेड पवन कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि लगातार यह अभियान जारी है। गलत गतिविधियों पर आरपीएफ की पैनी नजर है।

**मानव तस्करी के विरुद्ध सख्त रुख :** रेलवे सुरक्षा बल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि रेलवे के माध्यम से हो रही मानव तस्करी की घटनाओं पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। ऑपरेशन आहट के तहत लगातार निगरानी, जांच और छापेमारी की जा रही है। रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

**आगे की कार्रवाई जारी :** बचाए गए नाबालिगों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की निगरानी में रखा गया है और उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। वहीं, इस पूरे रैकेट की गहराई से जांच की जा रही है ताकि इसमें शामिल अन्य लोगों तक भी कानून की पकड़ पहुंच सके।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 28-07-2025 21:52 Page 1



# पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों ने किया दौरा

- अधिकारियों के साथ की बैठक
- बीएलओ से ली सर्वे की जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोग की टीम ने खूंटी जिला का दौरा किया। दौरे में आयोग के सदस्य नंद किशोर मेहता, लक्ष्मण यादव एवं नरेश वर्मा शामिल थे। नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को दिये जाने वाले आरक्षण की पात्रता निर्धारण हेतु आयोग की टीम द्वारा परिसदन खूंटी में पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

समीक्षा बैठक के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि जिले में पिछड़े वर्गों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक स्थिति का आकलन करने के लिए टीम खूंटी आयी है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लोगों को सरकारी प्रावधानों के तहत योजनाओं का यथोयोचित लाभ प्राप्त हो, आयोग का यही लक्ष्य है। बैठक में टीम द्वारा जिले में संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे, कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्ति में आरक्षण का लाभ, प्रावधान की स्थिति, पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों की समीक्षा की।

टीम ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में बच्चों का नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में पिछड़ा वर्ग के लाभुकों की संख्या, खनन विभाग, वन विभाग, मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों की समीक्षा की। साथ ही जमीन का म्यूटेशन के संबंध में संबंधित अधिकारी से जानकारी ली गयी।

मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक अपरांत टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किये गये डोर-टू-डोर सर्वे का जायजा लिया गया। टीम द्वारा नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-05 बुथ संख्या 183, वार्ड संख्या-04 के बुथ संख्या 184 वार्ड संख्या-10 के बुथ संख्या 201 एवं 202 एवं वार्ड संख्या-15 के बुथ संख्या 180, 181 का निरीक्षण किया गया। इस दौरन संबंधित बीएलओ द्वारा किये गये डोर-टू -डोर सर्वे कार्य को संतोषप्रद पाया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, प्रखंडो के बीडीओ, सीओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल थे।

# मां का इलाज कराने आये युवक ने चिकित्सक से की मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा** । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर में अपनी मां का इलाज कराने आया एक युवक ने डा प्रमोद कुमार से मारपीट कर दी। इसके विरोध में डा प्रमोद कुमार व मौजूद सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने ओपीडी सहित सभी चिकित्सा सेवा बंद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, समाजसेवी अरमान खान, मुखिया कौसर खान, इरफान अंसारी, इसाक अंसारी सहित कई लोग पहुंचे और चिकित्साकर्मियों से बातचीत कर लगभग 2 घंटे के बाद चिकित्सा सेवा बहाल कराया। सोमवार को लगभग 11 बजे इरगोबाद निवासी अफरोज अंसारी अपनी मां को लेकर एंटी रेबीज का वैक्सीन लगवाने आया था। परन्तु उस समय एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं था। डॉ प्रमोद कुमार के अनुसार युवक को थोड़ा इंतजार करने के लिए कहा गया लेकिन वह युवक इंतजार करने को तैयार नहीं था। वह डॉक्टर से उलझ गया। इस दौरान डॉक्टर प्रमोद कुमार ने कहा कि थोड़ा इंतजार कर लीजिए। कोडरमा से वैक्सीन मंगाई जा रही है। यदि जल्दबाजी है तो अगर नहीं तो स्वास्थ्य केंद्र सतडीहा में एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध है वहां जाकर ले सकते हैं। लेकिन युवक ने बात नहीं मानी और डॉक्टर से उलझने के बाद हाथापाई कर दी। बाद में स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे पकड़कर कमरे में बंद कर दिया और पुलिस प्रशासन को सूचना दी। इधर स्वास्थ्य कर्मी ओपीडी सेवा बंद करते हुए आरोपी युवक पर कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गए। साथ ही प्रशासन से स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा गार्ड मुहैया कराने की मांग करने लगे। इस दौरान जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। इस दौरान जयनगर प्रखंड से आए कई मरीज इलाज के के लिए इंतजार करते रहे। दो घंटे बाद ओपीडी सेवा बहाल होने पर लोगों ने अपना इलाज करवाया।

घटना के बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि आए दिन यहां इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। खासकर रात्रि में महिला स्वास्थ्य कर्मियों को कार्य करने में परेशानी उठानी पड़ती है। शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि कई बार यहां सुरक्षा गार्ड देने की मांग की गई। परंतु आज तक यहां सुरक्षा गार्ड मुहैया नहीं कराया गया है।

उप प्रमुख राजनारायण सिंह, मुखिया कौसर खान, समाजसेवी अरमान खान, मुखिया इरफान अंसारी आदि ने भी शीघ्र ही प्रशासन से यहां सुरक्षा गार्ड मुहैया कराने की मांग की। इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार, शैलेंद्र तिवारी, अजय कुमार, मोइउद्दीन खान, डॉ विश्वकर्मा गोस्वामी, डॉ सुरेश राणा, रामकृष्ण गिरी, शांति तिग्गा, सियाराम यादव, सोनू कुमार, बबलू कुमार, शिवकुमार, नीलोफा डाडेल, जितेंद्र कुमार, अंजूला बिलोंग, वीरेंद्र डोम, दिलीप कुमार, लक्ष्मी देवी, देवंती देवी, दीपक कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# गरीबों का निवाला खा रहे अमीर

**सूबे में 43 लाख फर्जी कार्डधारी होने की आशंका**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा।** राशनकार्ड धारकों का ई-केवाईसी के बाद अब फर्जीवाड़ा का खुलासा भी होने लगा है। गरीबों के अनाज में हकमारी इस कदर है कि चार पहिया व बड़े वाहन मालिक, 5 लाख से अधिक इनकम टैक्स दाता, 25 लाख के टर्नओवर वाले जीएसटी धारक व कंपनी बनाकर व्यवसाय करने वाले भी राशनकार्ड दबाये बैठे है।

राशनकार्ड धारियों के ई-केवाईसी यानी आधार से जोड़ने के बाद गड़बड़ी सामने आने लगी है। पूरे राज्य में करीब 43 लाख ऐसे राशनकार्ड को संदिग्ध की सूची में रखा गया है। कोडरमा में भी संदिग्ध राशनकार्ड की संख्या करीब 40 हजार है। इसमें करीब 38 हजार बड़े भू-भाग वाले किसान है।

ऐसे किसान पीएम किसान योजना के किश्त भी उठा रहें है। अब राशनकार्ड में गड़बड़ी सामने आने के बाद विभाग स्तर से कार्रवाई भी तय है। ऐसे में आने वाले समय में वंचित गरीबों को राशनकार्ड का लाभ मिल पाएगा। इधर, इनकम टैक्स दाताओं का नाम सामने आने के बाद कार्ड सरेंडर के लिए भी लोग भागदौड़ शुरू कर दिया है।

झुमरीतिलैया शहर में सर्वाधिक इनकम टैक्स दाता राशनकार्ड का लाभ उठा रहे हैं। यहां 9272 राशनकार्ड धारक हैं, इनमें से 405 लोग आयकर दाता के रूप में चिह्नित हुए हैं। डोमचांच में 353, जयनगर में 287 व कोडरमा में 289 इनकम टैक्स दाता है।

बड़े व व्यवसायिक वाहन मालिकों में सबसे ज्यादा झुमरीतिलैया में 67, डोमचांच में 59, चंदवारा में 43 व कोडरमा में 40 हैं। चार पहिया वाहन मालिक पीडीएस योजना का लाभ नहीं ले सकते हैं। पीडीएस का लाभ ले रहें अर्हता नहीं रखने वाले चिह्नित होने के बाद अनाज के बदले राशि वसूली की कार्रवाई हो सकती है। राशि नहीं देने की स्थिति नीलाम पत्र वाद की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ऐसे लोगों का कार्ड भी निरस्त किया जाएगा।

## किराना दुकान में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के ठंनका चौक पर एक अनिल किराना स्टोर दुकान में अज्ञात चोरों ने एक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिससे दुकानदारों में घटना को लेकर आक्रोश है। पीड़ित दुकानदार काजी डुमरा गांव निवासी अनिल यादव ने बताया कि तीन दिनों से उनका किराना दुकान बंद था। अपने एक रिश्तेदार को लेकर पटना इलाज कराने गए थे। रविवार रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे के रास्ते से ताला तोड़ दुकान में रखे सभी कीमती सामानों की चोरी कर लिया है। दुकानदार ने बताया लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के किराना सामान चुरा कर चोर चंपत हो गए । दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क भी ले गए।पीड़ित दुकानदार अनिल कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह चोरी घटना को लेकर स्थानीय दुकानदारों के द्वारा सूचना दिया गया। सूचना बाद दुकान पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा था और दुकान के अंदर रखा सभी समान गायब था। शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष छोटे लाल सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते पुलिस पदाधिकारी को घटना स्थल भेजा गया था। जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# आम्रेश्वर धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण



**खूंटी।** श्रावण माह के तीसरी सोमवार को आज दूर-दराज के क्षेत्रों से आये हजारों की संख्या में आए शिवभक्तों ने आम्रेश्वर धाम मंदिर, खूंटी में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रातः लगभग चार बजे जैसे ही भेलेनाथ और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा धाम परिसर बोल बम, हर हर महादेव के जयकारों से गुंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाबा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंधन समिति ने बताया कि लगभग 40 हजार की संख्या में शिवभक्तों, जिसमें महिला पुरूष एवं बच्चों ने जलार्पण किया। एक महीना तक चलने वाले श्रावणी मेले में भक्तों की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जिला पुलिस, जैप और अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। तोरपा, कर्रा, खूंटी और मुरहू थाना की पुलिस के अलवा महिला पुलिसकर्मयों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में प्रबंधन समिति, आम्रेश्वर धाम के स्वयं सेवक एवं नगर पंचायत के सफाई कर्मी मुस्तैद हैं। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। प्रबंधन समिति, आम्रेश्वर धाम के पदधिकारी और वॉलेंटियर्स भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दे रहे हैं ताकि यहां आने वाले शिवभक्तों को एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त हो।

## डूबने से दो सगे भाईयों की मौत

**खगड़िया।** अलौली प्रखंड अंतर्गत गोरियामी पंचायत के संझौती गांव के सोंडाभार में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो सगे भाईयों की मौत हो गई। दोनों बच्चे अपने पिता राकेश यादव को खेत में खाना देने जा रहे थे, जो धान की रोपाई कर रहे थे। इस दुखद घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है।

मरने वालों की पहचान राकेश यादव के बड़े बेटे आदित्य (12) के रूप में हुई। वह कक्षा सात में पढ़ता था। वहीं छोटे बेटे की पहचान आदर्श (आठ) के रूप में हुई। वह कक्षा तीन में पढ़ता था। राकेश यादव किसान थे। परिजनों का कहना है कि राकेश यादव को दो पुत्र ही थे। ईश्वर ने उन्हें भी छीन लिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि आज दोनों बच्चे स्कूल भी नहीं गए थे। काश आज वे स्कूल गए होते तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती,एक परिजन ने बिलखते हुए कहा। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। सूचना मिलते ही अलौली सीओ हिमांशु कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों शव बरामद कर लिए गए हैं।

# भयमुक्त चुनाव को ले पुलिस ने शुरू की सख्ती

**समकालीन अभियान में पुलिस ने किया 80 लोगों को गिरफ्तार**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले फरार आरोपियों और वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न थानों की पुलिस ने 24 घंटे के भीतर समकालीन अभियान चलाकर 80 वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 72 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। यह बाढ़ अनुमंडल में एक दिन में हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में कई के खिलाफ वर्षों से कोर्ट से वारंट जारी था, जबकि तीन के खिलाफ स्थायी वारंट भी लंबित था। बाढ़ थाना से 22, मोकामा थाना से 18, पंडारक थाना से 13, सम्यागढ़ थाना से 7, एनटीपीसी, घोसवरी और मरांची थानों से पांच-पांच, हाथीदह थाना से चार और पंचमहला थाना से एक वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों पर हत्या, हत्या के प्रयास, महिला उत्पीड़न, उत्पाद अधिनियम (एक्साइज एक्ट) समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में कार्रवाई की गई है। इस दौरान पुलिस ने दो मोटरसाइकिल, एक ई-रिक्शा, 25 लीटर विदेशी शराब और 61 लीटर देशी शराब भी जब्त की है।

बाढ़ एएसपी राकेश कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में कानून और लोकतंत्र के प्रति भरोसा पैदा करना है, ताकि वे आगामी विधानसभा चुनाव में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किए जाने की अनुशंसा की जाएगी।

# मतांतरण को ले भाजपा नेताओं ने काटा बवाल

**20 लोगों को लिया गया हिरासत में**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** भुइयांडीह की कालिंदी बस्ती रविवार को अचानक राजनीतिक और सांप्रदायिक तनाव का केंद्र बन गई, जब कथित मतांतरण को लेकर भाजपा नेताओं और स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

मामला सीतारामडेरा थाना क्षेत्र का है, जहां एक घर में हर रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित की जाती थी। भाजपा नेताओं का आरोप है कि इस सभा की आड़ में बाहरी लोगों द्वारा मतांतरण का प्रयास किया जा रहा था। सूचना मिलने पर भाजपा नेता गुंजन यादव अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और आरोप लगाया कि आयुष सिंह के घर में एक साल से कियायेदार रह रहे हैं, जिनके यहां हर रविवार को 20 से अधिक लोग एकत्र होते हैं।

उन्होंने दावा किया कि सभा में शामिल लोगों को लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 20 लोगों को हिरासत में लिया और थाना ले जाकर पूछताछ शुरू की। थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि फिलहाल मतांतरण की पुष्टि नहीं हुई है। सभी संदिग्धों का सत्यापन किया जा रहा है। आयुष सिंह के घर से धार्मिक पुस्तकें और कुछ अन्य सामग्री भी जब्त की गई है।

गौरतलब है कि शनिवार रात को गोलमुरी थाना क्षेत्र में भी इसी तरह की गतिविधि को लेकर हंगामा हुआ था, जब जीएफ फ्लैट में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। वहां भी प्रार्थना सभा के बहाने महिलाओं को बुलाकर मतांतरण का आरोप लगाया गया था।

इस मामले में भी पुलिस ने हस्तक्षेप कर जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि गोलमुरी में 2022 में भी चंगाई सभा को लेकर भारी बवाल हुआ था, जिस वजह से प्रशासन अब सतर्क हो गया है।

टाटा स्टील के गोलमुरी फ्लैट (जीएफ -1) के दो फ्लैट (41 व 49) के जिस फ्लैट को अस्थायी रूप से बुकिंग कराया गया था। उसे फील्ड मेंटेनेंस मैकेनिकल में कार्यरत कर्मचारी अरुण गजुला और माधव बा ने अपने नाम से बुक कराया था।

यहीं पर रविवार सुबह प्रार्थना सभा होना था, लेकिन विरोध के बाद इसे शनिवार रात ही खाली करा लिया गया है। वहीं, पूरे मामले में टाटा स्टील प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है। गोलमुरी में कुल 95 फ्लैट हैं जिनमें टाटा स्टील के हो कर्मचारी रहते हैं। इनसे कुछ फ्लैट हमेशा खाली रखे जाते हैं ताकि सोसाइटी में रहने वाले किसी सदस्य के घर या परिवार में किसी तरह का कार्यक्रम हो तो वे मेहमानों को यहां ठहरा सकते हैं।

## दोहरे हत्याकांड का मुख्य शूटर धराया

**लखीसराय।** जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र स्थित वलीपुर गांव में 17 जून की रात हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में फरार चल रहे मुख्य शूटर मोहम्मद सैफ कुरैशी को एसटीएफ ने पटना जिले के मनेर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सैफ कुरैशी को लखीसराय लाकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। एसडीपीओ शिवम कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 17 जून की रात अज्ञात अपराधियों ने वलीपुर पंचायत के मुखिया चंदन कुमार और वार्ड पार्षद प्रतिनिधि चंदन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दोहरी हत्या के बाद इलाके में तनाव और सनसनी फैल गई थी।

मामले में मृतक मुखिया चंदन कुमार की पत्नी पल्लवी कुमारी के बयान पर पिपरिया थाना में सात नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने गंभीरता से जांच करते हुए विशेष जांच टीम का गठन किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले ही शूटर धीरज सिंह और महादेव सिनेमा के मैनेजर रमाकांत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# आपसी विवाद में निमार्णाधीन अबुआ आवास तोड़ना गैर कानूनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** जिला अनतर्गत मारंगहादा थाना क्षेत्र के बिचागुटू गाँव में मंगल सिंह मुंडा, लोहर सिंह मुंडा, हिमांशु मुंडा, बिरला मुंडाईन बगैर ने गोलबंद होकर गैईथा, सावल, फावड़ा आदि से अबुआ आवास योजना के तहत जगदा नाग एवं लेम्बो कुमारी की निमार्णाधीन अबुआ आवास को तोड़ने की मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि जगदा नाग एवं लेम्बो कुमारी जिस भूमि पर सरकारी राशि से अबुआ आवास का निर्माण कर रहा था उक्त भूमि पर दोनों मालिकाना हक जता रहे हैं। लेकिन सरकारी आदेश के बिना किसी मकान को तोड़ना गैर कानूनी है। इस पर इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन के लीगल एडवाइजर एडवोकेट कविता देवी के अनुसार सरकारी योजनाओं के तहत किसी भी निमार्णाधीन मकान को तोड़ने वाले लोगों के उपर तुरंत अपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए था।

पिड़ितों द्वारा इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन के माध्यम से उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, एसडीओ, बीडीओ को आवेदन पत्र देकर न्याय की गुहार की गई है। लेकिन जिला प्रशासन मौन है। उल्टा पिड़ितों को सरकारी नोटिस जारी कर अबुआ आवास निर्माण के लिए दिए गए अग्रिम राशि को तुरंत लौटने के लिए परेशान किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि पिड़ित परिवार पढ़े लिखे नहीं है और विरोधी पक्ष शिक्षा, धनबल, बाहुबल के मामले में काफी मजबूत है। इस कारण से ग्राम सभा समिति भी पिड़ितों के पक्ष में खड़े नहीं होता है। पिड़िता जगदा नाग एवं लेम्बो कुमारी ने जिला के अधिकारियों को प्रेषित शिकायत पत्र के माध्यम अपने वंशज के मंगल सिंह मुंडा, लोहर सिंह मुंडा, हिमांशु मुंडा, बिरोधी मुंडाईन पर आरोप लगायी है कि ये लोग गाँव के लोगों को चावल, बकरे, सुअर, शराब की पार्टी देकर हम लोगों के खिलाफ खड़ा करता है।

विरोधी पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बोली की इन लोगो के इशारे पर ही वर्ष2019 में डायन बिसाही का आरोप लगा कर भरी सभा में मेरे परिवार के सभी सदस्यों को बुलाकर अमानवीय शारीरिक, मानसिक यातनाएं दिया गया था। यहां तक की मेरे ससुर का मृत शरीर को गांव में दफनाने नहीं दिया जा रहा था। पिड़िता के पति सागर मुंडा ने बताया कि मेरे पूर्वजों के नाम से जो भूमि है उस भूमि को वंशावली के अनुसार दो भागों में बांटा जाना है। लेकिन मेरे चाचा मंगल सिंह मुंडा, लोहर सिंह मुंडा आदि तीन भागों में बांट कर मुझे एक भाग देना चाहते हैं। इन लोगों के डर से पांच साल से अपने बच्चों को खूंटी में लाकर रखे हुए हैं। हमारे परिवार के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकता हैं।

## सीएस ने चैनपुर के स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहपुर पथरा, आयुष्मान आरोग्य केंद्र महूगांवा, बभनडी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ केंद्रों पर साफ-सफाई, दवा भंडारण, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं में खामियां पाई गईं। सिविल सर्जन ने इस पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, कुछ केंद्रों में बेहतर कार्य प्रणाली और मरीजों को समुचित सेवा प्रदान किए जाने पर सिविल सर्जन ने संतोष व्यक्त किया और कर्मियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आवास योजना के लाभार्थी के खाते से अवैध निकासी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के खाते से अवैध निकासी हो रही है। साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र के सनहा पश्चिम वार्ड आठ निवासी दो लाभुकों ने मार्च में मिली किस्त की 40 हजार रुपये की राशि की अवैध निकासी की शिकायत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल व टोल फ्री नंबर 1930 पर की है।

इसके बाद बेगूसराय साइबर थाना में इस संबंध में प्राथमिकी अंकित कराई गई है। प्राथमिकी में गांव के ही आधार सेंटर संचालक प्रिंस कुमार व सीएसपी संचालक राजू कुमार पर धोखाधड़ी कर दोनों लाभुकों के खाते से अवैध निकासी करने का संदेह व्यक्त किया गया है।


मिली जानकारी के अनुसार, साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सनहा पश्चिम पंचायत वार्ड आठ निवासी सनोज तांती की पत्नी कंचन देवी प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभुक हैं। बीते छह मार्च को उनके खाते में किश्त के रूप में 40 हजार रुपये आए थे।

उन्होंने सनहा चौक के समीप प्रिंस कुमार के आधार सेंटर में आधार में मोबाइल नंबर अपडेट कराने गई और आठ मई को राजू कुमार द्वारा संचालित सीएसपी के माध्यम से अंगूठा लगा कर पांच हजार की निकासी की।

कुछ दिन बाद निकासी करने जाने पर सीएसपी संचालक ने खाते में रुपये नहीं होने की बात कह दी। जब उन्होंने दक्षिण ग्रामीण बैंक में जाकर जांच पड़ताल की तो पांच मई से 10 मई तक 10 बार में 25,800 की अवैध निकासी होने की जानकारी हुई।इस संबंध में जब पड़ोसियों से चर्चा हुई तो गणेश दास की पत्नी मुंगिया देवी ने भी अपनी आपबीती सुनाते हुए खाता से अवैध निकासी की शिकायत की। दोनों लाभुकों का खाता एक ही बैंक में हैं और दोनों ने गांव के ही आधार सेंटर से मोबाइल अपडेट व सीएसपी से निकासी की थी।

# रेलवे ट्रैक पानी में डूबा, यात्रियों की हुई फजीहत

**प्लेटफार्मों पर ट्रेनों की लगी रही कतार**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत आरा जंक्शन से आने-जाने वाली ट्रेनों की लंबी कतार सोमवार को सुबह से ही बक्सर से पटना तक लगी रही, जिसके चलते डेली पैसेंजर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा।

दरअसल, दिल्ली हावड़ा लाइन पर पंडित दीनदयाल स्टेशन से पटना के बीच सोमवार को सुबह से ही ट्रेन परिचालन वर्षा के कारण प्रभावित था। इधर, पटना जंक्शन पर रेलवे ट्रैक पर एक फीट तक पानी जमा होने के कारण सिग्नल प्रणाली बुरी तरह प्रभावित था।

ऐसे में आरा जंक्शन से लेकर पटना तक ट्रेनों की लंबी कतार लग गई है। आरा जंक्शन से लेकर पटना तक हरेक स्टेशन और सिग्नल के पास कोई न कोई ट्रेन खड़ी थी। नेउरा में वाराणसी पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे खड़ी रही। उसके बाद उसे फुलवारी शरीफ में लाकर खड़ा किया गया। कामाख्या धाम स्पेशल ट्रेन सचिवालय हॉल्ट पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक खड़ी रही। सचिवालय में एक घंटा रोकने के बाद धीरे-धीरे अंत्योदय एक्सप्रेस को पटना जंक्शन पर लाया गया। दूसरी तरफ, यही स्थिति पटना से मोकामा के बीच में बनी रही।

पटना में देर रात से ही भारी वर्षा हो रही है, जिसकी वजह से बक्सर और आरा से जाने वाले दैनिक यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रेल सूत्रों ने बताया की ट्रैक पर पानी जमा होने के कारण सिग्नल बॉक्स में पानी घुस गया है और उसमें खराबी आ गई है।

# उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय सुनिश्चित कराएं, खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से उक्त सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए। आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अन्तर्गत अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह 2025 के खाद्यान्न वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने नफशा व जसएफएसएस योजना के तहत खाद्यान्न का वितरण, चना दाल वितरण, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, चीनी और नमक का वितरण, पीवीटीजी, जन वितरण प्रणाली, ग्रीन राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सम्बंधित पदाधिकारी को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को स-समय लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत खाद्य वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जसएफएसएस के तहत किए अनाज वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। बैठक में जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें। साथ ही सोना-सोबरन धोती साड़ी योजनान्तर्गत सभी लाभुकों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने का निदेश दिया गया।

C M Y K

# कांग्रेस ने की हर घर अधिकार अभियान की शुरुआत

## रोजगार और चिकित्सा का भी अधिकार देगी कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस पार्टी ने आज हर घर अधिकार अभियान की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के द्वारा की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गारंटियों का गुलदस्ता कैंपेन आज लॉन्च हुआ जिसमें मुख्य रूप से माई बहन मान योजना प्रति माह 2500रूपये, वृद्ध दिव्यांग पेंशन प्रति माह 1500 रुपए, 200 युनिट मुफ्त बिजली, 25 लाख तक का मुफ्त इलाज बीमा और भूमिहीन परिवारों को मकान हेतु पांच डिसमिल तक





जमीन देने की योजनाएं प्रमुख हैं। इसके अलावा स्टार्टअप फंड, लाखों सरकारी नौकरियां, एमएसपी पर फसल खरीदी इत्यादि गारंटियों के साथ कैंपेन का लॉन्च हुआ जिसकी शुरुआत अगले माह से की जाएगी और इसी के लिए हर घर अभियान की शुरुआत की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि रोजगार और चिकित्सा का अधिकार भी कांग्रेस पार्टी देगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से शिक्षा, भोजन और सूचना का अधिकार आम लोगों को देने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है ठीक वैसे ही बिहार में रोजगार और स्वास्थ्य सुविधा का भी अधिकार देगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में लगातार हमने जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जाकर उनकी समस्याओं पर चर्चा कर सभी मुद्दों को चुनावी कैंपेन में समाहित करने का काम करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने अपने संबोधन में कहा कि चौपाल, माई बहिन मान योजना, हर घर झंडा अभियान पूर्व की भांति संचालित रहेगी। हर घर अभियान की शुरुआत से पूर्व बिहार कांग्रेस के विधायकों, विधान पार्षदों, विभाग, प्रकोष्ठ के नेता कार्यकर्ता और सभी वरिष्ठ नेतागण के साथ वृहद बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए जिसे चुनावी कैंपेन में समाहित करने की बात प्रदेश नेतृत्व ने की। इस बैठक में सभी जिला के प्रभारी और ऑब्जर्वर भी मौजूद रहें। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, प्रभारी सचिवगण सुशील पासी, अभय दुबे, शाहनवाज आलम, देवेंद्र यादव, पूनम पासवान, डॉ समीर कुमार सिंह, प्रेमचंद्र मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौड़, अवधेश कुमार सिंह, उमैर खान सहित विधायक, विधान पार्षद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व विधान पार्षद, जिलाध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# कांग्रेस नेता का देश विरोधी बयान दुर्भाग्यपूर्ण : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व देश के पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदम्बरम के पहलगाम आतंकी हमले पर दिए गए बयान को देशविरोधी, बेशर्मी से भरा हुआ दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा है कि यह पाकपरस्ती की हद है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि श्री चिदम्बरम का एक इंटरव्यू में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर यह कहना कि क्या पता, वे देश के ही आतंकवादी हों। आप यह क्यों मान रहे हैं कि वे पाकिस्तान से आए थे? कांग्रेस की देश विरोधी मानसिकता का परिचायक है जिस तथ्य को पूरी दुनिया जानती है जिसे पाकिस्तान के आतंकी सरगना सैफुल्लाह कसूरी खुद स्वीकार कर



चुका है। उसे तीन महीने बाद कांग्रेस झुठला रही है। एनआईए से यह पूछना कि क्या उसने आतंकवादियों की पहचान की है या यह पता लगाया है कि वे कहां से आए थे? जैसे सवाल पाकिस्तान के टूलकिट का हिस्सा है जिसे भारत में कांग्रेस दुहरा रही है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि एयर और सर्जिकल स्ट्राइक की सबूत मांगने वाली कांग्रेस, मुम्बई हमले में आतंकियों की संलिप्तता से इनकार करने वाली कांग्रेस का मूल चरित्र देश के विरोध में रह कर पाकिस्तान की तरफदारी करना ही रहा है। भारतीय सेना के शौर्य पर सवाल उठा कर कांग्रेस हमेशा देश और सेना का अपमान करती रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने 'हिन्दू आतंकवाद' जैसे शब्द गढ़ कर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को कवर करने की कोशिश की थी। मगर इस देश की 140 करोड़ जनता कांग्रेस के नहीं, देश के साथ खड़ी है। देश की संवेदनशील जनता कांग्रेस को रसातल में पहुंचा देगी।

# गार्गी उद्यमी सखी सावन महोत्सव में महिला स्वावलंबन का उत्सव

## 600 से अधिक महिलाओं की सहभागिता, महिला उद्यमिता और संस्कृति का हुआ उत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के होटल द पाइन में 27 जुलाई को 'गार्गी उद्यमी सखी सावन महोत्सव-2025' का आयोजन हुआ। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के अंतर्गत गार्गी अध्याय द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में राज्यभर से 600 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों ने उनके नवाचार और आत्मनिर्भरता की झलक पेश की। कार्यक्रम का उद्घाटन अभियान के संस्थापक विकास वैभव ने किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के सपने को




साकार करने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक होगी। गार्गी अध्याय द्वारा संचालित 27 गार्गी पाठशालाएं, कला कौशल केंद्र और गार्गी कृत्या जैसे प्रयास महिलाओं के उत्थान में योगदान दे रहे हैं। महिलाओं की प्रतिभा को उभारने के लिए 'सावन क्वीन', 'सावन प्रिंसेस' और 'नन्ही परी' जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें माधुरी सिंह, नीतू कुमारी और आर्या अंशुमान विजेता रहीं। लोक गायिका रितिका राज सिंह को 'गार्गी वाचक्नवी प्रेरणा सम्मान' से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार की लोक परंपराएं और भाषाई विविधता को प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन डॉ. शबनम अखौरी, फराह नाज और अंजलि ने किया जबकि आयोजन में डॉ. प्रीति बाला के नेतृत्व में कई महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि बिहार की महिलाएं परंपरा और आधुनिकता का संगम बनकर विकास की अग्रदूत हैं।

# कॉम्फेड बना रहा प्रतिदिन 122 मीट्रिक टन मिल्क पाउडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (कॉम्फेड) लगातार अपना विस्तार कर रहा है। कॉम्फेड अब सिर्फ बिहारी ब्रांड नहीं रहा है बल्कि यह तेजी से ग्लोबल ब्रांड बनता जा रहा है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी लोकप्रियता के पीछे इसके उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। यह अब सहकारिता के क्षेत्र की बेहतरीन मिसाल भी बन चुका है। हाल के दिनों में इसका विकास तेजी से हुआ है। कॉम्फेड ने अपना सफर लगभग 8 लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रसंस्करण क्षमता के साथ आरंभ किया था। वहीं आज कॉम्फेड ने लगभग 54.05 लाख लीटर प्रतिदिन दूध का प्रसंस्करण करने की क्षमता हासिल कर ली है। इसके साथ ही आज कॉम्फेड के पास 122 मीट्रिक टन प्रतिदिन मिल्क पाउडर बनाने की क्षमता, 1060 मीट्रिक टन प्रतिदिन पशु आहार बनाने की क्षमता है। कॉम्फेड द्वारा विगत वर्षों में नए संयंत्र की स्थापना की गई है जिसके कारण इसकी क्षमता में शानदार बढ़ोतरी हुई है। इसके नए और आधुनिक ऑटोमेटेड संयंत्रों में रोहतास डेयरी, डिहरी ऑन सॉन, समस्तीपुर डेयरी, समस्तीपुर और सुपौल डेयरी, सुपौल की क्षमता प्रतिदिन 11 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण करने की क्षमता है। ऑटोमेटेड डेयरी संयंत्र हाजीपुर डेयरी, हाजीपुर की क्षमता प्रतिदिन 4 लाख लीटर दूध की है। वहीं बरौनी डेयरी, बरौनी की क्षमता 5 लाख लीटर की है। वर्तमान में 20,885 दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियां के माध्यम से कॉम्फेड प्रतिदिन 23 लाख लीटर दुग्ध संग्रहण कर रहा है। कॉम्फेड लगभग 17 लाख लीटर प्रतिदिन तरल दूध एवं 3 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादों की बिक्री कर रहा है। यह अपने 30,540 खुदरा विक्रेताओं के माध्यम से बिहार, झारखण्ड, उत्तर पूर्वी राज्यों, दिल्ली एन.सी.आर. कोलकाता, उत्तर प्रदेश के बाजारों में अपने उत्पादों को बेच रहा है। भविष्य में अपने उत्पादों को अन्य राज्यों में भी बेचने की योजना पर काम कर रहा है। कुछ महीने पहले ही इसके ब्रांड सुधा के उत्पाद अमेरिका और कनाडा भी गए थे। इस तरह से कॉम्फेड अब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहुंच बना चुका है। दूध पाउच पैक, एलिस्टर पैक एवं टेट्रापैक दूध,दही मिस्टी दही एवं प्लेन दही,लस्सी / छाछ मैंगो लस्सी, प्लेन लस्सी, छाछ टेट्रापैक लस्सी एवं टेट्रापैक मट्ठा पनीर वैक्यूम एवं थर्मोफॉर्मिंग पैक मिठाई रसगुल्ला, गुलाबजामुन, बालुशाही, चमचम, पेड़ा, कलाकंद, मिल्क केक, राजभोग, खोवा, रसकदम, सोनपापड़ी, काजू कतरी, बेसन लडडू, पतीसा, ड्राई पेठा, पलेवरर्ड मिल्क बोतल पलेवरर्ड मिल्क, पेट बोतल फ्लेवरर्ड मिल्क, टेट्रापैक आईसक्रिम - लगभग पचपन प्रकार की, अन्य - सुधा मिनरल वाटर, सुधा ब्रेड, सुधा भुजिया, मिक्सचर, सुधा कुकिज, डेयरी वाइटनर, ठेकुआ, सुधा स्पेशल, मखाना खीर, तिलकुट, मधु, मोजरैला चीज, पीनट मसाला।

# बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ऐतिहासिक भूमि वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय- सह-स्मृति स्तूप तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन मंगलवार (29 जुलाई) को सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर दुनियाभर के 15 देशों जैसे चीन, जापान, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, तिब्बत, म्यांमार, मलेशिया, भूटान, वियतनाम, कंबोडियाा, मंगोलिया, लाओस, बांग्लादेश और इंडोनेशिया से बौद्ध भिक्षु भी वैशाली पहुंचेंगे। यह ऐतिहासिक स्मारक वैश्विक बौद्ध अनुयायियों के लिए श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस स्तूप को 550 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से 72 एकड़ भूमि में पुष्करणी तालाब और मिट्टी के स्तूप के नजदीक विकसित किया गया है। इसके पहले तल पर भगवान बुद्ध का अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो वर्ष 1958 से 62 के बीच हुई खुदाई के दौरान मिला था। आधुनिक भारत के इतिहास में पहली बार बिहार के वैशाली जिले में केवल पत्थरों से इस स्तूप का निर्माण किया गया है। सीमेंट, ईंट या कंक्रीट जैसी सामग्री के बिना ही इसका निर्माण किया गया है। स्तूप की कुल ऊंचाई 33.10 मीटर, आंतरिक व्यास 37.80 मीटर तथा बाहरी व्यास 49.80 मीटर है।

इसकी ऊंचाई विश्व प्रख्यात सांची स्तूप से लगभग दोगुनी है। इसमें राजस्थान के वंशी पहाड़पुर से मंगवाए गए 42,373 बलुआ पत्थर टंग वं ग्रुव तकनीक से जोड़े गए हैं, पत्थरों को लगाने के लिए सीमेंट या किसी चिपकाने वाला पदार्थ या अन्य चीजों का प्रयोग नहीं किया गया है।

## गोल टैलेंट सर्च एग्जाम का औपचारिक शुभारंभ

# गोल के विभिन्न कोर्सेज में छात्रवृत्ति का दिया जाएगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गोल इंस्टिट्यूट द्वारा बुद्धा कॉलोनी, पटना स्थित गोल बिल्डिंग में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के नए सत्र की औपचारिक घोषणा की गई। यह परीक्षा इंस्टिट्यूट की कंपनी सोशल रेस्पॉसिबिलिटी के तहत आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य कक्षा 6ठीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर गोल इंस्टिट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि आज के छात्र स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह भी जानना चाहिए कि आगे चलकर उन्हें मेडिकल, इंजीनियरिंग, सिविल सेवा जैसी




कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करना होगा। जीटीएसइ का उद्देश्य छात्रों को प्रारंभ से ही प्रतिस्पर्धा की प्रकृति, तैयारी की सही दिशा और मानसिकता को समझाने का है। इस परीक्षा से वे वास्तविक प्रतियोगी परीक्षा के अनुभव को महसूस करेंगे। जीटीएसइ विज्ञान में रुचि रखने वाले कक्षा 6ठीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान, गणित एवं रीजनिंग से प्रश्न पूछे जाएंगे। गोल इंस्टिट्यूट के सहायक निदेशक रंजय सिंह ने बताया कि जीटीएसइ में भाग लेने वाले छात्रों को लैपटॉप, साइकिल, घड़ी, बैग जैसे आकर्षक इनामों के साथ-साथ मेडल और प्रमाणपत्र भी मिलेंगे। इसके अलावा गोल के विभिन्न कोर्सेज में छात्रवृत्ति का भी लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो चरणों में होगी - प्रारंभिक एवं मुख्य। प्रारंभिक परीक्षा विभिन्न स्कूलों में ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है जबकि मुख्य परीक्षा के लिए रु. 100 का रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित किया गया है। रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रमुख आनंद वत्स ने बताया कि यह स्कॉलरशिप परीक्षा बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी। प्रेस वार्ता में गोल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी जैसे अकादमिक प्रमुख गौरव सिंह एवं मार्केटिंग प्रमुख सिदेश्वर सिंह की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

# बिहार संस्कृत संजीवन समाज की बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की बैठक पटना स्थित पाटलिपुत्र कॉलोनी में समाज के मुख्य परामर्शी विजय शंकर दुबे की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्कृत दिवस समारोह 9 अगस्त को पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित पेंशनर भवन में आयोजित होगा। यह आयोजन विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं पेंशन समाज संयुक्त रुप से करेगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय शंकर दुबे ने कहा कि संस्कृत भारत की आत्मा है। इस भाषा का प्रचार -प्रसार अति आवश्यक है। संस्कृत दिवस में संस्कृत अनुरागियों को आने की अपील की। समाज के अध्यक्ष डॉ शिववंश ने संस्कृत संजीवन समाज के उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संस्कृत संजीवन समाज संस्कृत और संस्कृति की रक्षा करने में प्रयासरत हैं। उन्होंने डॉ रागिनी वर्मा को कोषाध्यक्ष, श्रद्धा कुमारी को कार्यालय सचिव तथा डॉ राजेश कुमार मिश्र, डॉ भारती कुमारी एवं मुरलीधर शुक्ल को कार्यसमिति का सदस्य सर्वसम्मति से किया। समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि विहार संस्कृत संजीवन समाज संस्कृत सम्भाषण शिविर, संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर एवं संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन प्रति माह कर रहा है।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना ने मनाया उमंग के साथ 'सावन महोत्सव'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सावन की झूमती फुहारों और हरियाली से सराबोर वातावरण में, रोटरी क्लब ऑफ पटना के सदस्यों ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ 'सावन महोत्सव' का आयोजन किया। जैसे ही मेंहदी रचे हाथों की खुशबू और चूड़ियों की खनक गूंजने लगी, वैसे ही पूरे क्लब परिसर में उल्लास और उत्सव का रंग चढ़ गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में रिमझिम बारिश के बीच क्लब के सदस्यों ने सावन के गीतों पर झूमते हुए सावन के आगमन का स्वागत किया। कार्यक्रम की खास बात रही दो जजों की उपस्थिति जिन्होंने पूरे आयोजन को ऊर्जावान और प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया। सदस्यों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें सभी ने पूरे जोश और




आनंद के साथ भाग लिया। महोत्सव की शोभा बनी 'राधा' के रूप में शायशा और 'कृष्ण' बने आरव किशन की सुंदर झांकी जिसमें राधा-कृष्ण के प्रेम प्रसंग को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। बाल कलाकार पुलकित के शानदार नृत्य प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया और यह प्रस्तुति दर्शकों के लिए अविस्मरणीय बन गई। सदस्य युगलों ने भी विभिन्न गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों और सुंदर परिधानों के आधार पर 'सावन किंग' और 'सावन क्वीन' का चयन किया गया। इस वर्ष 'सावन किंग' के खिताब से विशाल कुमार को नवाजा गया, वहीं 'सावन क्वीन' का ताज अनुभा को प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका डॉ गीता जैन एवं डॉ अर्चना वर्मा ने निभाई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विशाल कुमार और डॉ. अमित राम के सुरों ने पूरे वातावरण को संगीतमय कर दिया और उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# इंश्योरेंस कॉनक्लेव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पटना के मौर्य होटल में इंश्योरेंस कॉनक्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉनक्लेव में सरकार द्वारा प्रायोजित बीमा योजनाओं पर चर्चा के लिए इएसआइसी की तरफ से क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने भाग लिया। उन्होंने संगोष्ठी के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बिहार सरकार, सीडैक, एलआइसी सहित विभिन्न बीमा कंपनी के अधिकारियों, उधमी, जीविका, फिनटेक कंपनी, स्टार्टस अप व हितधारकों की उपस्थिति में सभा को संबोधित करते हुए इएसआइ की सामाजिक सुरक्षा योजना पर प्रकाश डाला। योजना के विषय में विस्तार से बताते हुए अवगत कराया कि वैसे




नियोक्ता या संस्थान जिन्होंने चूकवश या अनजाने में अपने संस्थान को अब तक इएसआइ अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं करा पायें हैं उन्हें 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक बिना पिछले अवधि के बकाया की मांग के पंजीकृत करने के लिए अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत कर्मचारी द्वारा घोषित पंजीकरण तिथि से पहले की अवधि के लिए कोई रिकॉर्ड जांच या बकाया की मांग नहीं की जायेगी।

# छात्रों का मंच पर प्रदर्शन सराहनीय : आशुतोष मेहरोत्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लिटेरा पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों ने 10वें आदि शक्ति प्रेम नाथ खन्ना समारोह में भाग लेकर अपनी कला, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना का शानदार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम साहित्य संगीत एवं नाट्य समागम के सहयोग से और बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के समर्थन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में छात्रों ने शास्त्रीय नृत्य, संगीत, नाट्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर किया, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहराई और विविधता को भी




दर्शाया। लिटेरा पब्लिक स्कूल के निदेशक (प्रशासन) आशुतोष मेहरोत्रा ने कहा हमारे छात्रों ने जिस उत्साह, अनुशासन और प्रतिभा के साथ मंच पर प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावकों और अतिथियों ने उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एजुकेशन, जूट आर्टिसन संस्था और सांस्कृतिक परिवार जैसे संगठनों का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

# तकनीकी नवाचार की दिशा में बिहार पुलिस ने बढ़ाए महत्वपूर्ण कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कुल 968 सीसीटीएनएस आच्छादित थानों के द्वारा स्टेशन डायरी, प्राथमिकी एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सीसीटीएनएस पोर्टल पर ससमय डिजिटल प्रारूप में प्रविष्टियां की जा रही हैं। जिलों के सीसीटीएनएस आच्छादित थानों के द्वारा आईसीजेएस पोर्टल पर यह लॉग इन पर उपलब्ध है। सर्वोच्य न्यायालय के निदेश के आलोक में बिहार राज्य के कुल 1212 पुलिस थाना व ओपी में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। कुल 176 थाना व ओपी में कैमरों की स्थापना की प्रक्रिया प्रगति पर है। पुलिस मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है जो पूरे सप्ताह 24 घंटे कार्यरत है जिसमें सीसीटीवी से संबंधित आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जाता है। बिहार पुलिस नवीन तकनीकों को अपनाकर जनता को बेहतर सेवाएं देने हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य के नवसृजित व नवउत्क्रमित 373 पुलिस थानों व प्रतिष्ठानों को सीसीटीएनएस परियोजना से आच्छादित करने हेतु इन थानों में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर साइट तथा नेटवर्क से जुड़ाव की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्रवाई की जा रही है।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म पर राजेश राम ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर/पटना।** मुजफ्फरपुर के औराई में महादलित नाबालिग बच्ची से हुए वीभत्स दुष्कर्म की घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम दल-बल के साथ पीड़िता का एसकेएमसीएच में जाकर कुशलक्षेम लिया और उनके परिजनों से मिलकर भरोसा दिया कि आपके न्याय की लड़ाई में कांग्रेस का साथ रहेगा और हम दोषियों के गिरफ्तारी से लेकर बच्ची के इलाज तक परिजनों के साथ खड़े रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने एसकेएमसीएच में परिजनों से मिलने के बाद प्रशासन से मिलकर



पीड़िता का उचित इलाज और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी करा कर स्पीडी ट्रायल चलाने की मांग की। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों का गुंडाराज स्थापित है। रोजाना बिहार की बच्चियों की अस्मिता लूटने वाले अपराधियों के सामने प्रशासन और सरकार ने सरेंडर कर दिया है। औराई की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कितनी वीभत्स स्थिति है कि बलात्कार जैसी अमानवीय घटना के बाद भी दोषियों द्वारा महादलित नाबालिग बच्ची के साथ दरिंदगी की गई वो असहनीय है। ऐसे दुर्दांत दरिंदों को जितनी कानून सम्मत सजा दी जाए वो कम है। बिहार में गया में लगातार ऐसी ही तीन दिनों में तीन घटना हुई। इससे पहले लगातार महिलाओं के साथ अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं हो रही है जो बताने को काफी है कि बिहार में स्थापित गुंडाराज में महिलाएं, बच्चे, व्यवसायी और आम आदमी असुरक्षित हैं। इस घटना में बच्ची का ऑपरेशन तक में देरी की गई बाद में जिला कांग्रेस के नेताओं के हस्तक्षेप से इलाज संभव हुआ। दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी करने की मांग की।

# गोड्डा और दौराई (अजमेर) के मध्य एक नई ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** देवघर-जसीडीह-झाझा-किउल-नवादा-गया-डीडीयू के रास्ते गोड्डा और दौराई (अजमेर) के मध्य एक नई ट्रेन 19604/19603 दौराई-गोड्डा-दौराई एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसका नियमित परिचालन दौराई से 03.08.2025 से प्रत्येक रविवार को तथा गोड्डा से 05.08.2025 से प्रत्येक मंगलवार को किया जाएगा। इस ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 कोच तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। गाड़ी सं. 19603 दौराई-गोड्डा एक्सप्रेस दौराई से प्रत्येक रविवार को 15.30 बजे खुलकर 23.05 बजे दिल्ली तथा सोमवार को 10.30 बजे डीडीयू, 11.24 बजे भभुआ रोड, 12.02 बजे सासाराम, 12.22 बजे डिहरी ऑन सोन, 13.55 बजे गया, 14.55 बजे तिलैया, 15.13 बजे नवादा, 15.50 बजे शेखपुरा, 16.55 बजे किउल, 18.50 बजे झाझा, 19.42 बजे जसीडीह, 19.55 बजे देवघर सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 22.20 बजे गोड्डा पहुंचेगी।

## संपादकीय

# लो अब दूतावास भी फर्जी !

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में फर्जी दूतावास का भंडाफोड़ चौंकाने वाली घटना है। फर्जी काल सेंटर, फर्जी आधार केंद्र और वीजा दिलाने वाले फर्जी केंद्रों के मामले तो सामने आते रहे हैं, लेकिन फर्जी दूतावास के खुलासे से कई सवाल खड़े हो गए हैं। ये सवाल तब और गंभीर हो जाते हैं, जब राजधानी दिल्ली से महज चंद किलोमीटर की दूरी पर इस तरह का गोरखधंधा चल रहा हो। यह मामला न केवल धोखाधड़ी और जालसाजी का है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जो खुलासे किए हैं, उनसे सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाली एजंसियां भी कठघरे में हैं।

एक आलीशान भवन में किसी देश का फर्जी दूतावास होने की भनक किसी को पहले क्यों नहीं लगी? आरोपी इस भवन के बाहर नकली राजनयिक नंबर प्लेट वाली महंगी कारें खड़ी करके रखता था, ताकि वहां आने वाले लोगों को यह दूतावास जैसा ही लगे। जांच के दौरान कई नकली नंबर प्लेट भी मौके से बरामद की गई हैं।एटीएस ने गाजियाबाद के कविनगर में छापा मार कर इस फर्जी दूतावास का पर्दाफाश किया। आरोपी ने किराए पर यह भवन ले रखा था, जहां वह फर्जी तरीके से पश्चिम आर्कटिक का दूतावास संचालित कर रहा था। वह खुद को सेबोर्गा, पुलविया और लोडोनिया का राजदूत भी बताता था। आरोपी इस फर्जी दूतावास के जरिए विदेश में काम दिलाने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलता था। हैरत की बात है कि वह लोगों को गुमराह करने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ अपनी तस्वीरों का भी इस्तेमाल करता था।इन तस्वीरों को उसने इंटरनेट पर छेड़छाड़ करके तैयार किया था। इससे इस बात का भी पता चलता है कि इंटरनेट का दुरुपयोग धोखाधड़ी और आपराधिक गतिविधियों के लिए किस हद तक किया जा सकता है। गौर करने की बात है कि इससे पूर्व वर्ष 2011 में इस आरोपी से एक अवैध सैटेलाइट फोन बरामद हुआ था और इस संबंध में स्थानीय थाने में मामला दर्ज किया गया था। यानी वह पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। जिस इलाके में वह फर्जी दूतावास चल रहा था, वहां पुलिस गश्त भी होती ही होगी। इस भवन के बाहर कोई सुरक्षाकर्मी भी तैनात नहीं था। ऐसे में सवाल है कि पुलिस को वहां संदिग्ध गतिविधियों को लेकर संदेह पहले क्यों नहीं हुआ? जांच एजंसी का दावा है कि आरोपी मुखौटा कंपनियों के माध्यम से हवाला गिरोह भी चला रहा था। ऐसे में इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि उसके तार किसी विदेशी खुफिया एजंसी से जुड़े हों। गंभीर बात यह है कि आरोपी पूर्व में अंतरराष्ट्रीय हथियार सौदागर चंद्रास्वामी और अदनान खगोशी के संपर्क में भी रह चुका था।

**बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है,लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।**

# शोध अध्ययन भी बता रहे विशेष गहन पुनरीक्षण की जरूरत

**(उमेश चतुर्वेदी)**

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है,लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती है। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम, विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिल कर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है।

विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इस अध्ययन के मुताबिक, इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। विधु शेखर और मिलन कुमार अपने शोध के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज




ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। विधु शेखर और मिलन कुमार को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है।

इस अध्ययन के अनुसार, बिहार के गांवों में जहां मृत्यु के आंकड़े अपडेट ना होने की वजह से फर्जी नाम ज्यादा हैं, वहीं शहरी इलाकों में पलायन के बावजूद नाम काटे नहीं गए हैं। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे। राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता हैं। इस शोध अध्ययन के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास ही बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो सतहत्तर लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बड़ हैं।

विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन को आगे बढ़ाते हुए राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं। राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है,लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। पश्चिम बंगाल के सीमांचल के नजदीकी जिले बांग्लादेश से सटे हैं। इसकी वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है।

संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। लेकिन आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एम वाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है। विपक्षी दलों को आशंका है कि बीजेपी के इशारे पर उसके इन्हीं वोटरों को काटा जा सकता है। चुनाव आयोग के प्रमुख के रूप टीएन शेषन और केजे राव जैसे अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार चाहे तो अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# धर्मान्तरण के खेल पर विपक्ष का मौन

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

समूची दुनिया में लोगों की निजी मान्यताओं को प्रभावित करने वाले प्रयासों में अचानक तेजी आ गई है। व्यक्तिगत जीवन शैली को साम्प्रदायिक मूल्यों के अनुरूप परिवर्तित करने वालों की भीड बढने लगी है। ऐसे गिरोहों को आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक सहयोग देने वालों की संख्या में निरंतर इजाफा होता जा रहा है। मजहब के नाम पर चलने वाली दुकानों को धार्मिक उन्माद फैलाने वाले कारखानों में बदल दिया गया है। पैसों की चमक, प्रतिष्ठा का लालच और विलासता का वैभव दिखाकर मासूम लोगों की भावनाओं से खुलेआम खिलवाड हो रहा है। जबरन धर्मान्तरण, निकाह और जेहाद के अनगिनत मामले तेजी से उजागर हो रहे हैं जिसमें सरकारी मशीनरी के महात्वपूर्ण कलपुर्जों को दबंगी से उपयोग किया गया है। पुलिस, प्रशासन और न्याय के मंदिरों का दुरुपयोग करने वालों की मनमानियों रह-रहकर सामने आ रहीं हैं। निजी सम्पर्क, चांदी की चमक और राजनैतिक प्रभाव से निर्दोषों पर कहीं झूठी प्राथमिकी दर्जा करायी गई तो कहीं कानूनी शिकंजा कसा गया। कहीं कार्यपालिका के आला अफसरों का प्रताडना भरा हुकुम चला तो कहीं पुलिसिया डंडों की बरसात हुई। नक्कारखाने में निरीहों की आवाज तूती बनकर रह गई। शेखों की ऐशगाहों में हिन्दुस्तान की कलियों कुचलने की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होती चली गई। भय, डर और खौफ के शस्त्रों का प्रहार करने वाले आतंकी गिरोहों की तादात में इजाफा होता चला गया। सुर्खियों में आने के बाद भी ऐसे अनेक मामलों पर विरोधी दलों के नेताओं के मुंह से निंदा का एक भी शब्द बाहर नहीं आया। उनकी चुप्पी ने उनकी नीतियों, रीतियों और आदर्शों को उजागर कर दिया है। संविधान की किताब लेकर फोटो खिंचाने वाले चेहरों ने जबरन धर्मान्तरण वाले मामलों पर नकाब पहन कर मुंह छिपा लिया। पर्दे के पीछे से चल रहे इस षडयंत्र की बानगी ने ही आने वाले समय के विकार दावानल की दस्तक दे दी है। गांव से लेकर महानगरों तक में फैली अवैध बस्तियों में गैरकानूनी हथियारों की बडी खेपें मौजूद है। यह जानकारी वहां के स्थानीय प्रशासन और पुलिस के पास निरंतर पहुंच रही है परन्तु कार्यपालिक ने अभी तक कट्टरता के आतंक तले पनप रही इस विष बेल को उखाडने को प्रयास ही नहीं किया है। इस उपेक्षा के पीछे जहां तंत्र में मौजूद मीर जाफरों की फौज उत्तरदायी है वहीं अनेक राजनैतिक दलों के छाती पीट आयोजन की धमकी भी कारगर हो जाती है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर आतंकियों की भीडतंत्र, खद्दरधारियों की चीखें और न्यायालयों के फरमान हमेशा ही अवरोध के रूप में खडे होते रहे हैं। यह सब कुछ पूर्व निर्धारित षडयंत्र का व्यवहारिक स्वरूप है जो रह-रहकर सामने आता है। देश की बढती अर्थ व्यवस्था, वैश्विक प्रतिष्ठा और नागरिक खुशहाली को अस्तित्वहीन करने के लिए सीमापार से अनगिनत परियोजनायें चलाईं जा रहीं हैं। इस हेतु अनेक विकसित राष्ट्रों, कट्टर देशों और जेहादी संगठनों द्वारा पूरे देश में आस्तीन के सांपों को पौष्टिक दूध पिलाया जा रहा है। जेहाद के नाम पर जहर की खेती करने वालों ने जन्नत की कल्पना में गर्म खून झौंककर काफिरों को मृत्युदण्ड देने का फतवा जारी कर दिया है। अल्लाह के इस्लाम से कोसों दूर मुल्ला का इस्लाम अब मानव जाति पर कहर बनकर टूट रहा है। व्यवहारिक आबादी के आंकडों में बहुसंख्यक होते ही वहां के इलाकों में तिरंगे से हटकर चांद-तारों की बातें होने लगतीं हैं। सरकारी दफ्तरों तक में रविवार के स्थान पर शुक्रवार का अवकाश तक घोषित कर दिया जाता है। यह देश की विडम्बना ही है कि समय के साथ सभी ज्वलंत और अमानवीय मुद्दे खामोशी अख्तियार कर लेते हैं। कोरोना काल में जिस तबलीगी जमात पर वायरस फैलाने, सरकारी आदेश न मानने और जबरन मनमानियां करने के आरोप लगाये गये थे, उस घटना पर की गई कानूनी कार्यवाही आज तक सामने नहीं आई। उत्तराखण्ड के वन क्षेत्रों में अवैध रूप से बनाई गई 5 हजार से अधिक मजारों के सुर्खियों में आने के बाद भी परिणाम सामने नहीं आये। राजनैतिक दलों के मुखियों ने हमेशा ही 'देश की जनता जानना चाहती है', 'देश को जानने का हक है', 'देश को बताया जाना चाहिए', जैसे शब्दों का प्रयोग करके निहित स्वार्थों को साधने के लिए हमेशा से वोट बैंक बढाने के लिए षडयंत्र किया है। इसी के तहत कभी अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का नारा दिया गया तो कभी भगवां आतंक का राग अलापा गया। कभी अनुसूचित जाति-जनजाति जैसे शब्दों को तलवार बनाकर सौहार्य की हत्या की गई तो कभी सनातन को मनुवाद कहकर कोसा गया। ऐसा करने वालों के निशाने पर केवल और केवल सनातन, हिन्दू और वैदिक परम्पराओं का अनुशरण करने वाले ही रहते हैं। ऐसे लोग कट्टरता से लोहा लेने की सोचने मात्र से ही सिहर जाते हैं। धर्मान्तरण के खेल पर विपक्ष का मौन उनकी मान्यताओं को उजागर करने के लिए पर्याप्त है। राजनैतिक ठेकेदार बनकर देश के नागरिकों को जातिगत जनगणना से खण्ड-खण्ड करने का मनसूबा पालने वाले षडयंत्रकारी अब पूरी तरह से बाह्य आक्रान्ताओं के पदचिन्हों पर ही कदमताल करने लगे हैं। इन्हें रोकने के लिए आम आवाम को आगे आना पडेगा तभी सफेदपोश अपराधी पूरी तरह बेनकाब हो सकेंगे।इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# समीकरणों को बदलने में माहिर हैं मोदी, मालदीव में चीनी दबदबा खत्म कर बढ़ा दिया भारत का प्रभाव

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अपने इस पड़ोसी देश को आगे बढ़ते रहने तथा खुशहाल रहने के लिए भारत की ओर से शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के दौरान जिस गर्मजोशी से मालदीव की जनता और सरकार ने उनका स्वागत किया, उसने अंतराष्ट्रीय राजनीति को कई संदेश दिए। मालदीव की सड़कों पर लगे 'मोदी-मोदी' के नारे और नागरिकों का उत्साह यह दर्शाता है कि भारत और मालदीव के रिश्ते नए विश्वास और मजबूती के दौर में प्रवेश कर चुके हैं।**

**(नीरज कुमार दुबे )**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के शुरुआती दिनों में उनके चीन की ओर झुकाव को लेकर आशंकाएं थीं। लेकिन मोदी के स्वागत ने यह संकेत दिया कि मालदीव की जनता भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अपने इस पड़ोसी देश को आगे बढ़ते रहने तथा खुशहाल रहने के लिए भारत की ओर से शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के दौरान जिस गर्मजोशी से मालदीव की जनता और सरकार ने उनका स्वागत किया, उसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को कई संदेश दिए। मालदीव की सड़कों पर लगे 'मोदी-मोदी' के नारे और नागरिकों का उत्साह यह दर्शाता है कि भारत और मालदीव के रिश्ते नए विश्वास और मजबूती के दौर में प्रवेश कर चुके हैं।

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के शुरुआती दिनों में उनके चीन की ओर झुकाव को लेकर आशंकाएं थीं। लेकिन मोदी के स्वागत ने यह संकेत दिया कि मालदीव की जनता भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखती है। यह चीन के लिए स्पष्ट संदेश है कि मालदीव में भारत की जमीनी पकड़ और लोकप्रियता मजबूत है। जो लोग मालदीव में इंडिया आउट अभियान चला रहे थे उन्हें राजधानी माले की सड़क का यह दृश्य जरूर देखना चाहिए जहां जनता खुद से नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगा रही है।

हम आपको बता दें कि चीन हिंद महासागर में अपने बंदरगाहों और निवेशों के माध्यम से प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। मालदीव इस रणनीति में एक अहम मोती है। लेकिन मालदीव में भारत के प्रति बढ़ती सकारात्मकता चीन की इस नीति के लिए बाधा बन सकती है। 'मोदी-मोदी' के नारे यह संकेत हैं कि मालदीव भारत को अधिक प्राथमिकता देने के लिए तैयार है। साथ ही मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार किसी भी विदेशी शक्ति को देश के मामलों पर नियंत्रण नहीं करने देगी। भारत के साथ बढ़ता सहयोग यह दिखाता है कि मालदीव चीन पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। यह संकेत चीन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। हम आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने 60वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चीन को अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दिया है कि उनकी सरकार किसी भी विदेशी शक्ति को मालदीव पर नियंत्रण नहीं करने देगी। राष्ट्रपति मुइज्जू ने वरिष्ठ सैन्य और पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि मालदीव को हमेशा अपने नागरिकों की सुरक्षा और अपने मामलों के प्रबंधन के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशाल समुद्री क्षेत्र वाले इस देश के लिए सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना आवश्यक है ताकि वह अपने मामलों को स्वयं संभाल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मालदीव द्विपक्षीय साझेदारों से तकनीकी और अन्य सहयोग लेने के लिए खुला है, लेकिन किसी अन्य देश को आकर मालदीव के मामलों पर नियंत्रण करने देना उनकी सरकार की नीति के विरुद्ध है। यही कारण है कि प्रशासन सेना और पुलिस की भूमिका बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

मालदीव में मोदी के स्वागत का यह उत्साह बताता है कि भारत न केवल आर्थिक और रक्षा सहयोग से बल्कि जनता-से-जनता के रिश्तों से भी मालदीव में मजबूत स्थिति में है। यह चीन को संदेश देता है कि भारत की इस क्षेत्र में गहरी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जड़ें हैं, जिन्हें बाहरी प्रभाव से कमजोर करना मुश्किल है। मोदी के मालदीव दौरे और 'मोदी-मोदी' नारों ने चीन को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका अपरिहार्य है। मालदीव भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर यह दिखा रहा है कि वह चीन के अत्यधिक प्रभाव से दूरी बनाना चाहता है। मालदीव के राष्ट्रपति ने जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी को भारतीय राजनीति में रिकॉर्ड बनाने पर बधाई दी वह दृश्य भी देखने लायक था।

जहां तक भारत और मालदीव के बीच हुए करारों की बात है तो आपको बता दें कि राष्ट्रपति मुइज्जू और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आठ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते की शर्तें, भारत की एक्ज़िम बैंक से 565 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट, मछली पालन और एक्वाकल्चर के क्षेत्र में सहयोग, डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को साझा करने, भारतीय फार्माकोपिया की मान्यता और मालदीव में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस सेवाओं के कार्यान्वयन से जुड़े समझौते शामिल हैं।

कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा ने भारत-मालदीव संबंधों को एक नई ऊंचाई दी है। इस यात्रा का महत्व केवल द्विपक्षीय सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित करती है। जहां तक मोदी की यात्रा से चीन पर रणनीतिक प्रभाव पड़ने की बात है तो आपको बता दें कि मालदीव, हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बेल्ट एण्ड रोड इनीटिटाइव (बीआरआई) का अहम हिस्सा रहा है। बीते कुछ वर्षों में चीन ने मालदीव में भारी निवेश कर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश की थी। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा यह संदेश देती है कि भारत मालदीव को अपनी रणनीतिक परिधि का हिस्सा मानता है और चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए सक्रिय है। भारत द्वारा घोषित नई परियोजनाएं और सुरक्षा सहयोग मालदीव को यह विकल्प देते हैं कि वह चीन पर अत्यधिक निर्भर न रहे।

हम आपको यह भी बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति के एक करीबी रिश्तेदार की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी की बात जैसे ही सामने आई वैसे ही भारत ने इसे गंभीरता से लिया और कड़ा कूटनीतिक विरोध दर्ज कराया। यह प्रतिक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संदेश देता है कि भारत अपने नेतृत्व के सम्मान से जुड़े मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा। यह मालदीव सरकार को भी सतर्क करता है कि वह आंतरिक राजनीतिक बयानों को नियंत्रित करे, ताकि द्विपक्षीय संबंधों पर नकारात्मक असर न पड़े। भारत ने यह स्पष्ट किया कि मजबूत रिश्ते पारस्परिक सम्मान पर आधारित होते हैं। मालदीव सरकार ने भी बाद में यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि ऐसे बयान द्विपक्षीय रिश्तों को प्रभावित न करें।

बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत-मालदीव संबंधों में रक्षा, व्यापार और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बढ़ती साझेदारी दोनों देशों को दीर्घकालिक लाभ देगी। यह सहयोग न केवल आर्थिक विकास में सहायक होगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करेगा। देखा जाये तो प्रधानमंत्री मोदी की मालदीव यात्रा ने भारत-मालदीव संबंधों को नई मजबूती दी है। भारत द्वारा दी गई सहायता ने मालदीव की सुरक्षा और विकास क्षमताओं को बढ़ाया है, जो चीन के प्रभाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस यात्रा से एक बात और उभर कर आई कि प्रधानमंत्री मोदी घरेलू राजनीति ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के समीकरणों को भी बदलने में माहिर हैं। कल तक मालदीव पर चीन का दबदबा था लेकिन अब मोदी ने उसे खत्म कर वहां भारत का प्रभाव बढ़ा दिया है। इससे पहले मोदी श्रीलंका और नेपाल को भी चीनी दबदबे से काफी हद तक बाहर निकलवा चुके हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

New page 44_page 12 29.05.2025.qxd 28-07-2025 22:08 Page 1



# उपायुक्त ने किया लंगटा बाबा कॉलेज का औचक निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, नामांकन, शैक्षणिक गतिविधियों और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की लंगटा बाबा कॉलेज को पारदर्शी रूप से संचालित करने के सख्त निर्देश तिसरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में क्रियान्वित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के द्वारा विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं और सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला उपायुक्त जमुआ प्रखंड के मिजार्गंज स्थित लंगटा बाबा कॉलेज पहुंचे, जहां उपायुक्त ने शैक्षणिक गतिविधियां, कॉलेज में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा, नामांकन, साफ-सफाई और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने डीटीपी पंजी, रजिस्टर पंजी, कैश बुक आदि का अवलोकन किया और रजिस्टर पंजी को नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त ने पुस्तकालय, प्रयोगशाला, कार्यालय कक्ष, स्टडी रूम आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश



अधिकारियों को दिया। इसके अलावा स्मार्ट क्लास, साइंस लैब और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि पारदर्शी तरीके से कॉलेज का संचालन सुनिश्चित करें तिसरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में क्रियान्वित विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए इसके अलावा उपायुक्त ने तिसरी प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण किया। स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इसके उपरांत मनरेगा अंतर्गत संचालित कुआं का निरीक्षण किया, कुआं के माध्यम से ग्रामीणों को सिंचाई की सुविधा का अवलोकन किया तथा स्पष्ट निर्देशित किया कि सिंचाई की सुविधा मिलें, संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कुआं का पानी पीकर पानी की गुणवत्ता की जांच की। इसके अलावा उपायुक्त ने ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मिल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बुजुर्ग से मिलकर उन्हें वृद्धा पेंशन मिल रही है या नहीं, इसकी जानकारी ली तथा अन्य सरकारी योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत किसानों द्वारा की गई मिर्ची की खेती का भी जायजा लिया और मिर्ची के उत्पादन और उनसे होने वाले लाभ की भी जानकारी ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तिसरी का निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर, आमजनों की चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकताः- उपायुक्त इसके अलावा उपायुक्त ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया, कहा कि आमजनों को सुगम स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति, रजिस्टर पंजी, आयुष्मान वार्ड, इमरजेंसी वार्ड समेत अन्य वार्डो का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

## पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देवरी प्रखण्ड के बांसडीह पंचायत में नावाबांध पक्की सड़क से टोलाटांड़ होते हुए कुलमनडीह तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया यह सड़क निर्माण सदियों से ग्रामीणों की मूलभूत मांग रही है। आज इसके शिलान्यास से ग्रामवासियों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा के पार्टी पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह पथ अब न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी नई दिशा देगा मैं प्रतिबद्ध हूं कि एक-एक करके जमुआ विधानसभा की हर सड़क को जोड़कर गांव को गांव से जोड़ा जाएगा, ताकि विकास की रोशनी हर घर तक पहुँचे सभी ग्रामवासियों को इस बहुप्रतीक्षित सौगात की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।

## भारी बारिश को देखते हुए उपायुक्त ने की लोगों से सावधानी बरतने की अपील

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खराब मौसम व भारी बारिश को देखते हुए बेवजह घर से बाहर न निकले, विशेष परिस्थिति में ही घरों से निकले उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव के द्वारा जानकारी दी गई कि मौसम विभाग के अनुसार जिले में भारी बारिश की संभावना लगातार बनी हुई है। साथ ही वर्तमान में अत्यधिक वर्षा के कारण जान माल के नुकसान की स्थिति भी बनी रहती हैं। ऐसे में सभी से आग्रह होगा कि खराब मौसम की वजह से अपने घरों से बेवजह न बाहर निकले विशेष परिस्थिति में ही घरों से निकले।

उन्होंने दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण अक्सर झील, तालाब, जलाशय, डोभा, नदी-नाले सब भर जाते हैं और आम जनजीवन प्रभावित होता है। अत्यधिक वर्षा से सड़क जाम, कच्चे मकान का टूटना, वज्रपात से जान-माल को नुकसान, फसलों को नुकसान की आशंका बनी रहती है। विशेषकर बच्चों को इससे काफी खतरा रहता है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लोगों से नदी नाले, जलाशय आदि से बच्चों को दूर रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में खेतों में काम कर रहे कृषकों की वज्रपात के कारण आकस्मिक मौत की जानकारी प्राप्त होती है। साथ ही खुले खेतों में रह रहे मवेशियों पर भी खतरा बना रहता है। ऐसे में आप सभी बच्चों के अभिवावकों से आग्रह होगा कि डोभा, तालाब, नदी, जलाशय आदि से अपने साथ-साथ अपने बच्चों को भी दूर रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कही जलजमाव हो रहा है, जल निकासी का उचित प्रबंध करें। जल जमाव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें।

## दो चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस की बड़ी सफलता, बीते दिनों पचंबा थाना क्षेत्र में हुए चोरी के मामले का पुलिस ने किया खुलासा, दो चोर गिरफ्तार, चांदी के जेवरात बरामद गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसेरिया निवासी रमेश दास के घर में 13 जुलाई की रात हुई चोरी मामले का उदभेदन पचंबा थाना पुलिस ने कर लिया है। साथ ही पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल दो युवकों को भी गिरफ्तार किया है, जिसमें बेंगाबाद के खुटरीबाँध निवासी सुनील यादव और पचम्बा थाना क्षेत्र के कोयरीटोला निवासी दिलीप यादव शामिल है पुलिस ने दोनों के पास से चोरी में उपयोग किए गए गैता (औजार), एक जोड़ा चांदी का पायल और एक चांदी की चेन बरामद किया है। उक्त आशय की जानकारी पचंबा के इंस्पेक्टर मंटू कुमार और थाना प्रभारी राजीव कुमार ने प्रेसवार्ता कर दी। बताया की रमेश दास द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 305/331(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. विमल कुमार के निर्देश पर पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

# अंतिम सोमवारी को कांडतरी में होगा प्रसाद सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागाँव।** प्रखण्ड़ के ऐतिहासिक धरोहर महूदी पहाड़ स्थिति बुढ़वा महादेव मंदिर दर्शनार्थियों के लिए अब देशभर में विख्यात है। इस धार्मिक स्थल पर देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। विगत कुछ वर्षों से अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए शिवभक्तों की टोली और काँवरियों के जत्थे रजरप्पा माँ छिन्मस्तिका मंदिर के भैरवी नदी से जल उठाकर लगभग 110 किलोमीटर पैदल जलपद यात्रा कर बड़कागाँव के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल महूदी पहाड़ की पवित्र धरती पर नाचते-झूमते पूरे भक्तिमय में लीन होकर बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं।

शिवभक्तों की कुछ टोलियाँ डाँक बम की तरह बिना रूके रजरप्पा से पैदल चलकर बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। महूदी पहाड़ के इस घनघोर वादियों में बुढ़वा महादेव मंदिर के अलावे द्वारपाल, गुफा, रानीदह, हथिया पत्थर, दारू कोठरी, छगरी गोदरी, शिवमठ, राजा गोसाईं, रानी तालाब, पौराणिक कुँआ, झरना (बन्दरचुवा), डुमारो नदी जैसे




अनके दार्शनिक एवं मनोरम स्थल हैं। जो महूदी पहाड़ के चारों ओर अवस्थित है। जहाँ सुन्दर मन एवं भक्ति भाव से शिवभक्त जलाभिषेक करते है। ऐसे में बड़कागाँव प्रखण्ड़ के ग्राम कांड़तरी के युवाओं की गठित टीम ग्राम युवा संगठन कांड़तरी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष 2025 में भी रजरप्पा से महूदी पहाड़ पैदल पदयात्रा कर रहे पाँच सर्वश्रेष्ठ काँवरियों के जत्थे (झाँकी व कला में बेहतर प्रदर्शन करने वाले) को अतिथियों द्वारा पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। साउंड सिस्टम व ताशा पार्टी में प्रथम तीन बेहतर प्रदर्शन करने वाले के साथ अनुशासन रहित जत्थे को विशेष पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

साथ ही, व्यक्तिगत कला प्रदर्शन करने वाले शिवभक्तों को ग्राम युवा संगठन, कांड़तरी के बैनर तले पुरस्कृत किया जाएगा। बड़कागाँव उपप्रमुख बचनदेव कुमार ने बताया कि सावन महीना बड़कागाँव क्षेत्र के लिए एक अद्भुत क्षण है, इन दिनों शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं को भरपूर सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अंतिम सोमवारी के दिन पूरे धूमधाम के साथ श्रद्धालू सह अतिथि स्वागत, प्रसाद वितरण व पुरूस्कार वितरण का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम को अतिथि काफी प्रशंसा करते हैं। ग्राम युवा संगठन कांड़तरी के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार निराला ने कहा कि प्रसाद वितरण का कार्य सुबह 6:00 बजे से प्रारम्भ कर दी जाएगी साथ ही अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा। और शाम 5:00 बजे पुरूस्कार वितरण का कार्य सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बड़कागाँव उपप्रमुख सह कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक बचनदेव कुमार, अध्यक्ष प्रभाकर कुमार निराला, सचिव सुबेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष चितरंजन कुमार, उपाध्यक्ष विकास राम, उपसचिव अनिल कुमार राज, संगठन मंत्री रंजन कुमार, मुख्य सहयोगी लक्ष्मण कुमार, नंदकिशोर कुमार, रामविलास कुमार, विनेश कुमार, पप्पू कुमार, गोविन्द कुमार, जनार्दन कुमार, रितेश कुमार, सुनील कुमार, विनय कुमार, नरेश कुमार, हरिनन्दन कुमार, श्रावण कुमार, शिवानन्द कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जिला बाल कल्याण और संरक्षण समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने बच्चों के अधिकारों, उनके कल्याण, और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर जोर दिया, कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिले, जहां उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की उचित व्यवस्था हो आज जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने समाहरणालय सभागार में बाल संरक्षण के मुद्दों पर जिला बाल कल्याण और संरक्षण समिति की बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना था।

बैठक में उपायुक्त ने बच्चों के अधिकारों, उनके कल्याण, और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर जोर दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिले, जहां उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की उचित व्यवस्था हो। बैठक में उपायुक्त ने मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कार्यरत सभी घटकों, जिसमें जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा की। साथ ही चाइल्ड लाइन की गतिविधियों के संबंध में एवं उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की गयी। वहीं मिशन वात्सल्य योजना, फॉस्टर केयर योजना के साथ ही चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग, सड़क पर जीवनयापन




करने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करने, बाल श्रम, बाल व्यापार, बाल विवाह, बाल संरक्षण, पॉक्सो, किशोर न्याय अधिनियम, बच्चों से जुड़े अन्य कानून पर चर्चा की गयी।

उपायुक्त ने सभी स्टेक होल्डर को निर्देशित किया कि विशेष परिस्थितियों में रह रहे किशोर-किशोरियों की सुरक्षा और उनके समग्र विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उपायुक्त ने कहा कि बाल संरक्षण बेहद जरूरी है।

बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सहयोगात्मक रणनीति विकसित करने, बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर हितधारकों के साथ संवाद को सुविधाजनक बनाने, बाल संरक्षण ढांचे को मजबूत करने तथा बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर अंतर विभागीय समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्लोबल टाइगर्स डे पर स्मार्ट क्लास का मंत्री करेंगे उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू टाइगर प्रोजेक्ट क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क परिसर के बाहर अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर सुबह के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर व पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार बतौर मुख्य अतिथि होंगे। उक्त जानकारी सीसीएफ सह पीटीआर के फिल्ड डायरेक्टर एस आर नटेश ने दी।

वे ग्लोबल टाइगर्स डे के पूर्व संध्या पर स्थानीय कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। नटेश ने कहा कि कार्यक्रम की शुरूआत पोलपोल गांव में टाइगर प्रोजेक्ट क्षेत्र के जागीर गांव से पुनर्वासित किए गए लोगों के बीच स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया जाएगा। स्मार्ट क्लास का उद्घाटन वित्त मंत्री व पर्यटन मंत्री संयुक्त रूप से करेंगे।

इसके पश्चात बेतला नेशनल पार्क के बाहरी परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रयोग के तौर पर टाइगर प्रोजेक्ट क्षेत्र के जागीर गांव के लोगों को पोलपोल गांव में बसाया गया है। इसी तरह टाइगर प्रोजेक्ट क्षेत्र अंतर्गत अन्य गांव के लोगों को बसाने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके लिए उनके बीच जागरूकता लाई जा रही है। लातूर व कुजरूम गांव के लोगों को पुनर्वासित करने के लिए फिलहाल प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट क्षेत्र में फिलहाल सिल्ली से रेस्क्यू किए गए एक टाईगर सहित कूल छह टाइगर हैं। इनमें पांच टाइगर कभी छत्तीसगढ़ की ओर मूव करते हैं तो कभी बंगाल की ओर आते जाते हैं। पुणः वे सभी टाईगर पीटीआर क्षेत्र में विचरण करते रहते हैं।

कहा कि टूरिज्म के विकास के लिए टाइगर सफारी कार्यक्रम चलाया जाएगा।

टूरिज्म की संभावना को देखते हुए सुगा बांध से लोधफाल तक का विकास कार्य जारी है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र से बाहर पुटवागढ़ का प्रस्ताव भेजा गया था। पीसीसीएफ ने इसका डीपीआर बनाने का निर्देश दिया है। मौके पर साउथ के डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष व पीटीआर नॉर्थ के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश जेना मौजूद थे।

## उप प्रमुख ने किया साइकिल वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़।** कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गये सायकिल को उप प्रमुख सरयू साव ने प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्र ,छात्राओ के बीच 95 साईकल, 770कॉपी और पेनसेट का वितरण किया । इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए उप प्रमुख सरयू साव ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को समय समय पर जरूरत के समान उपलब्ध कराए जाते है आप नियमित विद्यालय आये,मन लगाकर पढाई करे और गोविंदपुर पंचायत के साथ साथ प्रखण्ड जिला के साथ झारखण्ड प्रदेश का नाम रौशन करे ।हमसे जो भी सहायता होगी हरसंभव मदद करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सोमर महतो , विद्यालय अध्यक्ष संजय महतो,उपमुखिया मुरत महतो , पूर्व मुखिया तिलक साव ,भीम राम एवं समस्त ग्रामीण शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत के आदिवासी हरिजन टोला, डुमरियाटांड, तेतरिया मोड़, उत्कर्मित प्रथमिक विद्यालय डुमरियाटांड, हरिजन टोला पारडुमरियाटांड होते हुए मुख्य मार्ग बनासो से मडमो पी. डब्लू. डी. रोड कारीमाटी तक बरसात मे कच्ची सडक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर गढ्ढे में तब्दील हो गया है। मडमो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा ने सरकार और चुने हुए जनप्रतिनिधियों से विकास के मुद्दे पर सवाल करते हुए कहा कि सड़के गढ्ढे में तब्दील होना अगर विकास का परिचायक है, तो ऐसा विकास हम सब को नामंजूर है। सभी राजनीतिक पार्टियां आदिवासी, दलित पिछड़े की विकास की बात सिर्फ चुनावी भाषणों तक करती है, चुनाव के बाद आदिवासियों एवं दलीत को उन्ही के हाल पर छोड़ दिया जाता है। आदिवासी बहुल टोला डुमरियाटांड मे तेतरिया मोड़ से कारीमाटी तक लगभग करीब दो किलोमीटर, हेमलाल मांझी घर से बहराम हांसदा



घर तक, लगभग एक किलोमीटर, अघणु मांझी के घर से खेसार तक लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क बदहाल है, और डुमरियाटांड के ये तीनो जगह की सड़क कभी बना ही नहीं है। हमारे पंचायत का दुर्भाग्य है कि आजादी के 75 साल बीतने के बाद भी अभी तक सभी सड़के बन नही पाई, और जो भी मार्ग सब खस्ताहाल हाल में है, राहगीरों का चलना दूभर, प्रतिदिन ग्रामीण गिरकर घायल होते बच्चों को गंभीर चोटें आना आम सी घटना बन गई है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों साँसद, विधायक से माँग करते हुए पंसस बहराम हांसदा ने कहा कि उपरोक्त सभी सड़को का संज्ञान लेते हुए बनाने की दिशा में उचित पहल करें, जिससे ग्रामीणों के जीवन को सरल बनाया जा सके।

# लेवी वसूलने जा रहे चार बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हजारीबाग।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चामुदोहर के समीप पुलिस ने सोमवार को लेवी वसूली की योजना बना रहे चार सशस्त्र बदमाशों को बिना नंबर प्लेट की कार समेत गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के आदेश और बरही एसडीपीओ के निर्देश पर थानाप्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तम यादव गिरोह से जुड़े अपराधी इचाक-खैरा रोड होते हुए हजारीबाग में व्यापारियों और ठेकेदारों से लेवी वसूली और धमकी देने के उद्देश्य से आ रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए गोरहर पुलिस ने चामुदोहर के पास घेराबंदी कर चारों अपराधियों को बिना नंबर प्लेट की कार से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार किया कि वे उत्तम यादव गिरोह से जुड़े हैं और हजारीबाग क्षेत्र के व्यापारियों को धमकाने व लेवी वसूलने जा रहे थे। पुलिस ने गोरहर थाना में मामला दर्ज कर लिया है और गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। थानाप्रभारी सोनू कुमार, सअनि सुरेंद्र राम, अशोक कुमार सिंह, एवं सशस्त्र बल से अनंत कुमार सिंह, संदीप कुमार, रणविजय कुमार सिंह शामिल थे।

# जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कृषि एवं पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा योजनाओं के सफल एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा कृषि, आत्मा, मत्स्य, पशुपालन, गव्य विकास, भूमि संरक्षण, बागवानी, सहकारिता, पैक्स/लैंप्स सहित अन्य विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि संचालित योजनाओं का लाभ लक्षित एवं पात्र लाभुकों तक समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पहुंचे।

खरीफ फसल के मद में बीज वितरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को शत-प्रतिशत बीज वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करने तथा केसीसी योजना में प्रगति लाने हेतु सभी बैंकर्स को साप्ताहिक रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

गव्य विकास एवं पशुपालन योजनाओं के संबंध में उपायुक्त ने कहा कि सत्यापन के उपरांत ही योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। पशुओं के टीकाकरण की जानकारी लाभुकों तक सुलभ रूप से पहुँचाने हेतु वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से संदेश प्रेषित करने का सुझाव भी दिया गया।

पैक्स/लैंप्स के माध्यम से खाद-बीज वितरण की व्यवस्था को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने एवं उनकी कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। हार्टिकल्चर विभाग को फसलों एवं संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश




प्रदान किए गए।

मत्स्य विभाग द्वारा तालाबों, जलाशयों, तिलैया एवं कोनार डैम में संचालित मत्स्य पालन गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस क्रम में उपायुक्त द्वारा समयबद्ध बीज वितरण सुनिश्चित करने एवं गोष्ठियों के माध्यम से मत्स्य पालकों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## औचक निरीक्षण

**चौपारण।** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने देर रात चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरन चिकित्सा व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां मिलीं। रोस्टर के अनुसार ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति का जायजा लेने के दौरान विधायक ने पाया कि रात्रि इमरजेंसी में मात्र एक आयुष चिकित्सक ही मौजूद थे। विधायक ने कहा कि हजारीबाग जिले के सबसे बड़े प्रखंड चौपारण में रात्रि इमरजेंसी के दौरान एमबीबीएस डॉक्टर का उपलब्ध न होना चिंता का विषय है।

## मिठाई दुकानों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आमजनों से लगातार मिल रहे शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ0 पवन कुमार के द्वारा डुमरी अनुमण्डल क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों विशेष कर मिठाईयों के विनिमार्ता एवं मिठाई दुकान के परिसरों का औचक निरीक्षण किया गया। आई0बी0पी0 पेट्रोल पम्प के पास स्थित मनोज साव के मिठाई फैक्ट्री के निरीक्षण के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अघिनियम 2006 के नियमों का उल्लंघन कर खाद्य कारोबार किया जा रहा था। संचालक के द्वारा फुड सेफ्टी का लाईसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया एवं अस्वच्छ वातावरण में खुले में मिठाईयों का विनिर्माण एवं भण्डारण किया जा रहा थां। निरीक्षण के क्रम में परिसर में करीब 50 किलो0 फंगस लगे लड्डूओं को एवं करीब 3 किलो रसगुल्ला को मौके पर ही विनष्ट कराया गया। साथ ही साथ प्रयोगशाला विशलेषण के लिए लड्डू एवं रसगुल्ला का नमूना जब्त कर खाद्य जाँच प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। फैक्ट्री संचालक को खाद्य सुरक्षा का लाइसेंस प्राप्त कर खाद्य सुरक्षा मानको के अनुरूप ही खाद्य कारोबार करने का नोटिस दिया गया। जामतारा, डुमरी में गोपाल लड्डू के परिसर का निरीक्षण कर मिठाईयों के परिवहन के लिए खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए एवं मिठाईयों को उचित तरीके से पैक कर लेबल के साथ एवं बिल/चालान के साथ ही परिवहन करने का निदेश दिया गया। फैक्ट्री से निकलने वाले दुषित जल को शुद्ध करने हेतु ट्रिटमेंट प्लांट एवं धुओं के निकासी के लिए चिमनी लगाने का निर्देश दिया गया। डुमरी चौक स्थित गोपाल भोग मिठाई के किचन का निरीक्षण कर उचित साफ-सफाई रखने/अवशिष्टों का समय से निस्तारण करने एवं मिठाईयों एवं कच्चे पद्वार्थों के भण्डारण की उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया की सभी मिठाई दुकान एवं होटल संचालक अपने परिसरों में स्वच्छता का विशेष ध्यान दें।

CMYK

## कॉरपोरेट बॉन्ड में एफडी से ज्यादा रिटर्न और जोखिम कम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नियमों और टेक्नोलॉजी में बदलावों के कारण बॉन्ड अब आम निवेशकों के लिए पहले से कहीं ज्यादा सुलभ, सुरक्षित और लाभदायक बन गए हैं। ये धीरे-धीरे लोकप्रिय होते जा रहे हैं।?भारत का कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार तेजी से बढ़ रहा है। यह 2014 में सिर्फ तीन अरब डॉलर का था, जो 2024 में बढ़कर



147 अरब डॉलर तक पहुंच गया। पिछले एक दशक में लगभग 54 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई है। यह सिर्फ वृद्धि नहीं, बल्कि निवेशकों के बढ़ते विश्वास और एक परिपक्व वित्तीय सिस्टम का सबूत भी है।

**अब खुदरा निवेशक भी बॉन्ड में हो रहे शामिल-** हाल तक कॉरपोरेट बॉन्ड में निवेश अधिकतर संस्थागत निवेशकों तक सीमित था। ऐसा इसलिए क्योंकि न्यूनतम निवेश 10 लाख या उससे अधिक था। 2023 में सेबी ने आम निवेशकों के लिए भी रास्ता खोल दिया। अब आप कई बॉन्ड में सिर्फ 10,000 रुपये से निवेश कर सकते हैं। कुछ में तो 1,000 रुपये से भी कम में निवेश संभव है। स्टॉक एक्सचेंज के जरिये एक दिन में ही निपटान होता है। बॉन्ड डीमैट खाते में भेज दिए जाते हैं। इन बदलावों ने खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाई है। ग्रिप इन्वेस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ पांच तिमाहियों में निवेश पांच गुना बढ़ा है। 71 फीसदी लोग फिर से निवेश करते हैं। कई निवेशकों ने 15 माह में लगातार फिर से निवेश कर 10 लाख या उससे ज्यादा का पोर्टफोलियो बना लिया।

## आईटीआर भरते समय इन बातों का रखें ध्यान

### नहीं आएगा नोटिस और न लगेगा जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने रिटर्न भरने के लिए कई फॉर्म जारी किए हैं। हर फॉर्म खास तरह की कमाई करने वाले और करदाताओं के लिए बनाया गया है। आपने शेयर बेचकर 1.25 लाख रुपये से ज्यादा का लॉन्ग टर्म कैपिटल गेंस अर्जित किया है या विदेशी बैंक में खाता है, तो आपको रिटर्न भरने के लिए आईटीआर फॉर्म-1 की जगह आईटीआर-2 फॉर्म चुनना होगा। गलत फॉर्म के चयन से आपका रिटर्न डिफेक्टिव माना जा सकता है।

**कमाई का हर सोर्स बताएं-** आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरते समय अपनी कमाई के हर स्रोत की जानकारी दें। चाहे वह टैक्सेबल हो या नहीं। जैसे, बचत खाते और फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज, किराये से कमाई या शेयर बाजार में डिविडेंड इनकम।

# दो दशकों में सर्वाधिक 318 प्रतिशत बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

### इस साल अब तक 141 कंपनियां बाजार में उतरीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ बाजार में जबरदस्त तेजी है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में इश्यू के जरिये निवेशकों की सबसे अधिक 318 फीसदी संपत्ति 2019 में बढ़ी है। इस दौरान छोटी एवं मझोली सहित कुल 58 कंपनियां बाजार में उतरीं। उस समय उनका बाजार पूंजीकरण 65,172 करोड़ रुपये था। अब यह पूंजी 2.72 लाख करोड़ रुपये हो गई है। एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, 2015 दूसरा सबसे बेहतर साल था। इस वर्ष में छोटी एवं मझोली सहित कुल 49 कंपनियां आईपीओ लाईं। उस समय इनकी पूंजी 84,041 करोड़ रुपये थी। अब यह पूंजी बढ़कर 3.48 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। यानी कुल 314 फीसदी का फायदा हुआ। आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में अब तक एसएमई सहित कुल 141 से ज्यादा आईपीओ आए हैं। इनके जरिये कंपनियों ने 57,332 करोड़ रुपये जुटाए। इश्यू के समय इनकी पूंजी 2.99 लाख करोड़ थी, जो अब 3.39 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है। इस अवधि में निवेशकों की संपत्ति 40,000 करोड़ बढ़ी है।

- **इस हफ्ते 7,000 करोड़ जुटाए जाएंगे-** आईपीओ के जरिये जुलाई के अंतिम सप्ताह में कुल 7,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। मुख्य और एसएमई प्लेटफॉर्म पर कुल



14 कंपनियां उतरेंगी। इसमें से नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) अकेले 4,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। विश्लेषकों का कहना है कि आईपीओ को लेकर निवेशकों में जबरदस्त दिलचस्पी दिख रही है। ग्रे मार्केट में शेयरों का अच्छा भाव चल रहा है।

### रिटर्न में प्रोस्टार्म इन्फो शीर्ष पर

स्टॉक एक्सचेंजों के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जितनी कंपनियों के आईपीओ आए हैं, उनमें अपने निवेशकों को रिटर्न देने में प्रोस्टार्म इन्फो सबसे आगे रही है। इसने 111.62 फीसदी का भारी-भरकम फायदा निवेशकों को दिया है। क्वालिटी पावर 84.05 फीसदी रिटर्न देने के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, क्वाड्रांट ने निवेशकों को 62 फीसदी का मुनाफा दिया है। बेलराइज के आईपीओ ने निवेशकों को 45.44 फीसदी, एलनबैरी ने 40.69 फीसदी और संभव स्टील ने 61.84 फीसदी का लाभ दिया है। हालांकि, पांच कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को घाटा दिया है।

### इस साल अब तक जुटाए 56,000 करोड़

इस साल जनवरी से लेकर जुलाई तक 34 कंपनियों ने 56,058 करोड़ जुटाए हैं। इसमें से अकेले जून में 8 कंपनियों ने 17,688 करोड़ जुटाए थे। जुलाई में 11,211 करोड़ जुटाए जाएंगे। अगस्त में अब तक 4 कंपनियों ने 5,583 करोड़ जुटाने के लिए अपनी तारीख की घोषणा कर दी है।

# भारत से इजरायल तक अंबर एंटरप्राइजेज कंपनी ने रचा इतिहास

### यूनिट्रॉनिक्स पर कब्जा, शेयर के चढ़े भाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की मशहूर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बनाने वाली कंपनी, अंबर एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने एक बड़ा कदम उठाया है।

कंपनी ने इजरायल की यूनिट्रॉनिक्स कंपनी में अपना कंट्रोलिंग स्टेक हासिल करने के लिए आखिरी समझौते पर दस्तखत कर दिए हैं। यह खरीदारी करीब 404 करोड़ की है। अंबर एंटरप्राइजेज ने यह सौदा अपने इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन आईएलजिन इलेक्ट्रॉनिक्स के जरिए किया है। उन्होंने यूनिट्रॉनिक्स के कुछ मुख्य शेयरधारकों से कंपनी का 40.24 प्रतिशत शेयर खरीदा है।

इस खरीदारी के बाद, अंबर और हैम शामी मिलकर यूनिट्रॉनिक्स में कुल 45.13 प्रतिशत हिस्सेदारी के मालिक बन जाएंगे। हर शेयर की कीमत इजरायली करेंसी (न्यू शेकेल) में 15.6 करोड़ तय हुई है, जो भारतीय रुपये में लगभग 404 करोड़ बैठती है। यह पूरा सौदा समझौते की तारीख से 60 कारोबारी दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा।

### बाजार का रिएक्शन

इस खबर से पहले, शुक्रवार को अंबर एंटरप्राइजेज के शेयरों में मामूली गिरावट देखी गई थी और वे 7,273.5 पर बंद हुए थे। हालांकि, पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों में 7.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। आज गिरावट भरे बाजार में भी अंबर के शेयर हरे निशान पर हैं और इनमें 1.35 पर्सेंट की तेजी है। अब यह स्टॉक 7372 रुपये पर पहुंच गया है।

### खरीदारी के पीछे की रणनीति

अंबर ने बताया कि यह कदम उसकी बड़ी रणनीति का हिस्सा है। उसका इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन अब औद्योगिक उत्पादों के क्षेत्र में भी पैर पसारना चाहता है। यूनिट्रॉनिक्स की खरीद से अंबर को अपने मौजूदा निर्माण कौशल का फायदा मिलेगा और वह भारत में जरूरी उत्पादों को स्थानीय स्तर पर बना सकेगा। इससे भारतीय बाजार में अंबर की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। साथ ही, उसे अमेरिका और यूरोप जैसे बड़े बाजारों में भी पहुंच मिलेगी। यह कदम इंडस्ट्री 4.0 (ऑटोमेशन और स्मार्ट तकनीक) की बढ़ती मांग को पूरा करने में भी मददगार होगा।

### यूनिट्रॉनिक्स कौन है

यूनिट्रॉनिक्स, जिसकी स्थापना सन 1989 में हुई थी, तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड एक जानी-मानी कंपनी है। यह औद्योगिक ऑटोमेशन उत्पाद बनाने में माहिर है। उनके प्रमुख उत्पादों में प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर, ह्यूमन-मशीन इंटरफेस, पीएलसी और एचएमआई का कॉम्बो उपकरण, और यूनीक्लाउड व ढ्ढढ्डश्च जैसी सॉफ्टवेयर सेवाएं शामिल हैं। ये उत्पाद फैक्ट्रियों और उद्योगों को स्मार्ट तरीके से चलाने में मदद करते हैं।

### मस्क का दावाः

# एआई सुनामी से बदलेगी दुनिया



### शेयरों में उतार-चढ़ाव

टेस्ला के निवेशक शेयरों में उतार-चढ़ाव के आदी हैं। बुधवार को दूसरी तिमाही के नतीजे आने के बाद गुरुवार को शेयर 8 प्रतिशत गिरे, लेकिन शुक्रवार को 4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। इस साल अब तक टेस्ला शेयर 22 प्रतिशत नीचे है, हालांकि पिछले 12 महीने में 44 प्रतिशत का उछाल भी देख चुका है।

### ● रोबोट्स से टेस्ला कमाएगी 2500 लाख करोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैन मेटियो, कैलिफोर्निया में शनिवार को टेस्ला ओनर्स ऑफ सिलिकॉन वैली इवेंट में एलन मस्क ने वर्चुअल तौर पर शिरकत की। यह आयोजन टेस्ला फैंस का ग्लोबल समुदाय है। मस्क ने यहां एक चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा, 20 अरब रोबोट्स के बाजार में टेस्ला सालाना 1 अरब ऑप्टिमस रोबोट बनाएगी। अगर हर रोबोट 2.5 लाख (मोटे अनुमान) का भी होता है, तो कमाई होगी सालाना करीब 2,500 लाख करोड़ (30 ट्रिलियन)। मस्क ने खुद माना कि यह लक्ष्य अभी हवाई किला है, लेकिन उनका विश्वास है कि एआई की रफ्तार सुपरसोनिक सुनामी जैसी है।

**ऑप्टिमस रोबोटः 2025 तक शुरू होगा उत्पादन-** टेस्ला अपनी एआई और मैन्युफैक्चरिंग तकनीक से ऑप्टिमस ह्यूमनॉइड रोबोट्स विकसित कर रहा है। मस्क के मुताबिक ऑप्टिमस वर्जन 3 अब मास प्रोडक्शन के लिए तैयार है। 2025 के अंत तक कुछ सौ रोबोट्स बनाने का लक्ष्य है (पहले लक्ष्य था हजारों)। 2026 से इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होगा।

**एआई और रोबोट्सः दुनिया का सबसे बड़ा बाजार -** मस्क का मानना है कि रोबोट्स भविष्य का सबसे बड़ा उत्पाद होंगे। एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग भी इससे सहमत हैं। फ्यूचुरम के शे बोलूर के अनुसार, दुनिया में मानव श्रम पर हर साल 4,100 लाख करोड़ (50 ट्रिलियन) खर्च होता है। रोबोट्स इस श्रम को बदलकर क्रांति ला सकते हैं।

# पैसे संभाल कर रखिए, लेंसकार्ट का जल्दी ही आ सकता है आईपीओ

**मुंबई, एजेंसी** चश्मा एवं कुछ अन्य आईवियर बनाने वाली स्टार्टअप कंपनी अ का नाम आपने सुना ही होगा। यह कंपनी चश्मे के फ्रेम बनाने से लेकर चश्मे तैयार कर बेचती है। इसकी दुकानें भी हैं और ऑनलाइन भी इसकी अच्छी-खासी उपस्थिति है। यह कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट होने की प्रक्रिया में है। जी हां, इसके शेयरहोल्डर्स ने आईपीओ लाने की योजना को मंजूरी दे दी है।

**पूंजी बाजार में पहुंचेगी कंपनी-** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों ही लेंसकार्ट के शेयरहोल्डर्स ने आईपीओ लाने की योजना को मंजूरी दी है। कंपनी रजिस्ट्रार के दफ्तर से यह जानकारी मिली है। हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक लेंसकार्ट आईपीओ के जरिए 2,150 करोड़ (250 मिलियन) जुटा सकती है। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि कंपनी कुल मिलाकर .1 बिलियन तक आईपीओ से जुटा सकती है।




- **जल्दी ही सेबी के समक्ष आवेदन-** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लेंसकार्ट जल्दी ही पूंजी बाजार के नियामक सेबी के समक्ष डीआरएचपी जमा करेगी। यदि सेबी से इसकी मंजूरी मिल जाती है तो फिर जल्दी ही इसके आईपीओ प्रोग्राम की घोषणा हो जाएगी।

### कंपनी की आमदनी कितनी

ग्लोबल निवेश फर्म ने हाल ही में लेंसकार्ट का वैल्यूएशन 6.1 बिलियन डॉलर बताया है। कोरोना काल बीतने के बाद कंपनी के बिजनेस में जबरदस्त तेजी देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में ा रेवेन्यू 43 प्रतिशत बढ़कर 5,427.7 करोड़ पर पहुंच गया था। यह इससे एक साल पहले 3,788 करोड़ था। सिर्फ यही नहीं, कंपनी का घाटा भी लगातार कम हो रहा है।

### प्रेग्नेंसी में ऐसा क या आइडिया आया

# पति संग सिर्फ 60 हजार से खड़ा कर दिया करोड़ों का कारोबार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु के कोयंबटूर से ताल्लुक रखने वाले एक कपल ने जबरदस् त कामयाबी हासिल की है। दीपिका त यागराजन और उनके पति त यागराजन ने 2020 में सिर्फ 60,000 रुपये से पुची नाम से एक मैटरनिटी फैशन ब्रांड शुरू किया था। यह ब्रांड अपनी शुरुआत से सिर्फ तीन साल के भीतर 5 करोड़ रुपये के टर्नओवर पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटने के बाद उन्होंने यह बिजनेस शुरू किया। उन्हें सही समय पर सही मौके मिले। इसका दोनों ने फायदा उठाया। पुची ब्रांड मैटरनिटी कपड़े, फीडिंग कुर्तियां, बच्चों के जरूरी सामान और कई अन्य चीजें बेचता है। आइए, यहां दीपिका त यागराजन और उनके पति त यागराजन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

- **ऐसे आया आइडिया-** पुची दीपिका और त्यागराजन के निजी



अनुभव से उपजा ब्रांड है। त्यागराजन बीटेक ग्रेजुएट हैं। उन्होंने मार्केटिंग में एमबीए किया है। वह ऑस्ट्रेलिया में रियल एस्टेट सेक टर में नौकरी करते थे। वहीं, दीपिका को अपनी प्रेग नेंसी के दौरान स्टाइलिश और आरामदायक मैटरनिटी कपड़े खोजने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। उन्होंने देखा कि बाजार में बेबी प्रोडक ट्स पर अधिक ध्यान दिया जाता था। लेकिन, ऐसे मैटरनिटी वियर की कमी थी जो महिलाओं की जरूरतों को पूरा कर सकें। यहीं से बेटे अभिमन्यु के जन्म ने उन्हें उद्यमी बनने की प्रेरणा दी। अभिमन्यु को वे प्यार से पुचीकहते हैं। पति के समर्थन से उन्होंने 60,000 रुपये की शुरुआती पूंजी के साथ कोयंबटूर में पुची की शुरुआत की। शुरुआती 10 फीडिंग ड्रेसेस को दीपिका ने खुद डिजाइन किया। ड्रेसेस को स्थानीय कारीगरों से सिलवाया। मार्च 2020 में इंस्टाग्राम पर उन्हें लॉन्च किया। शुरुआती प्रतिक्रिया जबरदस्त थी। इसने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। जल्द ही उन्होंने अपनी खुद की शॉर्पा फाई वेबसाइट लॉन्च की। इसके कुछ ही हफ्तों के बाद कोरोना महामारी के कारण देशभर में लॉकडाउन लग गया था।

- **प्रोडक्टों की रेंज बढ़ाई-** पुची ने सिर्फ मैटरनिटी और फीडिंग ड्रेसेस से शुरुआत की थी। लेकिन, अब उसने अपनी प्रोडक ट रेंज का काफी विस्तार कर लिया है। उनके लोकप्रिय उत्पादों में मैटरनिटी ड्रेसेस, फीडिंग कुर्ते, बच्चों के जरूरी सामान, खिलौने और किताबें, हैवी फ्लो मैटरनिटी सैनिटरी पैड, मां और बच्चे के लिए मैचिंग सेट, नर्सिंग एसेंशियल, पीरियड केयर उत्पाद, इंटीमेट वियर, बम्प सपोर्ट पैंट, नर्सिंग ब्रा और नर्सिंग फ्रेंडली कफ्तान शामिल हैं।

### ऑनलाइन होती है 95 प्रतिशत बिक्री

दीपिका त्यागराजन 34 साल की हैं। उनकी यात्रा तमिलनाडु के गोबिचेट्टीपलयम से शुरू हुई। वहां उनके पिता एक वकील और मां गृहिणी थीं। विजुअल कम्युनिकेशन में स्नातक की डिग्री पूरी करने के बाद उन्होंने एक तमिल समाचार चैनल में क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम किया। बाद में एक फोटोग्राफी फर्म में संचालन प्रमुख के रूप में भी काम किया। पुची ने 500 वर्ग फीट के अपने किराए के स्टोर (पीलमेडु, कोयंबटूर) से फिजिकल बिक्री शुरू की है। लेकिन, उनकी ज यादातर बिक्री (95 प्रतिशत) ऑनलाइन वेबसाइट से आती है। उनका लगभग 90 प्रतिशत व्यवसाय भारत के भीतर से आता है, जबकि बाकी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया से आता है। आज, पुची 900 से ज यादा शैलियों की पेशकश करता है। इसमें 40 प्रतिशत उनके अपने उत्पाद हैं। 60 प्रतिशत अन्य ब्रांडों के हैं। अपने पति त्यागराजन के साथ दीपिका न केवल एक सफल व्यवसाय चला रही हैं। अलबत्ता, कई अन्य महिला उद्यमियों को भी मंच प्रदान कर रही हैं।

# सर्राफा बाजार में शुरू हई रक्षाबंधन की तैयारियां, हल्के वजन के गहनों पर जोर दे रहे ज्वेलर्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रक्षाबंधन के त्योहार को अभी काफी समय है, बावजूद इसके सरार्फा बाजार अभी से इसके लिए तैयारी में जुट गया है। मुंबई के झवेरी बाजार में ज्वेलर्स हल्के वजन के आभूषण को स्टॉक करने में जुट गए हैं।

इसके साथ ही रक्षाबंधन पर सबसे अधिक बिकने वाली चांदी की राखी को लेकर भी ज्वेलर्स थोड़ी चिंता में देखे जा रहे हैं। सोने के साथ ही चांदी की कीमतें इस बार काफी अधिक होने की वजह से चांदी की राखियों की मांग में कमी आने की संभावना ज्वेलर्स को है।

हालांकि ज्वेलर्स को उम्मीद है कि रक्षाबंधन पर हल्के वजन के आभूषणों की बिक्री होगी।

**पिछले साल रक्षाबंधन में सोना 72,500 प्रति 10 ग्राम था-** मुंबई झवेरी बाजार के चांदनी ज्वेलर्स के मुकेश जैन कहते हैं कि पिछले साल रक्षाबंधन पर सोना 72,500 प्रति 10 ग्राम और चांदी 84 हजार रुपये प्रति किलो पर थे।

- **कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर होने से ब्रिकी सीमित रहने की संभावना-** बॉम्बे बुलियन एसोसिएशन के सदस्य एवं ज्वेलर एम कोठारी कहते हैं कि भारतीय सबसे अधिक 22 कैरेट से लेकर 14 और 18 कैरेट में सोने के आभूषणों की खरीदारी करते हैं। लेकिन सोने और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर होने की वजह से इस बार बिक्री सीमित रह सकती है। अगर मांग होगी तो हल्के वजन के आभूषणों की हो सकती है। चांदी की कीमतें भी आसमान छू रही हैं, इस वजह से चांदी की राखी मांग सीमित होने की संभावना है। बावजूद इसके ज्वेलर्स अच्छी बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं। क्योंकि हम अपने पुराने अनुभव से कहते हैं, त्योहारों में सोने और चांदी की बिक्री शुभता के नजरिए से की जाती रही है।

# रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण' में इस असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास की एंट्री



हाल ही में फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक जारी किया गया। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आए और साउथ एक्टर यश रावण के किरदार में दिखे। फिल्म में सीता माता की भूमिका में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी है। वहीं एक असमिया और टीवी एक्ट्रेस भी इस फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं।

## उर्मिला के किरदार में आएंगी नजर ये एक्ट्रेस

असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास फिल्म 'रामायण' में उर्मिला की भूमिका में दिखेंगी। उर्मिला माता सीता की बहन हैं। उर्मिला, प्रभु राम के भाई लक्ष्मण की पत्नी भी हैं। फिल्म में उर्मिला का त्याग भी दिखाया जाएगा। लक्ष्मण का रोल फिल्म 'रामायण' में टीवी एक्टर रवि दुबे कर रहे हैं। इस तरह से सुरभि दास और रवि दुबे साथ अभिनय करते हुए नजर आएंगे। सुरभि एक असमिया एक्ट्रेस हैं। साथ ही वह एक हिंदी टीवी सीरियल 'नीमा डेन्जोंगपा' में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा वह दादा तुमी दुस्तो बोर नाम की बंगाली फिल्म भी कर चुकी हैं। अब नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' में नजर आएंगी।

## फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हैं सुरभि दास

सुरभि दास ने हालिया बातचीत में बताया कि वह फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर और साई पल्लवी के साथ काम करके खुश हैं। वह कहती हैं, 'रणबीर कपूर बहुत ही मेहनती एक्टर हैं, उनके एक्टिंग को देखकर बहुत कुछ सीखा जा सकता है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को लकी महसूस कर रही हूं।' वह आगे कहती हैं, 'मैंने सेट पर रणबीर कपूर से बातचीत की। वह सबको रेस्पेक्ट देते हैं। शूटिंग के आखिरी दिन भी हमें नॉर्मल बातचीत की। वैसे रणबीर के मुकाबले मुझे साई पल्लवी के साथ काम करने का मौका मिला। वह बहुत प्यारी हैं। मैं बस अब फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही हूं।'



# उर्वशी रौतेला ने जेद्दा में दी दमदार परफॉर्मेंस, कहा- यह बहुत गर्व और सम्मान की बात

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने सऊदी अरब के जेद्दा में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस परफॉर्मेंस के लिए उर्वशी को 7 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि का भुगतान करना पड़ा। उर्वशी ने इस अनुभव के बारे में उत्साहित होकर कहा, मुझे बहुत गर्व और सम्मान महसूस हो रहा है कि मैंने सऊदी अरब के जेद्दा में पहली बार बतौर भारतीय महिला कलाकार परफॉर्म किया है, यह पल सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हर उस भारतीय महिला का है जो सीमाओं से परे सपने देखने की हिम्मत रखती है। उन्होंने आगे कहा, इतने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, जहां इतनी समृद्ध संस्कृति और इतिहास है, मेरे लिए यह गर्व की बात है। यह सिर्फ एक परफॉर्मेंस नहीं है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक सेतु है, महिला सशक्तीकरण का संदेश है और कला के माध्यम से वैश्विक एकता को प्रदर्शित करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में, उर्वशी अपने बेबाक अंदाज में स्टेज दमदार परफॉर्मेंस करती नजर आ रही हैं। इस दौरान दर्शकों ने उनका खूब उत्साहवर्धन किया। काले और सिल्वर रंग के आउटफिट्स के साथ कॉम्प्लिमेंट्री मेकअप और बड़े-बड़े सिल्वर इयररिंग्स में उर्वशी हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अभिनेत्री ने अपनी परफॉर्मेंस का एक वीडियो शेयर किया था। जिसमें उन्होंने लिखा, मरहबा जेद्दा, सऊदी अरब की पवित्र भूमि, मैं आपसे प्यार करती हूं। आप सभी का शाही अंदाज में मेरे और मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए बहुत शुक्रिया। मैं आपकी आभारी हूं। इस पोस्ट में उर्वशी ने सऊदी अरब के जेद्दा में अपने पहले शो के लिए वहां के स्वागत और प्यार के लिए आभार व्यक्त किया। अपकमिंग वर्क प्रोजेक्ट की बात करें तो, उर्वशी फिल्म इंडियन 3 में नजर आएंगी। कमल हसन की मुख्य भूमिका वाली यह मोस्ट अवेटेड फिल्म एस. शंकर के निर्देशन में बनेगी। इसी के साथ ही अभिनेत्री को अफताब शिवदासानी और जस्सी गिल के साथ कसूर 2 में भी देखा जाएगा।



# सैयारा के बाद कोर्टरूम ड्रामा न्याय में नजर आएंगी अनीत

अनीत पड्डा ने हाल ही में बड़े पर्दे पर सैयारा जैसी सुपरहिट फिल्म से लीड एक्ट्रेस के तौर पर धमाकेदार डेब्यू किया है। अब खबर है कि वो जल्द ही एक नए और गंभीर किरदार में नजर आने वाली हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा में दिखेंगी अनीत

एचटी डिजीटल की रिपोर्ट की मानें तो यशराज फिल्म्स से जुड़े सूत्र ने इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। ये एक सच्ची घटना से प्रेरित कोर्टरूम ड्रामा बताया जा रहा है, जिसका नाम है न्याय। ये सीरीज एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की जाएगी, जिसमें अनीत के साथ फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे।

## न्याय का दिल दहला देने वाला विषय

न्याय की कहानी एक युवा लड़की की होगी जो एक प्रभावशाली धार्मिक नेता द्वारा यौन शोषण का शिकार होती है और उसके खिलाफ अदालत में लड़ाई लड़ती है। इस सीरीज में अनीत एक 17 वर्षीय पीड़िता की भूमिका निभा रही हैं, जो न सिर्फ सामाजिक दबाव से जूझती है बल्कि कानूनी पछड़ो से भी लड़ती है। वहीं फातिमा सना शेख एक संवेदनशील पुलिस अधिकारी के किरदार में होंगी, और अर्जुन माथुर एक वकील की भूमिका निभा रहे हैं जो न्याय की इस लड़ाई में एक अहम मोड़ लाएंगे।

## सैयारा से पहले हो चुकी थी शूटिंग

ऐसा बताया जा रहा है कि न्याय की शूटिंग उस समय पूरी हो चुकी थी जब अनीत ने सैयारा साइन भी नहीं की थी। सैयारा की जबरदस्त सफलता के बाद अनीत की ये सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

## सीरीज का निर्देशन

न्याय का निर्देशन नित्या मेहरा और करण कपाड़िया ने मिलकर किया है। नित्या इससे पहले बार-बार देखो जैसी फिल्में निर्देशित कर चुकी हैं। सीरीज को एक संवेदनशील लेकिन रियलिस्टिक नजरिए से दिखाया गया है। बहरहाल सैयारा की सक्सेस के बाद अनीत के फैंस उनके इस नए प्रोजेक्ट के लिए काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



# निर्माता रोशन मैथ्यू की फिल्म में दिखाई देंगी सैयामी खेर

सेयामी खेर ने हिंदी के अलावा भी काम किया है। अब सैयामी से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है। दरअसल, अब सैयामी मलयालम सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने खुद इस खबर पर मुहर लगाई है। एक्ट्रेस ने अपनी खुशी जताते हुए कहा... मैं रोशन मैथ्यू की फिल्म में कैमियो कर रही हूं। वह एक बेहतरीन फिल्म निर्माता और अभिनेता हैं। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे हमेशा से मलयालम सिनेमा बहुत पसंद है और मैं एक दिन लीड एक्ट्रेस कि सैयामी को इन दिनों वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 में देखा जा रहा है, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। इसमें केके मेनन करण टैकर, फारुक अली और प्रकाश राज ने भी काम किया है। ये सीरीज हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। सीरीज का दूसरा पार्ट लगभग पांच साल के बाद वापस आया है। इससे पहले सैयामी, सनी देओल की फिल्म जाट में नजर आई थीं।



# मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे आमिर खान

अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन होने वाला है। सुपरस्टार आमिर खान इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस फेस्टिवल में वह भारतीय तिरंगा फहराएंगे। इस फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर की स्पेशल स्क्रीनिंग निर्धारित है। महोत्सव में सिनेमा में आमिर खान के योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच फख्र का लम्हा होगा। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया है। वह इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।

## फेस्टिवल के डायरेक्टर उत्साहित हैं

फेस्टिवल के डायरेक्टर ने कहा प्रोग्राम में आमिर खान की मौजूदगी अहम है। उनके सिनेमा ने न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में फिल्म प्रेमियों पर गहरा असर डाला है। आइएफएफएम में हम जिन मूल्यों के लिए खड़े हैं, वे हैं समानता और विविधता में एकता। हम इस लम्हे के गवाह बनने के लिए सभी इलाकों से आए दर्शकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

## महोत्सव में फिल्म बदनाम बस्ती की स्क्रीनिंग होगी

आपको बता दें विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आइएफएफएम, भारत के बाहर आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय फिल्म महोत्सव है। यह सशक्त और विविध भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस महोत्सव में फिल्म निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म बदनाम बस्ती दिखाई जाएगी। इस फिल्म को भारत की पहली समलैंगिक फिल्म बताया गया है। इस साल आइएफएफएम में लगभग 75 फिल्में प्रदर्शित होंगी। यह फिल्में लिंग, नस्ल, कामुकता, विकलांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर होगी। फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 14 से 24 अगस्त तक चलेगा।

# सपने देखें पर हिम्मत भी जरूरी



पूर्व मिस यूनिवर्स और अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन) में युवाओं को संबोधित करने के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, निमंत्रण मिलना सम्मान है, प्रेरित करना जिम्मेदारी। आईआईएमयूएन आपके जोश, सवालों और भविष्य के लिए अटूट आशा के लिए धन्यवाद। उन लोगों के बीच होना खुशी की बात थी, जो सिर्फ सपने नहीं देखते, बल्कि हिम्मत भी दिखाते हैं। अडिग रहें, विनम्र रहें। सुष्मिता ने छात्रों से कहा, लोग आपको खूबसूरत कहेंगे, लेकिन यह सिर्फ शारीरिक सुंदरता नहीं है। अगर कोई चीज आपको आत्मविश्वास देती है, तो उसे अपनाएं। यह आपका जीवन और आपकी पहचान है। खुद को स्वीकार करें, ताकि आप दूसरों का आलोचनात्मक नजरिए से मूल्यांकन न करें। सुष्मिता सेन 15 जुलाई को बांद्रा में आयोजित आईआईएमयूएन की 10वीं रोल मॉडल सीरीज में हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम का संचालन संगठन के संस्थापक ऋषभ शाह ने किया। इवेंट में सुष्मिता सेन के साथ अभिनेत्री विद्या बालन और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी शामिल हुईं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुष्मिता की वेब सीरीज आर्या काफी हिट रही है। क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज आर्या 3 में भी उनका दमदार अंदाज दिखा था।



# इस जनरेशन के बच्चे मुझे नहीं, 'श्याम' को पहचानते हैं

**फिल्म 'हेरा फेरी' में सुनील शेट्टी, परेश रावल और अक्षय कुमार की तिकड़ी ने अभिनय का ऐसा रंग जमाया कि आज भी दर्शक इनके निभाए किरदारों को याद करते हैं। हाल ही में सुनील शेट्टी ने फिल्म 'हेरा फेरी' के अपने किरदार श्याम के बारे में विस्तार से बात की। उनका कहना है कि आज की जनरेशन उन्हें नाम से नहीं किरदार से ज्यादा पहचानती है।**

## बच्चे मुझे श्याम के किरदार से पहचानते हैं'

हालिया बातचीत में सुनील शेट्टी कहते हैं, 'आज की जनरेशन मुझे नहीं पहचाती हैं लेकिन जब उनकी मम्मी 'हेरा फेरी' के श्याम का नाम लेती है, तो बच्चे मुस्कुराने लगते हैं। मैं सुनील शेट्टी नहीं 'हेरा फेरी' के श्याम के तौर पर नई जनरेशन में पहचाना जाता हूं। आज की जनरेशन ने मेरी फिल्में नहीं देखी हैं। लेकिन जब 'श्याम' का किरदार बता दो तो वह मुझे पहचान लेते हैं।'

## डायरेक्टर के विजन के कारण किरदार यादगार बनते हैं

सुनील शेट्टी आगे कहते हैं, 'बच्चे किसी कैरेक्टर से ही रिलेट करते हैं और यह तब हो पाता है, जब एक कमाल का डायरेक्टर अपनी कहानी और किरदार को बेहतरीन तरीके से पेश करता है। 'हेरा फेरी' का तो म्यूजिक भी कमाल का था, इसमें जो गाना 'पो पो..' था वह भी यूनीक था। इसी तरह से 'धड़कन और 'बॉर्डर' के गाने भी लोगों को याद रहते हैं। आज आप 'संदेश आते हैं..' सॉन्ग कहीं प्ले कीजिए लोग रोने लगते हैं, इमोशनल हो जाते हैं। इस तरह हमारे किरदार, पुराने गाने लोगों से जुड़ जाते हैं।'

## 'हेरा फेरी 3' में नजर आएंगे सुनील शेट्टी

'हेरा फेरी 3' को लेकर काफी चर्चा है, इस फिल्म का हिस्सा भी सुनील शेट्टी हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे। हाल ही में सुनील शेट्टी की एक फिल्म 'केसरी वीर' भी रिलीज हुई, इसमें उन्होंने एक योद्धा का रोल किया था।

# छावा एक्टर विनीत कुमार सिंह बने पिता



**छावा में नजर आए एक्टर विनीत कुमार सिंह एक बेटे के पिता बन गए हैं। शादी के तीन साल बाद उनके घर में किलकारियां गूंजी हैं। विनीत और पत्नी रुचिरा ने सोशल मीडिया पर फैंस संग यह गुड न्यूज शेयर की है।**

साल 2025 विनीत के लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आया है। एक तरफ उन्होंने छावा, जाट और सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव में तारीफें बटोरीं, दूसरी ओर वह पिता बन गए हैं। विनीत कुमार सिंह ने रविवार, 27 जुलाई को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए पोस्ट में लिखा, भगवान का प्रेम बरस रहा है। वो बड़े दयालु हैं। इस दुनिया में छोटे सिंह आ चुके हैं। वो पहले ही हमारा दिल चुरा रहे हैं। बेटा हुआ है। भगवान इस प्यारे से खुशी के तोहफे के लिए शुक्रिया।

# 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

### वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला; भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का फिडे महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रॉ खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

### दिव्या को 42 लाख मिलेंगे

फिडे विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं।

### विमेंस कैंडिडेट्स के लिए क्वालिफाई किया

दिव्या ने वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया।

## शादी से पहले इस एक्ट्रेस को डेट कर रहे थे सचिन तेंदुलकर! अब हुआ बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर को अक्सर त्नश्नश्च्द्ध छ्वद्धष्द्गह्ल के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों के दिलों में जगह बनाई। जहां उनकी प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा अक्सर होती रहती है, वहीं उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर कम ही बातें सामने आती हैं। हाल ही में एक पुराने किस्से ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरीं, जब बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर ने एक इंटरव्यू में सचिन तेंदुलकर से जुड़ी अफवाहों पर खुलकर बात की।

### शिल्पा शिरोडकर ने क्या कहा?

शिल्पा शिरोडकर ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि जब वह एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं, तभी उन्होंने पहली बार सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, सचिन वहीं रहते थे, जहां मेरा भाई रहता था। दोनों साथ में बांद्रा ईस्ट में क्रिकेट खेला करते थे। उसी समय मैं सचिन से मिली थी। हम अच्छे दोस्त थे और मुझे पहले से पता था कि सचिन और अंजलि एक-दूसरे को पसंद करते हैं, लेकिन तब किसी को इस बारे में जानकारी नहीं थी।

### अफेयर की अफवाहें कैसे उड़ीं?

शिल्पा ने यह भी बताया कि वे एक अभिनेत्री थीं और सचिन क्रिकेटर, इसलिए मीडिया और लोगों के लिए दोनों का नाम जोड़ना आसान हो गया। उन्होंने साफ किया कि वे सचिन से केवल एक बार मिली थीं और इसके बाद भी दोनों के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था। मुझे नहीं पता कि ऐसी अफवाहें क्यों फैलीं, लेकिन शायद इसलिए कि हम दोनों अपने-अपने फील्ड में पॉपुलर थे, उन्होंने हंसते हुए कहा।

## भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा, स्टार ऑलराउंडर टीम में शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 28 जुलाई को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है। ओवरटन को कप्तान बेन स्टोक्स के कवर के तौर पर शामिल किया गया है, जिन्हें मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग की समस्या हो गई थी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट मैच के लिए एक ऑलराउंडर जेमी ओवरटन की टीम में वापसी की है। यह मैच सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा और दोनों ही टीमें जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगी। भारतीय टीम इंग्लैंड को उनके घरेलू मैदान पर कड़ी टक्कर देगी। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज 2-2 से ड्रॉ करना चाहेगी। भले ही इंग्लैंड की टीम आक्रामक क्रिकेट खेल रही है लेकिन भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन जज्बा और संयम दिखाया है। इंग्लैंड पर दबाव बनाने के लिए पांचवें टेस्ट मैच में बल्लेबाजो को बड़ा स्कोर बनाना होगा वही गेंदबाजो को भी महत्वपूर्ण समय पर विकेट लेना होगा।

**भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम**-बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## भारत और पाक एशिया कप पर बयान देने पर बुरी तरह फंसे सौरव गांगुली, सोशल मीडिया पर हुई थू-थू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दादा के नाम से मशहूर सौरव गांगुली अपने एक हालिया बयान के चलते सोशल मीडिया पर बुरी तरह घिर गए हैं। उन्होंने एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को लेकर टिप्पणी की थी, जिसके बाद से उन्हें फैंस की भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।



### क्या कहा था गांगुली ने

एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी हो चुका है और इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। इसी मैच को लेकर जब सौरव गांगुली से पूछा गया, तो उन्होंने बात करते हुए कहा, मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। खेल चलते रहना चाहिए। पहलगाम में जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए लेकिन खेल जारी रहना चाहिए। आतंकवाद नहीं होना चाहिए, इसे रोका जाना चाहिए। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। गांगुली के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है और कई फैंस इसे संवेदनहीन बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऐसे बयान से बचना चाहिए था।

## 25 गेंदों में अर्धशतक, फाइनल में ताबड़तोड़ पारी खेलकर इस खिलाड़ी ने अपनी टीम को बनाया चैंपियन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वीमेन ब्लास्ट का फाइनल मैच सरे वूमेन और वारविकशायर वूमेन क्रिकेट टीम के बीच रविवार, 27 जुलाई को खेला गया. वारविकशायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन बनाए. सरे वूमेन टीम ने लक्ष्य को 16.4 ओवरों में हासिल कर 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया. ग्रेस हैरिस ने मैच जिताऊ पारी खेली, उन्होंने 33 गेंदों में नाबाद 63 रन बनाए.सरे वूमेन टीम की कप्तान ब्रायोनी स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. पहले ही ओवर में एलेक्सा केट स्टोनहाउस ने मेग ऑस्टिन (4) को आउट कर बड़ी सफलता दिलाई, इसके बाद अगले ही ओवर में दूसरी सलामी बल्लेबाज डेविना बिना खाता खोले आउट हो गई. वारविकशायर वूमेन टीम के लिए कोई प्लेयर बड़ी पारी नहीं खेल सका, टीम के लिए सबसे ज्यादा रन इस्सी वोंग ने बनाए. उन्होंने 19 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाए.सरे टीम के लिए सबसे किफायती फोएबे फ्रेंक्लिन रहीं, उन्होंने अपने 4 ओवरों के स्पेल में सिर्फ 16 रन देकर 2 विकेट लिए. एलेक्सा केट स्टोनहाउस ने भी 2 विकेट चटकाए. एलिस कैप्सी, रियाना मैकडोनाल्ड-गे और डेनिएल लूसी ग्रेगरी को 1-1 विकेट मिला.लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरे वूमेन टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं हुई थी, सलामी बल्लेबाज डेनियल व्याट-हॉज (5) दूसरे ही ओवर में आउट हो गई. एलिस कैप्सी के रूप में टीम का तीसरा विकेट 42 के स्कोर पर गिरने के बाद सरे टीम पर दबाव आ गया था लेकिन तब ग्रेस हैरिस ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच को एकतरफा बना दिया.

## ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर, सीएसके का यह खिलाड़ी टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चौथे टेस्ट मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगने के बाद भारतीय उप कप्तान ऋषभ पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 के पांचवे टेस्ट मैच से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए उनकी जगह तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पंत के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया और बीसीसीआई की टीम उनकी स्थिति पर नजर रख रही है। मैच के पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए पंत चोटिल हो गए जिससे कि विकेटकीपर बल्लेबाज पंत को बीच में ही मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा। फिर रवींद्र जडेजा ने वाशिंगटन सुंदर के साथ पारी को आगे बड़ाया। हालांकि पंत दूसरे दिन फिर से बल्लेबाजी करने आए और भारत के कुल स्कोर में और रन जोड़े। दूसरे दिन उन्होंने 17 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर जोफ्रा आर्चर की अच्छी गेंद पर आउट होकर वापिस ड्रेसिंग रूम जाना पड़ा।



बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा, ऋषभ पंत, जिन्हें मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया था, श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नज़र रखेगी और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पुरुष चयन समिति ने पांचवें टेस्ट के लिए ऋषभ पंत के प्रतिस्थापन के रूप में नारायण जगदीशन का नाम लिया है, जो 31 जुलाई, 2025 को केनिंग्टन ओवल, लंदन में शुरू होगा। पंत इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजो में से थे, उन्होंने सात पारियों में 479 रन बनाए, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल है।

**पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज, अर्शदीप सिंह, एन जगदीसन (विकेटकीपर)।

## वैभव सूर्यवंशी ने इन्हें कहा भारतीय क्रिकेट का योद्धा, 44 छक्के-चौके के साथ ठोके 401 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी को तो छक्के-चौके लगाते आपने खूब देखा है. मगर वो जिन्हें भारतीय क्रिकेट का योद्धा कहते हैं, वो भी कुछ कम नहीं हैं. भारतीय क्रिकेट के उन्हीं योद्धा ने अब रनों का अंबार लगाया है. बाउंड्रीज की बारिश की है. और, ऐसा करते हुए टीम का भला किया है. अब आप सोच रहे होंगे कि हम यहां भारतीय क्रिकेट के किन योद्धाओं की बात कर रहे हैं? वैभव सूर्यवंशी ने शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर को भारतीय क्रिकेट का योद्धा कहा है. वैभव सूर्यवंशी ने ऐसा अपने इन सीनियर्स को ऐसा क्यों कहा उस बारे में भी बताने की जरूरत नहीं. क्योंकि जाहिर है उसके पीछे की वजह मैनचेस्टर में दिखाया उन खिलाड़ियों का जज्बा ही है.

वैभव सूर्यवंशी ने अपनी इंस्टा स्टोरी में शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा



और वॉशिंगटन सुंदर की तस्वीर और उनके किए प्रदर्शन के आंकड़े जारी करते हुए इन खिलाड़ियों को वॉरियर्स यानी योद्धा का नाम दिया है. ये सभी खिलाड़ी ड्रॉ हुए मैनचेस्टर टेस्ट के हीरो रहे हैं.

4 योद्धा, 44 छक्के-चौके और 401 रन

केएल राहुल ने मैनचेस्टर टेस्ट को ड्रॉ कराने के लिए दूसरी पारी में 230 गेंदों का सामना करते हुए 90 रन बनाए, जिसमें 8 चौके शामिल रहे. कप्तान शुभमन गिल ने 238 गेंदों का सामना कर 12 चौके के साथ 103 रन बनाए. रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर दोनों नाबाद रहे. जडेजा ने 185 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 1 छक्का शामिल रहा तो वहीं सुंदर 206 गेंदों पर 101 रन बनाकर नॉटआउट रहे. उनकी पारी में 9 चौके और 1 छक्का शामिल रहा.

वैभव सूर्यवंशी ने मैनचेस्टर में लोहा लेने वाले इन चारों खिलाड़ियों को साथ में योद्धा का नाम दिया है. ऐसे में इन सबके बनाए रनों को भी जोड़ दें तो उन्होंने मिलकर ड्रॉ हुए मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में 44 छक्के-चौके के साथ 401 रन ठोके हैं.


### इंग्लैंड दौरे पर गरजा था वैभव सूर्यवंशी का भी बल्ला

खैर, योद्धाओं का तो सफर इंग्लैंड में अभी नहीं थमा है. पर वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड से अंडर 19 टीम के साथ लौट आए हैं. ये उनका पहला इंग्लैंड दौरा था, जहां खेली 5 वनडे की सीरीज में 1 शतक के साथ वो 355 रन बनाने में कामयाब रहे तो वहीं 2 टेस्ट की सीरीज में वैभव सूर्यवंशी ने 90 रन मारे हैं.

## सुप्रीम कोर्ट से बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को राहत, फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में एफआईआर रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शटलर लक्ष्य सेन पर साल 2022 में उम्र का गलत विवरण देने का आरोप लगा था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यह अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट ने जन्म प्रमाण में जालसाजी मामले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्य के खिलाफ एफआईआर रद्द कर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि लक्ष्य सेन के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही जारी रखना अनुचित है और यह अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शटलर लक्ष्य सेन पर साल 2022 में उम्र का गलत विवरण देने का आरोप लगा था। बेंगलुरु पुलिस ने नागराजा एमजी नाम के शख्स की शिकायत के बाद लक्ष्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। लक्ष्य सेन पर जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हुए आयु-प्रतिबंधित टूर्नामेंटों में प्रवेश पाने के लिए अपनी उम्र में हेरफेर करने का आरोप लगा था। इसके बाद एक स्थानीय अदालत ने पुलिस को लक्ष्य के खिलाफ आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया था। लक्ष्य बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन एकेडमी में प्रशिक्षण लेते हैं।



एफआईआर में नामित लोगों में लक्ष्य, उनके कोच विमल कुमार, उनके पिता धीरेंद्र सेन, उनके भाई चिराग और मां निर्मला सेन के नाम शामिल थे। लक्ष्य और बाकी लोगों पर धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (जाली रिकॉर्ड को वास्तविक के रूप में उपयोग करना) समेत विभिन्न आईपीसी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता का कहना था कि कर्नाटक बैडमिंट एसोसिएशन और कोच विमल कुमार के सहयोग से लक्ष्य ने आयु वर्ग से नीचे के प्रतियोगियों के खिलाफ खेलना शुरू किया। साथ ही उम्र को लाभ के रूप में इस्तेमाल करते हुए लक्ष्य ने कई टूर्नामेंट जीते और सरकार से कई लाभ प्राप्त किए। इससे अन्य प्रतिभाशाली बच्चों का नुकसान हुआ। शिकायतकर्ता का कहना है कि लक्ष्य का जन्म 1998 में हुआ, जबकि रिकॉर्ड बताते हैं कि लक्ष्य का जन्म 2001 में हुआ था। हालांकि, कोच विमल कुमार ने प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों का खंडन किया था। उन्होंने कहा- लक्ष्य हमारे एकेडमी में आए और मैंने उन्हें 2010 से किसी भी अन्य बच्चे की तरह प्रशिक्षित किया। मैंने सुना था कि एक परिवार एकेडमी और मेरी छवि खराब करने की कोशिश में लगा था, लेकिन इससे हमें कभी कोई परेशानी नहीं हुई।

याचिकाकर्ताओं ने 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट का रुख किया था। मामले पर सुनवाई करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट ने लक्ष्य, उनके परिवार और कोच विमल कुमार की ओर से दाखिल याचिकाओं को खारिज करते हुए फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले की जांच आदेश दिए थे। हाईकोर्ट से याचिकाएं खारिज होने के बाद लक्ष्य और उनके परिवार ने तत्काल सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद मामले पर सुनवाई करते हुए इसी साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्य और बाकी लोगों को बड़ी राहत दी थी। शीर्ष अदालत ने लक्ष्य और बाकी लोगों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर कुत्ता छोड़ा, सिपाही को बुरी तरह काटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के मुरादनगर की तेलीयान कॉलोनी में शनिवार को बिजली चोरी पकड़ने गई विजिलेंस की टीम पर जर्मन शेफर्ड कुत्ता छोड़ दिया गया। कुत्ते के काटने से एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। सिपाही को को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया,जबकि दूसरे की तलाश में पुलिस की तीन टीम दबिश दे रही है। प्रवर्तन दल की प्रभारी मनु कुमारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि नगर की तेलीयान कॉलोनी निवासी एक मकान में बिजली की चोरी हो रही और बिजली का बिल बकाया है। शनिवार को वह विद्युत विभाग के स्थानीय जेई संजय कुमार और पुलिस फोर्स के साथ उस मकान में छापा मारने पहुंचे। जब मकान पर पहुंचे तो राशिद नामक व्यक्ति ने मकान का दरवाजा खोला। टीम ने उसे बताया कि बिजली चोरी की शिकायत मिली है, इसलिए अंदर आना है। आरोप है कि राशिद ने अंदर नहीं जाने दिया और गाली-गलौच करने लगा। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद विजिलेंस टीम अंदर पहुंची और जांच करने लगी। आरोप है कि इसी बीच मकान मालिक जावेद ने टीम पर अपना पालतू कुत्ता जर्मन शेफर्ड छोड़ दिया। कुत्ता छोड़ते ही टीम के सदस्य अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि कुत्ते ने सिपाही अमर सिंह पर हमला बोल दिया और कई जगह काटकर उन्हें घायल कर दिया। वह अपनी जान बचाकर किसी तरह मुरादनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी।

### दिल्ली में जल्द लागू होगी वेयरहाउस पॉलिसी, ड्राफ्ट तैयार; मनजिंदर सिरसा ने गिनाए फायदे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जल्द ही वेयरहाउस पॉलिसी लागू हो जाएगी। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। इस पॉलिसी में वेयरहाउस संचालकों को कई तरह की सब्सिडी देने का भी प्रस्ताव है। दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि पॉलिसी के तहत दिल्ली के बाहरी इलाकों में तीन आधुनिक अर्बन कंसॉलिडेशन और लॉजिस्टिक्स डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (यूसीएलडीसी) भी बनाए जाएंगे। दिल्ली सरकार जल्द ही इस पॉलिसी पर जनता से सुझाव लेगी। सिरसा ने बताया कि लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग पॉलिसी-2025 के ड्राफ्ट में ऐसे कदम शामिल हैं, जो न केवल दिल्ली का ट्रैफिक जाम कम करेंगे बल्कि प्रदूषण घटाने और व्यापार की कार्यक्षमता बढ़ाने में भी मददगार होंगे। सरकार डेडिकेटेड लॉजिस्टिक्स हब, ग्रीन फ्रेट कॉरिडोर और टेक्नोलॉजी आधारित समाधान लागू करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि जनता से मिलने वाले सुझाव और आपत्तियों के निस्तारण के बाद वेयरहाउस पॉलिसी का अंतिम नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा और इसे लागू कर दिया जाएगा। इस पॉलिसी को उद्योग विभाग ने तैयार किया है और इसमें नियमों को सरल बनाने, आधुनिक लॉजिस्टिक्स तकनीक को जोड़ने और संसाधनों को अपग्रेड करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसका मकसद वर्षों से चली आ रही ऐसी खामियों को दूर करना है, जो दिल्ली की सप्लाई चेन को प्रभावित करती रही हैं।ड्राफ्ट पॉलिसी में वेयरहाउसिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी और प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों से वेयरहाउस शिफ्ट करने पर लीज में छूट मिलेगी। नई तकनीक, कोल्ड चेन और स्टोरेज अपग्रेड पर वित्तीय सहायता का प्रस्ताव है। खासतौर पर ग्रीन एनर्जी उपायों जैसे सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक/सीएनजी वाहनों के इस्तेमाल और ऊर्जा कुशल भवन डिजाइन पर विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। इससे प्रदूषण घटेगा और पर्यावरण को लाभ होगा। इससे लोगों को काफी फायदा होगा और एयर क्वॉलिटी सुधरेगी।

# भारतीय न्यायालयों में 5.29 करोड़ मामले लंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय न्यायालयों पर 5.29 करोड़ लंबित मामलों का भारी बोझ है, जो 21 जुलाई तक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर उपलब्ध है।

इनमें से 4.65 करोड़ मामले जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित हैं, जबकि उच्च न्यायालयों में 63.30 लाख मामले और सर्वोच्च न्यायालय में 86,742 मामले लंबित हैं।

लंबित मामलों के बढ़ते बोझ के अलावा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों को पूर्ण क्षमता से काम करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। न्याय और कानून मंत्रालय के अनुसार, 21 जुलाई, 2015 तक स्वीकृत 25,843 न्यायिक अधिकारियों की संख्या के मुकाबले निचले न्यायालयों में केवल 21,122 अधिकारी कार्यरत हैं।

**बनाई गई समितियांः** बैकलाग को कम करने के उपाय के रूप में सभी 25 उच्च न्यायालयों में पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों को निपटाने के लिए बकाया समितियां बनाई गई हैं। ऐसी बकाया समितियां अब जिला न्यायालयों के तहत भी स्थापित की गई हैं। कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने हाल ही में संसद में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में रिक्तियों को भरने के लिए उठाए गए सरकारी कदमों की जानकारी साझा की।

**मेघवाल का बयानः** मेघवाल ने कहा,



एक मई 2014 से 21 जुलाई 2025 तक सर्वोच्च न्यायालय में 70 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। इसी अवधि में 1,058 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई और 794 अतिरिक्त न्यायाधीशों को उच्च न्यायालयों में स्थायी बनाया। उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या मई 2014 में 906 से बढ़कर वर्तमान में 1,122 हो गई है।

**सांसदों व विधायकों के मामले निपटाने को 10 विशेष अदालतेंः** नौ राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में 10 विशेष न्यायालय हैं जो सांसदों और विधायकों जैसे निर्वाचित प्रतिनिधियों से संबंधित आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिए स्थापित किए गए हैं। ये न्यायालय 2017 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सांसदों/विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के लिए विशेष न्यायालय स्थापित करने के निर्देश के बाद बनाए गए थे, जो फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) के समान हैं।

**कितने फास्ट ट्रैक कोर्ट हैं कार्यरत=** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्टों को इन मामलों की प्रगति की निगरानी के लिए स्वतः संज्ञान में मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। मृत्युदंड या आजीवन कारावास वाले दंडनीय आपराधिक मामले सूची में सबसे ऊपर होने चाहिए। इसके बाद पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले आपराधिक मामले और अन्य मामले आते हैं। जून 2025 तक देशभर में कुल 865 फास्ट ट्रैक कोर्ट कार्यरत हैं।

## सिपाही को विभाग के खिलाफ 20 साल चली कानूनी जंग में मिली जीत, मुआवजा भी लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का झूठा आरोप लगने से आहत एक सिपाही ने इसके खिलाफ 20 साल कानूनी लड़ाई लड़कर सरकार से मुआवजा लिया। कानूनी लड़ाई में निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने माना कि उसके साथ गलत हुआ और वह मुआवजे का हकदार है। वर्ष 2007 में निचली अदालत द्वारा 66 हजार रुपये का मुआवजा देने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने लागू करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार. सुनील कुमार 1997 में सचिवालय सुरक्षा बल में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। वर्ष 2004 में विज्ञान भवन में तैनात थे। अप्रैल 2004 में उन्हें विभाग की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसमें कहा गया कि 8-9 अप्रैल 2004 की रात वह ड्यूटी के दौरान कमरा बंद कर सो रहे थे। उन्होंने जवाब दिया कि वह उस दिन छुट्टी पर थे। उनके जवाब पर दिसंबर 2004 में विभागीय कार्यवाही को खत्म कर दिया गया। इस अवधि के दौरान हुई मानसिक और शारीरिक परेशानियों को लेकर उन्होंने 2005 में विभाग के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया। सुनील के वकील अनिल सिंघल ने अदालत को बताया कि आरोपों के चलते सुनील काफी तनाव में थे। 3 मई 2004 को वह गिर गए, उनके दांत हिल गए। दांतों में संक्रमण होने के चलते ऑपरेशन हुआ। वह बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा नहीं दे सके।

विदेश मंत्रालय में सुरक्षा गार्ड की भर्ती का इंटरव्यू भी वह पास नहीं कर सके क्योंकि अगस्त 2004 तक उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं हुई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद वर्ष 2007 में अदालत ने 50 हजार का मुआवजा और उस पर 12 फीसदी ब्याज देने का आदेश दिया था।

निचली अदालत के इस आदेश के खिलाफ सरकार हाईकोर्ट पहुंची। सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि विभागीय कार्यवाही के दौरान हुई घटनाओं के लिए विभाग को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अक्टूबर 2024 में हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद माना कि सुनील को हुई परेशानी के लिए मुआवजा मिलना चाहिए।

## झुग्गी बस्तियों के लिए दिल्ली सरकार ने खोला खजाना, रखा 700 करोड़ का बजट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार ने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए 700 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। अगर किसी वजह से झुग्गियों को हटाया जा रहा है तो पात्र झुग्गी वालों को



मकान देने की व्यवस्था हो रही है। यह कहना है दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का। उन्होंने झुग्गी निवासियों से आग्रह किया कि वे 'आप' नेताओं की बातों में न आएं। 'आप' सरकार के समय उन्हें केवल वोटर समझा गया। लेकिन अब भाजपा सरकार उनके लिए विकास की योजनाएं बना रही है।

मुख्यमंत्री रविवार सुबह शालीमार बाग स्थित फाटक वाली झुग्गी कैंप में लोगों से मिलने पहुंचीं। इस बस्ती को हटाने के लिए रेलवे ने नोटिस जारी किया है क्योंकि यह झुग्गी बस्ती उनकी जमीन पर बसी हुई है। रेलवे द्वारा आजादपुर स्टेशन का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस झुग्गी बस्ती को हटाने को लेकर साल 2020 में सर्वे किया गया था। उस समय की आम आदमी पार्टी की सरकार ने न कोई निर्णय लिया और ना ही रेलवे से बात की। लेकिन भाजपा सरकार यहां रहने वाले लोगों के लिए योजना बनाने में लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार बेवजह झुग्गियों को हटाने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में रेल मंत्रालय से बात करेंगी और यहां के झुग्गी वालों को मकान दिलाने की व्यवस्था करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को पीतमपुरा डिस्ट्रिक्ट पार्क और शालीमार बाग स्थित करनेल वाला बाग का निरीक्षण किया।

# डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से निपटने एमसीडी की खास तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आने वाले दिनों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए तैयारियां तेज करते हुए दिल्ली नगर निगम ने शहर के तीन अस्पतालों को निगरानी केंद्र घोषित किया है। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने इस बारे में रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि एमसीडी ने हिंदू राव अस्पताल, स्वामी दयानंद अस्पताल और कस्तूरबा अस्पताल को सर्विलांस सेंटर घोषित किया है। उन्होंने बताया कि अगले कुछ दिनों में इन बीमारियों के मामले बढ़ने की आशंका को देखते हुए इन अस्पतालों में खास इंतजाम किए गए हैं और उसकी तैयारी के लिए यहां विशेष तौर पर बिस्तर और विशेष संसाधन अलग से तैयार रखे गए हैं।

शर्मा ने बताया कि तैयारियों के मद्देनजर हिंदू राव अस्पताल में 70 बेड, स्वामी दयानंद अस्पताल में 22 बेड और कस्तूरबा अस्पताल में 75 बिस्तर रिजर्व रखे गए हैं। उन्होंने कहा, इन अस्पतालों में दवाओं, ड्रिप फ्लूड और प्लेटलेट्स सहित सभी जरूरी चिकित्सा सामान पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है। साथ ही मरीजों को उचित और सही देखभाल देने के लिए डॉक्टरों,





नर्सों और तकनीकी कर्मचारियों की चौबीसों घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों को वेक्टर (छोटे-छोटे कीट व मच्छर) जनित बीमारियों से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने के लिए कहा गया है। साथ ही डेंगू के मामले बढ़ने की स्थिति में बिस्तरों और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया गया है। इसके साथ ही शहर के कुछ इलाकों में बढ़ते हैजा के मामलों को देखते हुए एमसीडी ने असुरक्षित और गंदे पेयजल वाले इलाकों में विशेष अभियान शुरू किए हैं। इसके तहत इन इलाकों में वह संक्रमण और डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए तरल क्लोरीन और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) के पैकेट वितरित कर रहा है।

इसके अलावा सत्या शर्मा ने इन बीमारियों से बचने के लिए नागरिकों को अपने घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, पानी जमा होने से रोकने और बीमारी के किसी भी लक्षण का अनुभव होने पर तुरंत करीबी अस्पताल जाकर सहायता लेने का आग्रह किया है।

# अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच ट्रेड डील फाइनल

### यूरोप से अमेरिका जाने वाली वस्तुओं पर लगेगा 15 प्रतिशत का टैरिफ

### यूरोप के 27 देशों पर लागू होगी डील

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूरोप के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने अमेरिका और यूरोपीयन यूनियन की ट्रेड डील को अब तक की सबसे बड़ी डील करार दिया है। इस डील के बाद यूरोप से अमेरिका जाने वाली वस्तुओं पर 15 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीयन यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ उनके स्कॉटलैंड स्थित गोल्फ रिसॉर्ट में ट्रंप ने हाई लेवल बैठक की। इस बैठक के बाद ट्रंप ने अमेरिका में



यूरोपीयन यूनियन (ईयू) के निर्यात पर 15 प्रतिशत का टैरिफ लगाने का एलान किया है। ? बता दें कि अमेरिका ने यूरोपीयन यूनियन के साथ ट्रेड डील फाइनल करने की आखिरी तारीख 1 अगस्त निर्धारित की थी। इसके बाद अमेरिका ईयू के सामान पर 30 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने वाला था। हालांकि, 1 अगस्त से पहले ही दोनों देशों के बीच डील हो गई है, जिससे ईयू भारी टैरिफ से भी बच गया है।

ट्रेड डील पर बात करते हुए ट्रंप ने कहा- हमने डील कर ली है। यह सभी के लिए फायदेमंद है। शायद यह अब तक की सबसे बड़ी डील साबित होगी। 157.7 लाख करोड़ का होगा व्यापार ईयू की अध्यक्ष उर्सुला का कहना है कि आने वाले तीन सालों में ईयू ऊर्जा के लिए अमेरिका से नेचुरल गैस, तेल और परमाणु ईंधन खरीदेगा। इससे हमारी रूस पर भी निर्भरता कम होगी। इस डील के बाद अमेरिका और ईयू के बीच सालाना 1.9 ट्रिलियन डॉलर (157.7 लाख करोड़ रुपये) का व्यापार होने की संभावना है।

## सीरिया में संसदीय चुनावों की तारीख की घोषणा, 15-20 सितंबर के बीच होंगे

**दमिश्क, एजेंसी।**
सीरिया में संसदीय चुनावों की घोषणा कर दी गई है। चुनाव 15 से 20 सितंबर के बीच होंगे। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद पहली बार चुनाव होंगे। चुनाव प्रक्रिया के आयोजन के लिए नियुक्त निकाय के प्रमुख ने रविवार को चुनाव के संबंध में जानकारी दी।

जनसभा चुनावों की उच्च समिति के अध्यक्ष मोहम्मद ताहा अल-अहमद ने सरकारी समाचार एजेंसी सना को बताया कि चुनाव 15 से 20 सितंबर के बीच होंगे। ये चुनाव सीरिया के लिए इसलिए खास हैं, क्योंकि दिसंबर में विद्रोहियों के तेज हमले के बाद पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद का पतन हो गया था, जिसके बाद देश की नई सरकार के तहत ये पहले चुनाव होंगे।

सीरिया की संसद में कुल 210 सीटें हैं। इनमें से एक तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा खुद लोगों को नियुक्त करेंगे, जबकि बाकी सीटों पर चुनाव होंगे। एक साक्षात्कार में, चुनाव समिति के एक अन्य सदस्य हसन अल-दाघिम ने बताया कि निर्वाचित सीटों के लिए मतदान करने हेतु सीरिया के प्रत्येक प्रांत में एक निर्वाचक मंडल स्थापित किया जाएगा।

मार्च में अल-शरा द्वारा हस्ताक्षरित एक अस्थायी संविधान में एक जन समिति के गठन का आह्वान किया गया था, जो एक स्थायी संविधान के पारित होने और आम चुनाव होने तक अंतरिम संसद के रूप में कार्य करेगी। इस प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं।

# आप फ्लाइट में नहीं बैठ सकतीं..., महिला को कॉस्मैटिक सर्जरी कराना पड़ा भारी

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
पिछले हफ्ते एक महिला कॉस्मैटिक सर्जरी के सिलसिले में पिछले हफ्ते ह्यूस्टन से मियामी गई। सर्जरी पूरी होने के बाद डॉक्टर ने उसे ट्रैवल करने की इजाजत दे दी। ऐसे में घर वापस जाने की खुशी में जब महिला एअरपोर्ट पहुंची, तो उसे फ्लाइट में नहीं चढ़ने दिया गया।

यह मामला अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित मियामी अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट का है। स्पिरिट एअरलाइंस ने महिला को वापस लौटा दिया। महिला ने बहुत गुजारिश की, लेकिन एअरलाइन ने उसकी एक नहीं सुनी।

महिला का नाम शतारिया बैंक्स है। शतारिया ने मियामी एअरपोर्ट पर हुए सलूक का वीडियो बनाया है। इस वीडियो में उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है मेरे पास मेडिकल क्लियरेंस है। मेरे डॉक्टर ने मुझे उड़ान भरने की इजाजत दे दी है। इसके बावजूद मुझे फ्लाइट में नहीं घुसने दिया गया। शतारिया के अनुसार, उनकी कॉस्मैटिक सर्जरी हुई है। उन्होंने सर्जरी से जुड़ी जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि सर्जरी के बाद पूरी रिकवरी करने पर ही उन्होंने वापस जाने का फैसला किया था। मगर स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण स्पिरिट एअरलाइंस ने उन्हें फ्लाइट में बैठने की इजाजत नहीं दी।

स्पिरिट एअरलाइंस का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। हमारे रिकॉर्ड्स दिखाते हैं कि हम मेडिकल प्रोफेशनल से सलाह लेने के बाद ही यात्रियों को बैठने की इजाजत देते हैं। मेडलिंक पर मौजूद हमारे डॉक्टर ने बताया कि शतारिया अभी ट्रैवल करने के लिए फिट नहीं हैं। उनकी सुरक्षा के लिए ही उन्हें फ्लाइट में बैठने से मना किया गया। हमने उन्हें टिकट का रिफंड दे दिया है।

स्पिरिट एअरलाइंस ने शतारिया से प्रोटोकॉल फॉलो करने की गुजारिश की और उन्हें वापस जाने के लिए कहा। शतारिया का कहना है कि सबके पास नई फ्लाइट के टिकट पर बर्बाद करने का पैसा नहीं होता है। अब वो कभी इस एअरलाइन से ट्रैवल नहीं करेंगी।

**एयरपोर्ट में सज-धजकर पहुंची महिला, चेकिंग करते ही ब्रा में हुई हलचल, सच्चाई जानकर अधिकारियों के उड़े होशः** अमेरिका के मियामी



इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक ऐसी घटना घटी, जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। फ्लोरिडा की रहने वाली एक महिला काफी सज-धज कर एयरपोर्ट पहुंची थी। जब वो चेकिंग प्रक्रिया से गुजर रही थी, तो कर्मचारियों को उनके ब्रा के अंदर कुछ हलचल महसूस हुई।

इसके बाद अधिकारियों ने महिला की तलाशी ली। तलाशी लेते ही अधिकारियों के होश उड़ गए। महिला ने ब्रा के अंदर से दो जिंदा कछुए छुपा रखा था। कछुए कपड़े और प्लास्टिक रैप में लपेटे हुए थे ताकि वे बाहर से दिखाई न दें। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी ने खुद तस्वीरें शेयर कीं और लोगों को चेताया कि वे जानवरों को कपड़ों में छिपाकर एयरपोर्ट से न लाएं। टीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हमने कई बार आग्रह किया है कि कृपया जानवरों को शरीर के अजीब हिस्सों में छिपाकर ले जाने की कोशिश न करें। कछुओं जैसे जीव भी सुरक्षा जांच से गुजर सकते हैं, लेकिन उनके लिए निर्धारित नियमों का पालन जरूरी है। अमेरिका में एयरपोर्ट पर जानवरों की तस्करी का मामला कोई नया नहीं है। इस साल मार्च में एक यात्री ने नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टीएसए सुरक्षा को भेदते हुए एक आक्रामक कछुए की तस्करी करने की कोशिश की थी। उस व्यक्ति ने इस कछुए को अपनी पैंट के सामने छिपा रखा था। अधिकारियों के अनुसार, कछुए को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था।

